चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 10 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 143, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



मानवीय संकट अस्वीकार्य, गाजा में युद्धविराम की मांग 14
'देवरा: पार्ट 1' देखकर गर्व होगा : एनटीआर 13

# रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

**पतंजलि के विज्ञापन का मामला**



- मीडिया में बयान देने पर शीर्ष अदालत ने जताई थी अप्रसन्नता

योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने अपने औषधीय उत्पादों की प्रभावकारिता के बारे में दावे करने वाले विज्ञापनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी है।

कोर्ट में दाखिल दो अलग-अलग हलफनामों में रामदेव और बालकृष्ण ने शीर्ष अदालत के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए क्षमा याचना की है। शीर्ष अदालत ने 21 नवंबर, 2023 के आदेश में कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से खासकर पतंजलि आयुर्वेद द्वारा निर्मित और विपणन किए गए उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग के संबंध में किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा। पतंजलि ने यह भी कहा था कि प्रभावकारिता के संबंध में या चिकित्सा की किसी भी पद्धति के खिलाफ कोई भी बयान किसी भी रूप में मीडिया में जारी नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड इस तरह के आश्वासन का पालन करने के लिए बाध्य है।

आश्वासन का पालन नहीं करने और उसके बाद मीडिया में बयान जारी किए जाने पर शीर्ष अदालत ने अप्रसन्नता व्यक्त की थी। न्यायालय ने बाद में पतंजलि को कारण बताओ नोटिस जारी किया कि क्यों न उसके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की जाए। शीर्ष अदालत में दाखिल अपने हलफनामे में रामदेव ने कहा है कि मैं विज्ञापनों के संबंध में बिना शर्त माफी मांगता हूं। मुझे इस गलती पर गहरा अफसोस है और मैं अदालत को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इसे दोहराया नहीं जाएगा।

# जानवर चराने जंगल में गए वृद्ध को बाघ ने मार डाला

संवाददाता, माधोटांडा (पीलीभीत)



- रानीगंज गांव का था भोलेराम, माला जंगल किनारे हुई घटना

**अमृत विचार** : जंगल किनारे जानवर चराने गए बुजुर्ग को बाघ जंगल में खींच ले गया। बाद में ग्रामीण शव जंगल से लेकर आए। पीलीभीत टाइगर रिजर्व की टीम और पुलिस ने मौका मुआयना किया।

घटना माला रेंज की जंगल सीमा पर पुरैनी दीपनगर क्षेत्र में हुई। कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव रानीगंज निवासी भोलेराम (60) मंगलवार अपराह्न गांव से करीब डेढ़ किमी दूर माला जंगल के किनारे जानवर चरा रहे थे। इसी बीच जंगल से निकले एक बाघ ने उन पर हमला कर दिया। बाघ भोलेराम को जंगल में खींच ले गया। ये देख बड़ी संख्या में ग्रामीण जंगल में घुस गए। तब तक बाघ ने भोलेराम को मार दिया। ग्रामीण भोलेराम के शव को जंगल से बाहर ले आए। माधोटांडा पुलिस, पीटीआर उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान, माला रेंजर रॉविन सिंह पहुंचे और शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि बाघ के हमले में एक ग्रामीण की मौत हुई है।

# बाबा तरसेम का हत्यारा मारा गया

संवाददाता, देहरादून



- हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में सोमवार देर रात एसटीएफ ने मार गिराया

**अमृत विचार** : नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या को अंजाम देने वाले शूटर अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू को एसटीएफ टीमों ने हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में मार गिराया। सोमवार देर रात हुई मुठभेड़ में अमरजीत का साथी भागने में सफल रहा। मौके से 32 बोर एक पिस्टल, तीन कारतूस, तीन खोखे व मोटर साइकिल बरामद हुई है।

पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने मंगलवार दोपहर कोर्ट रोड स्थित सरदार पटेल भवन में प्रेस ब्रीफिंग कर मुठभेड़ के बारे में जानकारी दी। एसटीएफ को सोमवार देर शाम सूचना मिली कि बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड को अंजाम देने वाले शूटर्स सहारनपुर से हरिद्वार के भगवानपुर-कलियर होकर मुरादाबाद जाने वाले हैं। इसके बाद उत्तराखंड एसटीएफ के उपाधीक्षक आरबी चमोला व कुमाऊं एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में टीमों ने पूरे हरिद्वार जिले में संयुक्त रूप से सघन चेकिंग शुरू की। रात्रि 12:30 बजे सटीक सूचना मिली कि भगवानपुर थाना क्षेत्र में गागलहेडी की तरफ दो संदिग्ध बदमाश बाइक से आ रहे हैं। चेकिंग प्वाइंट पर बाइक सवार दोनों संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया तो वे भगवानपुर से इमलीखेड़ा-कलियर की तरफ भागे जहां कुछ दूरी पर मौजूद पुलिस टीमों ने उन्हें घेर लिया। घिर जाने पर बदमाश फायरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लगी जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। घायल बदमाश को सिविल अस्पताल रुड़की ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बदमाश का नाम अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र सुरेंद्र सिंह पता फतेहगढ़ चूड़ियां रोड नगलीभट्टा अमृतसर पंजाब है। जोकि बाबा तरसेम सिंह की हत्या में शामिल था। उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

**रमज़ान मुबारक**

(पीलीभीत)
तीसवां रोज़ा इफ्तार 10 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:38 बजे
शिया - 06:44 बजे

(लखीमपुर)
तीसवां रोज़ा इफ्तार 10 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:31 बजे
शिया - 06:41 बजे

नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।



डिज़ाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिज़ाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# 'इंडिया' को आज भी राम मंदिर से नफरत

**प्रधानमंत्री ने पीलीभीत में जनसभा में विपक्ष पर छोड़े सियासी तीर**

**मंदिर वालों ने भेजा निमंत्रण, फिर भी ठुकरा कर किया राम का अपमान**

**माता यशवंतरी देवी और आदि गंगा गोमती को यादकर जनता को साधा**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



जनसभा में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी साथ में मुख्यमंत्री योगी, जितिन प्रसाद, छत्रपाल गंगवार और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

**अमृत विचार**: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीलीभीत में जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन पर जमकर सियासी तीर छोड़े। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को राम मंदिर से पहले भी नफरत थी और आज भी है। अयोध्या में राम मंदिर न बने, इसके लिए कांग्रेस ने लाख कोशिश की, लेकिन जब देश की जनता ने पाई-पाई देकर भव्य मंदिर बना दिया और कांग्रेस के सारे गुनाह माफ कर प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित किया तो कांग्रेस ने निमंत्रण ठुकराकर भगवान राम का ही अपमान कर दिया।

पीलीभीत के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में जनसभा मेंउन्होंने कहा कि कांग्रेस के मन में इतना जहर भरा है कि जो नेता प्राण प्रतिष्ठा में गए, उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। उन्होंने कहा कि क्या कभी ऐसा हिंदुस्तान में हो सकता है कि कोई राम की पूजा करे और उसे पार्टी से निकाल दें। सपा, कांग्रेस के इंडी गठबंधन को भारत की विरासत की परवाह नहीं है। नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कि पीलीभीत की धरती पर माता यशवंतरी देवी का आशीर्वाद है। यहां आदि गंगा मां गोमती का उद्गम स्थल है। नवरात्र पर शक्ति की पूजा की जाती है, लेकिन इंडी गठबंधन ने शक्ति को खत्म करने की सौगंध खाई है। शक्ति का कोई भी उपासक इंडी गठबंधन को इस अपमान के लिए माफ नहीं करेगा।

वहीं रामपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भारत बदल गया है। पहले पाकिस्तान भारत में कहीं भी विस्फोट करा देता था, लेकिन आज पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देता है कि हमने कुछ नहीं किया है। दुश्मन को पता है कि भारत की तरफ टेढ़ी नजर से देखेंगे तो वह मांद में घुसकर एयर स्ट्राइक से जवाब देना जानता है। यह वह भारत नहीं है जो विस्फोट और आतंकी घटनाओं पर चुप हो जाता था। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के लिए जनता से समर्थन मांगा।

### सीएए को लेकर विपक्षियों पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री ने कहा कि तुष्टिकरण के दबाव में सपा और कांग्रेस सीएए का विरोध कर रही हैं। हिंदू और सिखों को भारत नागरिकता नहीं देगा तो कौन देगा। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण के दल-दल में डूबी कांग्रेस ने घोषणा पत्र भी ऐसा दिया है जो मुस्लिम लीग का लग रहा है। कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह वोट की ताकत है। वोट से मजबूत सरकार बनी है।

### सिख गुरुओं को नमन कर दिलाई 84 के दंगों की याद

प्रधानमंत्री ने सिख गुरुओं को नमन कर आने वाले वैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बचपन से सुनते आए हैं कि सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज लड़ाऊं, तबै गुरु गोविंद सिंह नाम कहाऊं...यह बोल भारत की वीर परपंरा के प्रतीक हैं। उन्होंने 84 के दंगों की याद दिलाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी जिस कांग्रेस के साथ खड़ी है, उस कांग्रेस ने सिखों के साथ क्या किया, यह कोई भूल नहीं सकता।

### आजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है: योगी

जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले एक वोट जब गलत हाथों में जाता था, तो भ्रष्टाचारियों को और भ्रष्टाचार करने का मौका मिलता था। आज एक वोट उन्हीं भ्रष्टाचारियों को जेल में डालने का कार्य करता है। पहले देश में पथराव करने वाली, नौजवानों के रोजगार के साथ खिलवाड़ करने वाली, अन्नदाता किसानों को आत्महत्या करने को विवश करने वाली सरकारें आती थीं, लेकिन अब बदलते हुए भारत की तस्वीर और तकदीर लोग देख रहे हैं। कहा कि पीलीभीत से प्रत्याशी जितिन प्रसाद एवं बरेली से प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार को अपना आशीर्वाद के रूप में वोट देकर प्रधानमंत्री को तीसरी बार देश का नेतृत्व करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार का नारा दिया।

# हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही ठहराया

नई दिल्ली, एजेंसी

**शराब नीति मामला**

- अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री की याचिका की खारिज

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। केजरीवाल को संबंधित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी को लेकर कानूनी प्रावधानों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और केजरीवाल के ईडी रिमांड को भी अवैध नहीं ठहराया जा सकता। केजरीवाल वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी के अलावा मामले में अपने ईडी रिमांड को भी चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईडी के पास पर्याप्त सामग्री थी जिसके कारण केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई और अधीनस्थ अदालत ने एक उचित आदेश के जरिए उन्हें एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। उन्होंने कहा कि अदालत का मानना है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन नहीं है।

### बीआरएस नेता कविता की हिरासत 23 तक बढ़ी

दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने दलीलें सुनने बाद यह आदेश पारित किया।

### आप को अब शीर्ष अदालत से राहत की उम्मीद

दिल्ली उच्च न्यायालय से कोई राहत पाने में असफल होने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। उच्च न्यायालय का फैसला आने के कुछ देर बाद ही आप के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट अरविंद केजरीवाल को राहत देगा।

# अब्बास को मुख्तार की कब्र पर फातिहा पढ़ने की इजाजत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ कासगंज



**अमृत विचार** : कासगंज जेल में बंद मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने पिता की कब्र पर 10 अप्रैल को फातिहा पढ़ने की इजाजत दे दी। पिता मुख्तार अंसारी की बीती 28 मार्च को मौत के बाद भी अब्बास बाहर नहीं आ सका था।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि अब्बास अंसारी को पर्याप्त सुरक्षा के साथ पुलिस हिरासत में कासगंज जेल से गाजीपुर ले जाया जाए। इसके बाद फातिहा पढ़ने समेत अन्य कार्यक्रमों में वह शामिल हो सकेगा। 13 अप्रैल को अब्बास अंसारी को वापस कासगंज जेल लाए जाने का आदेश दिया गया है। कासगंज जेल से मंगलवार शाम 7.40 बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अब्बास को गाजीपुर के लिए रवाना किया गया। कोर्ट ने 11 और 12 अप्रैल को भी अब्बास अंसारी को अपने परिजनों से मिलने की इजाजत दी है।

# हेमा पर टिप्पणी करके सुरजेवाला फंसे, मिला नोटिस



**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को भाजपा सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ कथित अमर्यादित टिप्पणी पर कारण बताओ नोटिस जारी किया। आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी जवाब मांगा है कि नेताओं द्वारा सार्वजनिक संवाद के दौरान महिलाओं के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने के बारे में दिए गए परामर्श का कड़ाई से अनुपालन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

### कोर्ट का आप विधायक अमानतुल्ला को समन

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को ईडी द्वारा दायर एक आवेदन पर आप विधायक अमानतुल्ला खान को 20 अप्रैल को उसके सामने पेश होने का निर्देश दिया। एजेंसी ने आवेदन में दावा किया कि दिल्ली वक्फ बोर्ड द्वारा अवैध भर्ती से संबंधित धन शोधन मामले में खान कथित रूप से एजेंसी के समन को नजरअंदाज कर रहे हैं।

# पुलिस चौकी पर खाया जहर महिला की हालत बिगड़ी

संवाददाता, बांकेगंज (खीरी)

- महिला ने लगाया दरोगा पर जहर खिलाने का आरोप, अस्पताल में भर्ती

> मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। जानकारी कर ही कुछ बता सकता हूं। जांच कराई जाएगी।
> –गणेश प्रसाद साहा, एसपी

**अमृत विचार** : महिला ने पुलिस चौकी बांकेगंज में संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। दरोगा पर जबरन जहर खिलाने का आरोप है।

गंगापुर निवासी गोमती पत्नी निरंजन ने बताया कि उसने गांव पसियापुर के एक युवक को 90 हजार रुपये उधार दिए थे। कई महीने बाद भी युवक ने रुपये वापस नहीं किए तो उसने पुलिस चौकी में तहरीर दी। इसी बीच युवक की मृत्यु हो गई। महिला का कहना है कि पुलिस ने युवक के परिवार से 90 हजार रुपये ले लिए, लेकिन उसे नहीं लौटाए। उसने विरोध किया तो चौकी इंचार्ज ने कहा कि रुपये वापस नहीं मिलेंगे। आरोप लगाया कि मंगलवार को वह रुपये मांगने पुलिस चौकी गई तो दरोगा ने गाली गलौज की और जबरन जहरीला पदार्थ खिला दिया। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। उधर बांकेगंज चौकी इंचार्ज श्रीकृष्ण पाल ने बताया कि वह मैलानी थाने गए थे। महिला ने कहीं और जहर खाया और पुलिस चौकी के बाहर आते ही गिर गई। चौकी पर एक सिपाही था। उसने अन्य लोगों की मदद से महिला को बांकेगंज सीएचसी भिजवाया।

# रामलला के गर्भगृह में रखी गई सोने से निर्मित रामायण



**अयोध्या।** रामलला के जन्मोत्सव के लिए मंगलवार को सोने की रामायण समर्पित की गई। इस पुस्तक में सोने के पन्नों पर पूरी रामायण लिखी गई है, जिसे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में स्थान दिया गया है। प्राण प्रतिष्ठा के समय सेवानिवृत आईएएस अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने अपने जीवन भर की कमाई रामलला को समर्पित करने का संकल्प लिया था। पांच करोड़ की लागत से 151 किलो की रामचरित मानस को तैयार कराया गया है। जिसमें 10,902 पन्नों के महाकाव्य स्वर्ण जड़ित हैं। रामायण में लगभग 140 किलो तांबा और सात किलो सोना लगा है। सजावट के लिए अन्य धातु का प्रयोग किया गया है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि स्वर्ण जड़ित ताम्रपत्र पर लिखी गई रामायण की पुस्तक है। जिसे तमिलनाडु के राम भक्त लक्ष्मी नारायण ने रामलला को समर्पित किया है।

# बच्ची के दोनों पैर काटकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/ बिलासपुर



**तंत्र-मंत्र की आशंका**

- रविवार सुबह टॉफी लेने जाते समय लापता हो गई थी अनायजा
- बच्ची के घर से करीब 100 मीटर दूर भूखंड में कट्टे में बंद मिला शव
- पुलिस ने मामले में एक परिवार के 5 लोगों को हिरासत में लिया

**अमृत विचार** : रविवार को लापता हुई तीन वर्षीया बच्ची का शव घर से करीब 100 मीटर दूर भूखंड में कट्टे (बोरे) में बंद मिला। बच्ची के हाथ बंधे थे और दोनों पैर कटे हुए थे। परिजनों ने बच्ची की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने एक परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लिया है। बच्ची की मां रफीकन ने आरोप लगाया कि निकट ही घर में परचून की दुकान चलाने वाली महिला तंत्र-मंत्र करती है। अक्सर वहां बच्चों को जाते देखा गया है।

बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव धावनी हसनपुर में मंगलवार सुबह गांव की कुछ महिलाएं भूखंड में कूड़ा डालने गई थीं। वहां उन्होंने एक कट्टा पड़ा देखा। जिस पर मक्खियां भिनभिना रही थीं। महिलाओं ने यह बात गांव वालों को बताई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद क्षेत्राधिकारी रवि खोखर व प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे। उन्होंने कट्टे से शव को निकाला। शव की शिनाख्त लापता हुई दानिश की तीन वर्षीय बेटी अनायजा नूर के रूप में हुई। बच्ची के दोनों हाथ रस्सी से बंधे थे। दोनों पैर कटे हुए थे और चेहरे पर पॉलीथीन ढंकी थी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी भी मौके पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि आरोपी परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लिया है। प्रेम-प्रसंग व तंत्र-मंत्र समेत सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

**सर्वेक्षण** — लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की टीम ने किया सर्वे

# धर्म–आस्था के अलावा वनस्पतियों का भी केंद्र बिंदु रहा है नैमिषारण्य

**खास**

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार** : सीतापुर जिले में स्थित पौराणिक एवं धार्मिक नैमिष आरण्य में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की टीम ने सर्वेक्षण किया है, जिसमें क्षेत्र को आस्था और धर्म के साथ पौराणिक काल में भी वनस्पतियों का केंद्र बिंदु होने की पुष्टि हुई है। उत्खनन के दौरान मिली वस्तुओं पर विशेषज्ञों की एक टीम अध्ययन कर और अधिक जानकारी जुटा रही है।

### उत्खनन में मिले प्राचीन काल के खिलौने

पुरातत्व विभाग की इस टीम ने जब उत्खनन कराया तो उसमें कई प्रकार के बर्तन, औजार, शाकाहारी खाद्य पदार्थ, दीवार और फर्श एवं प्राचीनकाल के खिलौने के नमूने प्राप्त हुए। ये सभी नमूने अभी विशेषज्ञों की टीम के द्वारा अध्ययन किए जा रहे हैं।



नैमिष क्षेत्र में समय-समय पर पुरातत्व विभाग की टीम सर्वेक्षण करती रहती है। इस बार के सर्वेक्षण में 15 से अधिक तीर्थों के अलावा 50 से अधिक छोटे- बड़े मंदिरों को जोड़ा गया। पुरातत्व विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. डीपी तिवारी के निर्देशन में कराए गए सर्वेक्षण में प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव और डॉ. अरविंद त्रिपाठी शामिल रहे। सभी ने मिलकर दो माह तक लगातार खोज कार्य किया। आठ स्थानों पर हुए उत्खनन के दौरान मृदभांड और मूर्तियां प्राप्त हुईं। खोज में कुषाण काल और द्वितीय कालखंड के अलावा मध्यकाल की सभ्यता के अवशेष मिले हैं। इससे स्पष्ट हुआ है कि यह क्षेत्र वास्तव में धर्म और आस्था का प्राचीनतम केंद्र रहा ही है।



अरविंद त्रिपाठी    दुर्गेश श्रीवास्तव

### इन तीर्थ पर अध्ययन

पुरातत्व विभाग की इस टीम ने जिन तीर्थ पर अध्ययन किया, उसमें चक्र तीर्थ, मनु – शतरूपा तपस्थली, देव देवेश्वर, मिश्रिख तीर्थ, सेतु बंधु रामेश्वर, शूल भेद, दशाश्वमेध घाट और काशी कुंड शामिल है। पुरातत्व विभाग की टीम के इस सर्वे से यह तो स्पष्ट हो गया कि नैमिषारण्य क्षेत्र में गोमती नदी के किनारे से ही बस्ती का उद्गम शुरू हुआ। अनुमान लगाया गया कि यहीं से लोगों ने इस अरण्य में बसेरा बनाना शुरू किया और आज यह क्षेत्र एक सनातन सभ्यता और संस्कृति के रूप में विश्वविख्यात है।

## पूर्णागिरि जाने वाले यात्रियों के लिए नौ दिवसीय भंडारा शुरू

पूरनपुर। यहां नवरात्र के पहले दिन घरों में मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। कलश स्थापना के साथ माता का आवाहन किया गया। माता के मंदिरों में पहले दिन पूजा अर्चना करने वालों की भीड़ लगी रही। इसके अलावा चैत्र नवरात्र के पहले दिन असम हाईवे के सिरसा चौराहे पर पूर्णागिरि जाने वाले भक्तों के लिए भंडारे की शुरुआत कराई गई। दोपहर दो बजे से रात नौ बजे तक श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक रिंकू गुप्ता ने बताया कि पिछले 17 सालों से हर साल चैत्र नवरात्र पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नौ दिनों तक लोगों को भोजन कराया जाएगा। इसके अलावा पंडाल में ठहरने की व्यवस्था भी की गई है। यहां व्यवस्थापक के रूप में रिंकू गुप्ता के अलावा श्री कृष्णा शर्मा, तोताराम मयंक गुप्ता और यशपाल आदि मौजूद रहे।

### झील तो कहीं लकीर बनी नजर आ रही गोमती नदी, उद्गम स्थल से 47 किमी तक अविरल धारा बहाने में रोड़े ही रोड़े

# आखिर कौन बनेगा भागीरथ...सिसक रहीं पतित पावनी गोमती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नेताओं के भाषण की शुरुआत तो गोमती के नमन से होती है, पर नहीं देते गोमती की दुर्दशा पर ध्यान

**अमृत विचार:** जिन नदियों की वजह से देश की सभ्यता, संस्कार और संस्कृति कायम है, उन्हीं में से कुछ नदियां अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही हैं। इन्हीं में पतित पावनी गोमती नदी भी शामिल है। प्राचीन नदियों में शुमार और पीलीभीत को पहचान देने वाली गोमती नदी अपना अस्तित्व खोती जा रही है। उद्गम स्थल से लेकर जनपद की सीमा तक 47 किमी लंबे क्षेत्र में यह प्राचीन नदी कहीं झील तो कहीं लकीर बनकर रह गई है। गोमती की अविरल धारा बहाने में रोड़े ही रोड़े है। हालांकि चुनावी मौसम में जनपद के दौरे पर आने वाले राजनीतिक पार्टियों के नेता अपने भाषणों की शुरुआत पतित पावनी मां गोमती को नमन करने के साथ करते हैं, लेकिन गोमती की दुर्दशा सुधारने के लिए प्रयास किसी ने नहीं किया।

कलीनगर तहसील के माधोटांडा से सटे फुलहर गांव में ऐतिहासिक गोमती नदी का उद्गम स्थल है। करीब पांच दशक पहले तक यहां गोमती अपने पूरे वेग से बहती थी। उद्गम स्थल से 960 किलोमीटर का लंबा सफर तय करके गाजीपुर के पास गंगा नदी में मिल जाती है। उद्गम स्थल से शाहजहांपुर तक गोमती नदी का प्रवाह धीमा रहता था, लेकिन इससे आगे बढ़ने पर तमाम सहायक नदियों और नालों के मिल जाने से नदी पूरे वेग से बहने लगती थी। मगर समय के साथ जीवनदायिनी गोमती नदी अपना अस्तित्व खोती जा रही है। अतिक्रमण के चलते उद्गम स्थल से जनपद सीमा तक 47 किमी लंबे क्षेत्र में यह पौराणिक नदी कहीं झील तो कहीं लकीर जैसी नजर आ रही है। नदी के रकबे वाली जमीन पर कब्जे हो रहे हैं।

वहीं, उद्गम स्थल की तीन झीलों में 15 से ज्यादा प्राकृतिक स्रोतों में से मात्र दो-तीन ही स्रोत चालू हैं। इनसे भी न के बराबर पानी आता है। जल स्रोत बंद होने के कारण नदी सूख चुकी है।



गोमती नदी का उद्गम स्थल। ● अमृत विचार

### अस्तित्व बचाने के प्रयास तो हुए मगर धरातल पर नहीं उतर सकी कवायद

गोमती नदी की अविरल धारा बहाने को पूर्व की सरकारों द्वारा प्रयास किए गए। मगर इच्छाशक्ति की कमी के चलते प्रयास धरातल पर नहीं उतर सके। वर्ष 2018 में पीलीभीत के तत्कालीन डीएम डॉ. अखिलेश मिश्रा ने गोमती को पुनर्जीवित करने का बीड़ा उठाया था। श्रमदान से खोदाई शुरू कराई। उद्गम स्थल के सौंदर्यीकरण पर जोर देने के साथ उन्होंने स्थानीय कुंवर निर्भय सिंह, योगेश्वर सिंह आदि के सहयोग से ट्रस्ट के गठन के साथ ही गोमती मंदिर भी स्थापित कराया गया। इसके बाद तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने भी उद्गम स्थल पर विकास कार्य कराए। अविरल धारा बहाने को 51 दिन में 47 किमी तक नदी क्षेत्र की पैदल यात्रा की। शासन को चिट्ठी भी लिखी, मगर अविरल धारा नहीं बह सकी।

### चुनाव के दौरान आती है गोमती की याद, कई किमी दूर से किया जाता है मां गोमती को नमन

चुनावी मौसम में अमूमन उन मुद्दों या फिर उन स्थलों का जिक्र होता है, जिनसे जनता का लगाव या आस्था जुड़ी हो। पतित पावनी गोमती नदी के साथ भी कुछ ऐसा ही होता रहा है। वर्ष 2022 में पूरनपुर रामलीला मैदान पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण की शुरुआत मां गोमती को नमन करने के साथ की थी। उसी दौरान पीलीभीत के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में आए अमित शाह ने भी भाषण की शुरुआत मां गोमती के साथ की। सप्ताह भर पहले दो अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम इंटर कॉलेज मैदान पर आयोजित चुनावी जनसभा के दौरान अपने संबोधन की शुरुआत मां गोमती के नमन से की। माधोटांडा निवासी कुंवर फतेह बहादुर सिंह, निर्भय सिंह, महिपाल सिंह आदि को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री के आने के बाद आगामी दिनों में गोमती की बदहाल काया को राहत अवश्य मिलेगी।

# चैत्र नवरात्र: मंदिरों और घरों में गूंजा ॐ देवी शैलपुत्र्यै नमः

### पहले दिन पूजी गईं मां शैलपुत्री, सुबह से मंदिरों में लग गईं श्रद्धालुओं की कतारें, गूंजे घंटा-घड़ियाल, शाम को भजन संध्या का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र के पहले दिन मंदिरों और घरों में हवन पूजन के साथ शुभ मुहूर्त में घट स्थापना कर पहले दिन माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। घरों में पूजा करने के बाद माता यशवंतरी देवी मंदिर में दर्शन करने के लिए श्रद्धालु पहुंचे। जहां मंदिर प्रांगण मां के जयकारों से गूंज उठा। वहीं मंदिरों और घरों में नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के मंत्र गूंजते रहे।

जिलेभर में चैत्र नवरात्र के पहले दिन मंगलवार को देवी मंदिरों में भक्तों की जबरदस्त भीड़ रही। शहर के मां यशवंतरी देवी मंदिर, गोदावरी स्टेट कॉलोनी स्थित मां दुर्गा मंदिर, निरजंनकुंज कॉलोनी स्थित माता महा मातेश्वरी मंदिर, देशनगर में मां ज्वाला देवी मंदिर आदि में पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना की गई। ब्रह्म मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने घरों और मंदिरों में पूजा अर्चना की। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के चलते माता यशवंतरी देवी मंदिर का उत्तरी गेट बंद होने की वजह से श्रद्धालुओं को घूम कर जाना पड़ा। श्रद्धालुओं ने विधि विधान से कलश स्थापना की। भोर से ही श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे। हाथों में पूजन सामग्री और फूल लेकर श्रद्धालु मंदिर प्रांगण में दिखे। मंदिर में श्रद्धालुओं ने माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। मान्यता के अनुसार पहले दिन कलश स्थापना के बाद मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। पुराणों में कलश को भगवान गणेश का स्वरूप माना गया है, इसलिए नवरात्रि में पहले कलश पूजा की जाती है।

इस दौरान मंदिर परिसर मातारानी के जयकारों से गुंजायमान रहे। शाम को मां की आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। देर रात तक मंदिरों में पूजा पाठ का सिलसिला चलता रहा। इधर दोपहर में महिलाओं ने मंदिरों में भजन संध्या की। शहर के निरंजनकुंज कॉलोनी में माता महा मातेश्वरी देवी मंदिर और गोदावरी स्टेट कॉलोनी की महिलाओं ने ढोलक की थाप पर माता के छंद गाए। भजनों पर छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य भी किया। जिसके बाद शाम छह बजे मंदिरों और घरों में माता की आरती करने के बाद फलाहार किया गया। अब बुधवार को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाएगी।



नवरात्र के पहले दिन माता यशवंतरी देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।



शहर के गोदावरी स्टेट कॉलोनी में मां दुर्गा मंदिर में भजन गातीं महिलाएं।

### यशवंतरी देवी मंदिर में चैत्र मेले की तैयारियां शुरू

यशवंतरी देवी मंदिर में दशकों से चैत्र का मेला आयोजित होता आ रहा है। इस बार भी चैत्र मेले का आयोजन किया जाएगा। हर बार मेले में बरेली, लखीमपुर, बदायूं, अलीगढ़, कासगंज से श्रद्धालु मां को झंडी चढ़ाने के लिए आते हैं। इस बार मेले में तमाम तरह के झूले और फल आदि की दुकानें लगी है। जिसमें रेस बाइकिंग, ट्रेन आदि मनोरंजन के साधन की व्यवस्था कराई गई है। मेले में जयपुर, रामपुर, बरेली, कानपुर लखनऊ के दुकानदार अपनी दुकान सजाई है। हालांकि अभी मेला शुरू होने में दो से तीन दिन लगेंगे।

### दिनभर मंदिरों में गूंजते रहे घंटा-घड़ियाल

बीसलपुर। चैत्र नवरात्र के पहले दिन नगर के ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में बने मंदिरों पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही मंदिरों के बाहर लाइन लगना शुरू हो गई। माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। वहीं कई मंदिरों में भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। मंगलवार को भोर से ही नगर के बड़ा देवी मंदिर, नव दुर्गा मंदिर, छोटा देवी मंदिर, बंगाली बाबा मंदिर, काल भैरव मंदिर, बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर, बेनी राम मंदिर, सूरज कॉलोनी स्थित देवेश्वर नीलकंठ महादेव मंदिर सहित क्षेत्र के सभी मंदिरों में मां दुर्गा की पूजा अर्चना की गई। घरों में कलश स्थापना करते हुए मां की आराधना की गई। कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। इधर, ग्रामीण अंचलों में भी चैत्र नवरात्र पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर माता रानी की पूजा अर्चना की।

### मनाया नववर्ष कार्यक्रम

मझोला। स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती शिशु मंदिर, चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मझोला में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के मौके पर नववर्ष कार्यक्रम संयुक्त रूप से मनाया गया। प्रबंधक डॉ. सुरेंद्र नाथ सिंह, अध्यक्ष विजय कुमार भाटिया, स्वयंसेवक ग्यारसी लाल, प्रधानाचार्य धनपाल सिंह, भानु प्रताप सिंह ने भगवा ध्वज के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन किया। प्रधानाचार्य ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के बारे में विस्तार से बताया।

# छुट्टा पशुओं से किसानों को नहीं मिल रही निजात



बिलसंडा - बीसलपुर मार्ग से गुजरता छुट्टा पशुओं का झुंड। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

- लोकसभा चुनाव के शोर में गुम हो गई किसानों की आवाज

**अमृत विचार:** छुट्टा पशुओं की समस्या से जूझ रहे किसानों को निजात मिलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान में दस दिन बाकी है, लेकिन चुनावी शोर के बीच छुट्टा पशुओं का मुद्दा गुम है।

वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान छुटटा पशुओं का मुद्दा गरमाया था। उस वक्त जल्द ही छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने का किसानों को आश्वासन दिया था लेकिन अभी भी पूर्णतया समस्या हल नहीं हो सकी है। अब चूंकि लोकसभा चुनाव को लेकर उन्नीस अप्रैल को मतदान होना है। किसान परेशान हैं।

सड़कों पर छुट्टा पशुओं की भरमार है, लेकिन इस पर कोई बात नहीं हो रही है। लोग इस पर खुलकर बात कर रहे हैं लेकिन राजनीति में मुद्दा गायब है। सड़कों पर भी पशुओं के झुंड विचरण कर रहे हैं। दुर्घटनाएं भी हो रही है। कस्बा बमरौली निवासी कृषक कीरत राम वर्मा का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों से छुट्टा पशुओं की वजह से किसान परेशान है। रखवाली में जरा सी भी चूक होने पर छुट्टा पशुओं के झुंड खेतों में घुसकर फसल खराब कर देते हैं। गांव मरौरी खास निवासी कृषक एवं सेवानिवृत्त फौजी अनिल सिंह का कहना है कि छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने की जिम्मेदारी कोई नहीं निभा रहा। खामियाजा किसानों को ही भुगतना पड़ रहा है।

### कान्हा गोशाला का कार्य रुका

बमरोली मार्ग पर सवा करोड़ की लागत से बनने वाली गोशाला कई वर्षों से निर्माणाधीन है। लेटलतीफी के कारण गोशाला के निर्माण का कार्य रुका है। हालांकि नगर पंचायत प्रशासन ने नई पानी की टंकी परिसर में एक अस्थाई कान्हा गोशाला संचालित कराई है। उसमें भी गोवंश की तादाद कम है। ग्रामीण अंचलों की अन्य गोशालाओं का हाल भी किसी से छिपा नहीं है।


# वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्डों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO, TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड ★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन। ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**


# बाघ खींचकर ले गया बुजुर्ग को तो ग्रामीण जंगल से निकाल लाए शव

संवाददाता, माधोटांडा (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के एक बाघ ने एक और जान ले ली। ग्रामीणों के मुताबिक हमले के बाद बाघ किसान को जंगल के अंदर खींचकर ले गया था। इसकी सूचना मिलने पर आसपास गांवों के लोग मौके पर जमा हो गए। लोग हिम्मत करके जंगल के अंदर घुस गए और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को तलाशने के बाद बाहर ले आए। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है।

मंगलवार को बाघ ने हमला करके रानीगंज निवासी बुजुर्ग किसान भोलेराम की की जान ले ली। ग्रामीणों के मुताबिक बाघ किसान को खींचकर जंगल के भीतर ले गया। किसान के चीखने की आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने शोर मचाया। बाघ के हमले की जानकारी लगते ही भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। भीड़ में शामिल लोग भोलेराम को तलाशते हुए खेतों से होते हुए जंगल के भीतर जा पहुंचे। शोर-शराबा सुनकर बाघ किसान को छोड़कर भाग निकला। मगर भीड़ के पहुंचने से पहले भोलेराम की मौत हो चुकी थी। हमले से आक्रोशित भीड़ भोलेराम के शव को लेकर जंगल से बाहर आ गई। इस बीच सूचना मिलने पर माधोटांडा पुलिस मौके पर पहुंच चुकी थी। कुछ देर बाद पीटीआर के उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान भी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए।



घटना के बाद मौके पर एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

- बाघ के हमले में किसान की मौत का मामला, शोर मचाने पर शव छोड़कर भाग गया बाघ



किसान की मौत पर विलाप करते परिजन।

### घटनास्थल को लेकर असमंजस बरकरार

घटनास्थल को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों और किसान के परिजनों के मुताबिक किसान जंगल से बाहर पशुओं का चरा रहा था तभी उस पर बाघ ने हमला किया और उसे जंगल में खींच ले गया। वहीं, पीटीआर के वन अफसरों का कहना है कि ग्रामीण जंगल क्षेत्र के अंदर गया हुआ था। जंगल में ही बाघ ने उस पर हमला किया है। जिससे उसकी मौत हुई है।

### पुलिस जबरन उठा ले गई किसान का शव

घटना की जानकारी लगते ही किसान भोलेराम के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सभी शव के चारों ओर विलाप कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने शव को उठाने का प्रयास किया। परिजनों ने भोलेराम की पुत्रियों के आने के बाद ही शव उठाने की बात की। बताते हैं कि पुलिस ने परिजनों की बातों को अनसुना कर दिया और बिना पंचनामा भरे शव को वाहन में लादकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मजदूरी कर गुजर करता है परिवार

ग्रामीणों के मुताबिक भोले राम के दो पुत्र धर्मपाल और जागेश और चार पुत्रियां ललिता, मंदोदरी, रतन कलां और पूनम देवी हैं। बताते हैं कि भोलेराम के पास मात्र डेढ़ एकड़ कृषि भूमि है। परिवार बड़ा होने के चलते मजदूरी कर अपना भरण-पोषण करता है।



The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919


द्वितीय ब्रह्मचारिणी


दूसरे नवरात्र में मां के ब्रह्मचारिणी एवं तपश्चारिणी रूप को पूजा जाता है। जो साधक मां के इस रूप की पूजा करते हैं उन्हें तप, त्याग, वैराग्य, संयम और सदाचार की प्राप्ति होती है और जीवन में वे जिस बात का संकल्प कर लेते हैं उसे पूरा करके ही रहते हैं। देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा से मंगल दोष खत्म होता है।
बीज मंत्र-ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः।
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

आप सभी जनपदवासियों को चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
संस्थान का कोड 2493 N.C.V.T.
श्रम मंत्रालय भारत सरकार एवं D.G.E.T. द्वारा मान्यता प्राप्त
भारत सरकार द्वारा स्ट्राइव योजना में चयनित बरेली मंडल में एकमात्र निजी आईटीआई
बाला जी आई.टी.आई.
टनकपुर रोड, सैदपुर, पीलीभीत

दीपक सक्सेना (प्रबंधक)
विकास सक्सेना (प्रधानाचार्य)
मो. 9997018672, 9457893850

रमज़ान मुबारक
तीसवां रोज़ा इफ्तार
10 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:38 बजे
शिया - 06:44 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

### विपक्ष को दिखाया आइना, विस्थापित हिंदू और सिखों की नागरिकता को मुद्दा बनाया, स्थानीय से लेकर राष्ट्र हित के मुद्दों पर की बात, फिर मांगा जनता का साथ

# हर वर्ग को साधने की कोशिश, कमल खिलाने की जिम्मेदारी जनता को सौंपी

वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचारः** नवरात्र के पहले दिन मंगलवार को तराई की धरती पर पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हुआ। जनसभा स्थल पर मोदी को सुनने और उनकी एक झलक पाने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंच से दिग्गज नेताओं के बीच सुबह से ही मतदाताओं को केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाने का दौर शुरू हो गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सात दिन में दूसरी बार पीलीभीत वासियों को संबोधित किया। मंच पर पहुंचने के बाद अपने 31 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सादगी भरे अंदाज में हर वर्ग को साधने की कोशिश की। स्थानीय से लेकर राष्ट्र हित के मुद्दों पर बात की और विपक्षी दलों को आईना दिखाया।


ड्रमंड कॉलेज में सभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11. 25 बजे सभास्थल ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचे। सबसे पहले हाथ जोड़कर सभा में उमड़ी भीड़ को नमन किया। 11.43 बजे भारत माता का जयकारा लगाने के साथ अपने भाषण की शुरुआत की। पहले हिंदू नववर्ष, नवरात्र और आगामी वैशाखी पर्व की शुभकामनाएं दीं। शक्ति स्वरूपा माता, बहन और बेटियों से आशीर्वाद मांगते हुए महिला मतदाताओं को साधने का प्रयास किया। विदेशों में भारत की पिछले 10 साल में बदली तस्वीर के उदाहरण दिए। चाहे कोरोना काल में विभिन्न देशों को दवाएं और वैक्सीन देकर की गई मदद हो या फिर सीमाओं पर सुरक्षा की बात।

विकसित भारत के संकल्प के साथ किए जा रहे कामों को जनता के बीच रखा। मतदाताओं को एक-एक वोट की ताकत का बखूबी एहसास कराया। भाजपा की सरकार में कराए गए कार्यों का श्रेय जनता को यह कहकर दिया कि आपने वोट का सही इस्तेमाल कर सशक्त सरकार चुनी तब जाकर ये हो सका। विकास कार्यों में वंदे भारत ट्रेन से लेकर पीलीभीत में ब्रॉडगेज का काम पूरा होने के बाद शुरू की गई ट्रेनों का भी जिक्र किया। पूरनपुर के शारदा पार की बड़ी आबादी को साधने के लिए धनाराघाट के पुल निर्माण की स्वीकृति को वहां बसे लोगों के विकास को गति देने से जोड़ा। यूरिया की कालाबाजारी और गन्ना मूल्य भुगतान की लेट लतीफी समेत अन्य खेती से जुड़े मुद्दों पर किए गए काम, पीएम सम्मान निधि योजना से हुए लाभ, अनाज भंडारण गोदाम से लेकर ड्रोन से खेती के नए विस्तारीणकरण के मुद्द्े पर अन्नदाताओं को साधने का प्रयास किया। लखपति दीदी पर भी बात की। भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण, प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में विपक्षी दलों के न पहुंचने और निमंत्रण ठुकराने की बात को प्रभु राम के अपमान से जोड़कर न सिर्फ विपक्षी दलों को घेरा, बल्कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर भी हिंदुत्व कार्ड खेल गए। फिर चाहे सीएए को लेकर नागरिकता की बात हो, या फिर भाजपा सरकार में कराए गए अन्य काम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी सराहना की।

### घर-घर जाकर बताना, मोदी ने प्रणाम भेजा है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की शुरुआत से लेकर अंत तक जनता का पल-पल उत्साह बढ़ता दिखाई दे रहा था। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील करते हुए जब अचानक मोदी ने सवाल कर दिया कि उनका एक निजी काम करोगे या नहीं..। बड़े सरल व सहज अंदाज में कहा कि अब घर-घर जाना है, कुंडी खटखटाना और सबको बताना कि मोदी ने उनके लिए प्रणाम भेजा है। एक तरह से सभास्थल पर मौजूद हर किसी को जीत की जिम्मेदारी मोदी निजी काम बताकर दे गए।

### पीलीभीत से छत्रपाल का माहौल भी बनाया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में बड़ी संख्या में भीड़ रही। सभा भले पीलीभीत में हुई, लेकिन यहां से ही बरेली सीट पर कमल खिलाने के लिए माहौल बनाने का प्रयास किया गया। मंच से ही पीलीभीत प्रत्याशी जितिन प्रसाद के साथ बरेली के प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार के लिए आशीर्वाद मांगा। मंच पर पहुंचने के बाद मोदी ने हर तरफ नजर डाली और फिर जब भाषण देना शुरू किया तो सबसे पहले जनसभा में पहुंचे लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज नवरात्र का पहला दिन है। माताओं-बहनों का व्रत भी होगा। बोले- ऐसे समय में इतनी बड़ी रैली अजूबा है। शक्ति स्वरूपा माताएं, बहनें और बेटियां मोदी को आशीर्वाद देने के लिए आई हैं।

# शंख की ध्वनि के बीच गूंजे मोदी- योगी के नारे, भीड़ में दिखा जबरदस्त उत्साह

### प्रधानमंत्री को देखने के लिए तपती धूप और तेज गर्मी में कई किमी पैदल चलकर पहुंचे लोग


शंखनाद करते पंडित संतोष मिश्रा।


मोदी को देखने के लिए सड़क पर काफिले का इंतजार करते समर्थक।

सौरभ सिंह, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पीलीभीत आगमन पर लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। नवरात्र का पहला दिन होने के बावजूद ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज ग्राउंड में आयोजित जनसभा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मोदी -योगी को देखने के लिए लोगों को कई किमी की दूरी पैदल तय करनी पड़ी। पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंच पर पहुंचे। फिर तो शंख की ध्वनि के बीच मोदी -योगी के नारे गूंजते रहे। खास बात यह कि जनसभा समाप्त होने पर प्रधानमंत्री के बाद भी सभा स्थल पर बजते मोदी के गीतों पर लोग थिरकते रहे।

पिछले कई दिनों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपाई तैयारियां कर रहे थे। केंद्र व प्रदेश सरकार के तमाम मंत्रियों के अलावा भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं ने कमान संभाल रखी थी। मंगलवार को सुबह से ही जनसभा स्थल पर प्रधानमंत्री को देखने के लिए भीड़ पहुंचना शुरू हो गई थी। प्रशासन की ओर से चिह्नित किए गए पार्किंग स्थलों तक लोग अपने वाहन से पहुंचे। वहां से जनसभा स्थल तक पैदल जाना पड़ा। मोदी व योगी के कटआउट लेकर नारे लगाते हुए लोग सभा स्थल पर पहुंचते रहे थे। सुबह दस बजे तक जनसभा स्थल पूरी तरह भर गया। 10.17 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभा स्थल पहुंचे। उन्हें देखते ही पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। लोगों ने शंख बजाना शुरू कर दिए। मुख्यमंत्री परिसर में ही बने कैप में कुछ देर ठहरे। इसके बाद 10.36 बजे मंच पर पहुंचे। जहां पहले से मौजूद भाजपा नेताओं ने उनका अभिवादन किया। 11.32 बजे मुख्यमंत्री का संबोधन शुरू हुआ। इसमें विकास कार्य गिनाए और विपक्षी दलों को घेरा। करीब दस मिनट तक उनका भाषण रहा। इसके बाद 11. 43 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला जनसभा स्थल पहुंचा, जिसे देख भीड़ उत्साहित हो उठी। मंच पर पहुंचे मोदी ने जनता का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। फिर कई बार शंख की ध्वनि के साथ मोदी-योगी के नारे गूंजते रहे। भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता ही नहीं, आम जनता में भी गजब का जोश दिखाई दिया। 12.14 बजे प्रधानमंत्री मोदी ने अपना भाषण समाप्त किया। जिसके बाद मंच से नेताओं के जाने के बाद सभास्थल पर बजाए गए मोदी-योगी से जुड़े गीतों पर ही कार्यकर्ता थिरकते रहे।


मंच पर प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी के साथ सांसद संतोष गंगार, रजनीकांत माहेश्वरी, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल व अन्य।

### मंच पर ये भी रहे मौजूद

जनसभा के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, क्लस्टर इंचार्ज एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष रजनीकांत माहेश्वरी, केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, बरेली सांसद संतोष गंगवार, गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, जिलाध्यक्ष पीलीभीत संजीव प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर समेत कई सांसद, विधायक, चेयरमैन, ब्लॉक प्रमुख आदि मौजूद रहे।


ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर आयोजित मोदी की जनसभा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

### ढोल नगाड़ों पर थिरकते हुए पहुंचे युवा

गांधी स्टेडियम रोड पर युवाओं की टोलियां मोदी -योगी का कटआउट लेकर ढोल नगाड़ों पर थिरकते हुए जनसभा स्थल तक पहुंची। मंगलवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रहा। धूप तेज रही लेकिन पहली बार आए मोदी को देखने के लिए उत्साह अधिक रहा। पंडाल में जगह नहीं मिली तो दूर सीढ़ियों और दीवार पर बैठ गए। महिला और बच्चे भी थे। पहले तो उनके चेहरे पर परेशानी दिखी लेकिन मोदी -योगी के आते ही उत्साहित हो गए।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मां दुर्गा का चित्र भेंट करती भाजपा नेत्री। ● अमृत विचार

## मंच पर मिली आधी आबादी को तरजीह

**पीलीभीत।** आरक्षित सीटों पर महिलाओं को चुनाव तो लड़ाया जाता है, जीत होने के बाद आधी आबादी महज मुखौटा बनकर रह जाती है। जनपद में भी इस तरह के कई चेहरे हैं। मोदी की जनसभा में आधी आबादी को मंच पर न सिर्फ तरजीह मिली, बल्कि मोदी भी उनसे रूबरू हुए। मंच पर तमाम दिग्गज मौजूद होने के बावजूद जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर, नगर पालिका चेयरमैन पीलीभीत डॉ. आस्था अग्रवाल, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, बहेड़ी चेयरमैन रश्मि जायसवाल, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा को स्थान मिला। मंच संचालन की जिम्मेदारी पीलीभीत चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने संभाली। मोदी मंच पर पहुंचे तो मरौरी ब्लॉक प्रमुख उनके चरण स्पर्श करने के लिए आगे बढ़ीं। इस पर मोदी ने न सिर्फ ऐसा करने से रोका, बल्कि हाथ जोड़ते हुए झुककर शक्ति स्वरूपा के रूप में उन सभी को नमन भी किया। फिर मंचासीन भाजपा की पांचों महिला नेताओं की ओर से प्रधानमंत्री को मां दुर्गा का चित्र और दुशाला भेंट की गई। इससे पहले पीलीभीत की बांसुरी भी भेंट की गई थी।


गौहनिया चौराहा से राहगीर को रोकते सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी। ● अमृत विचार

## बैरियर लगाकर बंद किए रास्ते, लोग परेशान

- प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर किया गया था रूट डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर शहर में रूट डायवर्जन किया गया था। चिह्नित प्वाइंटों पर बैरियर लगाने के साथ पुलिस बल तैनात किया गया था। बावजूद इसके कुछ राहगीर नो एंट्री इलाके में जा पहुंचे, जिन्हें लौटा दिया गया। इससे राहगीरों को दिक्कत हुई। प्रधानमंत्री के चले जाने के बाद दोपहर करीब दो बजे सभी रास्ते खोल दिए गए।

प्रधानमंत्री के लिए टनकपुर हाईवे स्थित मोमिनगंज गांव के पास हेलीपैड बनाया गया था। इससे गौहनिया चौराहा से कचहरी की तरफ जाने वाले रास्ते को सुबह छह बजे से ही पूर्णतया बंद कर दिया था। दोनों तरफ बैरियर लगाकर पुलिस बल तैनात होने के साथ खुद अधिकारी कमान संभाले हुए थे। उत्तराखंड समेत अन्य बाहरी जनपदों की ओर आने-जाने वाले वाहनों का रास्ता भी तय कर दिया था।

आवास विकास से नकटादाना, विद्या मंदिर चौराहा की तरफ, बिजली घर तिराहे से ठेका चौकी तरफ, सुनगढ़ी चौराहा से गौहनिया चौराहा, गन्ना तिराहा से गौहनिया चौराहा, वाले मियां मजार की मजार से नकटादाना चौराहा, बेनहर स्कूल की तरफ से विद्या मंदिर चौराहा, पुष्प इंटरनेशनल स्कूल के पास से रेलवे लाइन से सिविल लाइन पुलिस चौकी, बेनहर गुरुकुल स्कूल से कचहरी की तरफ और महाकालेश्वर मंदिर के सामने दियूनीकेसरपुर गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर भी बैरियर लगाकर आवागमन सुबह छह बजे से ही बंद था। इसके बाद भी कई राहगीर बंद किए गए रास्तों की तरफ पहुंच गए। मगर उन्हें फोर्स ने रोका और वापस कर दिया। प्रशासन ने इस दायरे में आने वाले 40 स्कूलों का अवकाश घोषित कर दिया था और कचहरी में भी अधिवक्ताओं ने हड़ताल कर दी थी। जिसके चलते अधिक दिक्कत नहीं हुई। मुख्य मार्गों के बंद होने से गली मोहल्लों की तरफ ट्रैफिक बढ़ा रहा।

### दोपहर में खुल गए पेट्रोल पंप

जनसभा स्थल के आसपास के पेट्रोल पंप भी बंद करा दिए गए थे। जनसभा संपन्न होने के बाद दोपहर को पेट्रोल पंप भी खोल दिए गए। चूंकि मंगलवार के दिन वैसे भी साप्ताहिक बंदी रहती है, तो बाजार पर इसका अधिक असर नहीं रहा। छतरी चौराहा, गांधी स्टेडियम रोड पर खोखे ठेले भी बंद रहे।

## काले कपड़े उतरवाकर मोदी के फोटो वाली टी-शर्ट पहनाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री सभा में काले रंग के कपड़ों पर प्रतिबंध लगा था। फिर भी प्रधानमंत्री की जनसभा में बड़ी संख्या में लोग काले रंग की शर्ट और टी-शर्ट पहनकर जा पहुंचे। इस पर वहां मुस्तैद सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें गांधी स्टेडियम रोड पर ही रोक दिया गया, जिससे लोगों के चेहरे पर मायूसी छा गई। कई महिलाएं काले रंग का पर्स लेकर पहुंची थीं, उन्हें भी अंदर जाने से रोक दिया गया। महिलाएं तो बैरिकेडिंग की बल्लियों में पर्स बांधकर जनसभा स्थल पर चली गईं। युवकों को काली शर्ट व टी शर्ट उतरवाकर उसकी जगह मोदी के चेहरे वाली सफेद रंग की टी-शर्ट पहनने को दी गई। इसके बाद उन्हें जनसभा स्थल जाने दिया गया। सभा की समाप्ति के बाद उतारे गए काले कपड़े वापस लेने को भी होड़ मची रही। भारतीय जनता पार्टी की ओर से कुछ नेताओं को गेट पर भी लगाया गया था, जो कार्यकर्ताओं के पास बनाते रहे।


पुलिस ने रोका तो महिला ने बल्ली पर लटका दिया काले रंग का पर्स।


गांधी स्टेडियम रोड पर एकत्र पुलिस ने रोके काले कपड़े पहने लोग।

## मंच से मोदी ने किया सीधा संवाद

- युद्धग्रस्त देशों से भारतीयों की वापसी पर जानी जनता की राय
- भाषण के दौरान सर्वाधिक बार किया साथियों शब्द का इस्तेमाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान उपस्थित जनसमूह से सीधा संवाद भी किया। उन्होंने जूद भीड़ के बीच सात सवाल किए। एक के बाद एक सवाल का लोग भी पूरे उत्साह से जवाब दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने देश को गौरवान्वित करने वाले सवालों पर जनता की राय जानी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वाह्न 11.43 बजे मंच पर पहुंचकर माइक संभाला। उन्होंने कहा कि मुझे पीलीभीत के साथ बरेली की जनता का भी दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सब ओर एक ही संदेश है, बहुत ही स्पष्ट संदेश है, एक ही गूंज सुनाई दे रही है...फिर एक बार...। जवाब में भीड़ से जवाब आ रहा रह था... मोदी सरकार, मोदी सरकार। प्रधानमंत्री ने जवाबों का सिलसिला शुरू किया। उन्होंने कहा कि आप मुझे बताइए, भारत जब दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती आर्थिक ताकत बना तो आपको गर्व हुआ कि नहीं हुआ? इस पर लोगों ने हाथ उठाकर एक स्वर में हां हुआ का जवाब दिया। फिर प्रधानमंत्री कहा कि हमारे चंद्रयान ने जब चांद पर तिरंगा फहराया तो आपको गर्व हुआ कि नहीं हुआ? भीड़ से फिर आवाज आई कि हां हुआ। प्रधानमंत्री ने तीसरे सवाल में पूछा कि भव्य जी-20 सम्मेलन से भारत की दुनिया में वाहवाही हुई, प्रशंसा हुई, आपको गर्व हुआ कि नहीं हुआ? इस पर लोगों ने हामी भरी।

चौथे सवाल के रूप में प्रधानमंत्री ने कहा कि कभी कांग्रेस सरकार दुनिया से मदद मांगती थीं, लेकिन कोरोना के संकट में भारत ने पूरी दुनिया में दवाइयां भेजीं, वैक्सीन भेजी, सुनकर आपको गर्व हुआ कि नहीं? इस पर जनता ने हाथ उठाकर हां हुआ में ही जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने पूछा कि दुनिया में कहीं भी युद्ध का संकट आया, हम एक-एक भारतीय को सुरक्षित लाए, अफगानिस्तान से गुरुग्रंथ साहिब के पवित्र स्वरूपों को पूरी श्रद्धा से वापस लाए, आपको गर्व हुआ कि नहीं हुआ? इस पर भी भीड़ से एक स्वर में हां हुआ कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब देश मजबूत होता है, तो दुनिया उसकी सुनती है, आप मुझे बताइए दुनिया में भारत का डंका बज रहा है या नहीं, दुनिया के हर कोने में डंका बज रहा है कि नहीं, बज रहा है? इस पर सभी ने हाथ उठाकर हां में ही जवाब दिया।

सातवें प्रधानमंत्री ने जनता से पूछा कि यह कैसे हुआ... यह किसने किया? जनता ने जवाब दिया कि मोदी ने किया। इस पर प्रधानमंत्री बोले-आपका जवाब गलत है, यह मोदी ने नहीं किया। यह सब आपके एक वोट ने किया है। यह आपके वोट की ताकत है। आपके एक वोट से मजबूत सरकार बनी, निर्णायक सरकार बनी, सशक्त सरकार बनी, काम करने वाली सरकार बनी और बीजेपी सरकार ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत किसी से भी कम नहीं है। प्रधानमंत्री 31 मिनट के संबोधन के दौरान साथियों शब्द का इस्तेमाल सर्वाधिक बार किया।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें : 9058575790 8077383286
- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याएें ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिंल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय : सोमवार से शनिवार
प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

# लापता युवक का अधजला शव स्कूल के पीछे मिला

## तीन दिन पहले बगैर बताए घर से चला गया था साबिर, फिर नहीं लौटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** घर से निकलने के बाद रहस्यमय ढंग से लापता हुए युवक का शव तीन दिन बाद अधजली हालत में गांव के ही स्कूल के पीछे पड़ा मिला। गेंद उठाने के लिए बच्चे स्कूल के पीछे गए तो शव पर नजर पड़ी। मृतक की पहचान उसके भाई ने की। हालांकि किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज छानबीन में जुट गई है।

जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव बारात बोझ निवासी साबिर (30) पुत्र बालीसेन मजदूरी करते थे। शनिवार को वह घर से बिना बताए निकल गए, जिसके बाद नहीं लौटे। परिजनों ने काफी तलाश किया, लेकिन साबिर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। परिवार वाले खुद ही तलाशते रहे। पुलिस को भी सूचना नहीं दी गई थी। मंगलवार सुबह गांव के स्कूल में बच्चे खेल रहे थे। खेलते समय बच्चों की गेंद पीछे की तरफ चली गई। जब बच्चे गेंद उठाने गए तो अधजला शव देखकर उनके होश उड़ गए। बच्चे लाश पड़ी होने की बात कहते हुए भागे तो लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने देखा तो अधजली हालत में मिला शव साबिर का निकला।

जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी पहुंच गए। मृतक के भाई शकील ने शव की पहचान लापता साबिर के रूप में की। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। किसी तरह का आरोप नहीं लगाया। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। शव अधजला होने की वजह से पुलिस मामले की जांच गंभीरता से कर रही है।

### परिजन बोले- नशा अधिक करता था

लापता युवक का शव मिलने के बाद मौके पर भीड़ जुटी हुई थी। हर कोई मौत को लेकर तरह तरह के कयास लगा रहा था। मगर परिजन ने किसी तरह की आशंका व्यक्त नहीं की। रंजिश से भी इंकार किया। बताया कि मृतक नशा अधिक करता था। मृतक के पांच बच्चे हैं। पति की मौत के बाद पत्नी मिराज बेगम का रोकर बुरा हाल रहा।

> लापता युवक का अधजला शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। मृतक नशा अधिक करता था। परिवार भी किसी तरह का आरोप नहीं लगा रहा है। मामले की जांच चल रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
> – **मुकेश शुक्ला**, इंस्पेक्टर जहानाबाद

## चंदे को लेकर दो पक्षों में मारपीट, नौ लोग घायल

**जहानाबाद, अमृत विचार :** चंदे को लेकर मंगलवार को दो पक्ष आमने-सामने आ गए। एक दूसरे पर हमला कर दिया। जिसमें नौ लोग घायल हुए। पुलिस घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच में जुट गई है।

जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव गौनेरी दान में सोमवार को मस्जिद के चंदे को लेकर दो पक्ष झगड़ गए थे। इसमें एक पक्ष इकबाल की तरफ से पुलिस से शिकायत की गई थी। शिकायत का पता चलने पर मंगलवार को दोबारा विवाद हो गया। इकबाल पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने गाली गलौज करने के बाद धारदार असलहों से हमला कर दिया। जबकि दूसरे पक्ष से असद ने भी मारपीट करने का आरोप लगाया। घटना में एक पक्ष से अब्दुल शहीद, अजीज अहमद, आरिफ, अजीम, नसीरबानो, सायरा बानो, रेशमा घायल हुए जबकि दूसरे पक्ष से असद, तरन्नुम और सबीना को चोट आई। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# परिजनों को नशा देकर महिला प्रेमी संग फरार

- समझौता कराने आए रिश्तेदार भी सब्जी खाकर हुए बेसुध
- मंगलवार को खुद थाने पहुंची महिला, पुलिस ने प्रेमी को पकड़ा

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** परिजनों को सब्जी में नशीला पदार्थ देकर एक महिला अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। खास बात यह कि समझौता कराने आए रिश्तेदार भी नशीली सब्जी खाकर बेसुध हो गए। हालत गंभीर होने पर तीन लोगों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। उधर, कुछ देर बाद महिला थाने जा पहुंची। पुलिस ने उसके प्रेमी को हिरासत में ले लिया।

कोतवाली क्षेत्र की एक महिला का गांव के ही मेडिकल स्टोर संचालक से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसकी जानकारी जब परिजनों को लगी तो उन्होंने महिला का विरोध किया। इसको लेकर महिला का पति से विवाद हो गया। जानकारी लगने पर सोमवार को पति की मौसी, मौसा व अन्य रिश्तेदार समझौता कराने पहुंचे। रविवार को दिन में रिश्तेदारों ने महिला को समझाने की कोशिश की। रात को सभी वहीं रुक गये। महिला ने रात को खाना बनाते समय तोरई की सब्जी में नशीली गोलियां मिला दीं। इससे खाना खाने के बाद महिला का पति, सास समेत सभी छह लोग गहरी नींद में सो गए। सोमवार सुबह जागने पर उन्हें चक्कर आने लगे और तबीयत ज्यादा बिगड़ने लगी। इस पर परिवार के अन्य लोग उन्हें पूरनपुर सीएचसी ले गए। जहां उनका इलाज शुरू कर दिया गया। तीन को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

उधर, परिवार वालों के गहरी नींद में होने पर महिला अपने प्रेमी के साथ चली गई। महिला को ले जाने के बाद मेडिकल संचालक उसे माधोटांडा थाना गेट पर छोड़ गया और खुद भाग गया। कोतवाल संजीव कुमार ने बताया कि मामला माधोटांडा थाना क्षेत्र का है। फिलहाल शिकायत मिलने पर जांच करा रहे हैं।

## सीओ ने लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी, छानबीन

**पूरनपुर, अमृत विचार:** लकड़ी लदी मिनी ट्रैक्टर ट्राली को सीओ ने पकड़ लिया। ठेकेदार ने अप्रतिबंधित लकड़ी होने का हवाला दिया तो सीओ ने यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया। पुरनपुर पीलीभीत मार्ग पर मंगलवार को हरदोई ब्रांच नहर के किनारे एक मिनी ट्रैक्टर ट्राली में सेमल की लकड़ी भरकर ले जाए जा रही थी। पीलीभीत से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से लौट रहे सीओ आलोक सिंह की नजर उस पर पड़ गई। सीओ ने कोतवाली पुलिस को ट्राली कब्जे में लेने के आदेश दिए। पुलिस लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को कोतवाली लाई और कब्जे में ले लिया। इस दौरान दिव्यांग ठेकेदार ने पुलिस को बताया कि ट्राली में लदी लकड़ी प्रतिबंध नहीं है। इसके काटने पर पूरी छूट है। इसके बावजूद पुलिस ने ट्राली नहीं छोड़ी। सीओ आलोक सिंह ने बताया कि चालक अनियंत्रित गति से लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली ले जा रहा था। यह ट्रैक्टर ट्राली कमर्शियल उपयोग के लिए नहीं कृषि कार्य के लिए है। इसलिए कब्जे में लिया गया है।

## कार्य में लापरवाही बरतने पर दो दरोगा लाइन हाजिर

**खुटार।** सरकारी कार्य व आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में लापरवाही बरतने तथा वाहनों से अवैध वसूली के आरोप में एसपी अशोक कुमार मीणा ने दो उप निरीक्षकों को लाइन हाजिर कर दिया। खुटार थाने में तैनात दरोगा नागेंद्र तिवारी और दरोगा नरेंद्र तोमर पर अवैध वसूली किए जाने का आरोप की शिकायत सीओ पुवायां पंकज कुमार पंत तथा एसओ संजय कुमार से की गई थी। सीओ ने एसओ के छुट्टी से वापस आने के बाद दोनों दरोगा की रिपोर्ट मांगी थी। सीओ ने अपनी रिपोर्ट बनाकर एसपी को भेज दी थी। जांच में दोनों दरोगा दोषी पाए गए थे। एसपी अशोक कुमार मीणा ने सरकारी कार्य व लोकसभा चुनाव की तैयारी तथा अवैध वसूली के आरोप में दरोगा नागेंद्र तिवारी तथा नरेंद्र तोमर को लाइन हाजिर कर दिया है।

# बेहतर स्वास्थ्य के लिए जंक फूड से बचकर रहें बच्चे: जौहरी

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** नगर के हैप्पी ब्लू वर्ड पब्लिक स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को स्वास्थ्य और खानपान से संबंधित विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक विक्रम नरेश जायसवाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की।

नर्सरी के छात्र छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से हैंड वॉश के लाभ एवं जंक फूड के नुकसान के बारे में बताया। बच्चों को सुबह-शाम दांतों की सफाई और भोजन करने से पहले साबुन से अच्छी तरह हाथ धोने, ताजे फल के साथ हरी सब्जियों को खाने के बारे में बताया गया। गर्मी में कोल्ड ड्रिंक, सॉफ्ट ड्रिंक, खुले बिकने वाले फास्ट-फूड, जंक फूड का सेवन न करने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य असीम कुमार जौहरी ने बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता को जरूरी बताते हुए जंक फूड से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। इस मौके पर डायरेक्टर डा. गौरव शुक्ला, सतनाम सिंह, प्रिया जायसवाल, अमित जायसवाल, आशीष जायसवाल, कमलेश शुक्ला आदि मौजूद रहे। बच्चों ने भी स्लोगन लिखे, जिन्हें खासा पसंद किया गया।


हैप्पी ब्लू वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में लिखे स्लोगन दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

## कीटनाशक के अवैध भंडारण में दो दुकानदारों पर रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महमदपुर में अवैध रूप से कीटनाशकों और उर्वरकों का भंडारण करने पर दो दुकानदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत महमदपुर में ग्राम कालीचरनपुर निवासी प्रिंस कुमार पटेल और सुशील कुमार की पड़ोस के गांव महमदपुर में खाद और कीटनाशकों की दुकानें हैं। जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने दोनों दुकानों पर छापा मारा तो उन्हें दोनों दुकानों में अवैध कीटनाशक और उर्वरकों का भंडारण मिला। जिला कृषि अधिकारी की तहरीर पर प्रिंस कुमार पटेल और सुशील कुमार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम और कीटनाशक अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# आशाओं की बगिया में उम्मीदों के फूल खिले हैं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अंगूरी देवी सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज की संस्कृत प्रवक्ता कमलेश शर्मा के स्वरचित गीत के साथ विद्यालय में नव संवत्सर का कार्यक्रम मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। कंपोजिट विद्यालय अशरफ खां, कंपोजिट विद्यालय नखासा में भी कार्यक्रम हुए। मां शैलपुत्री के चित्र की चित्रकला प्रतियोगिता, भजन गायन, रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। मां शैलपुत्री के बारे में बताया गया।

कहा कि नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जाती है, यह सौभाग्य देवी हैं। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण माता का नाम शैलपुत्री पड़ा। माता शैलपुत्री का जन्म शैल या पत्थर से हुआ इसलिए इनकी पूजा से जीवन में स्थिरता आती है। मां को वृषारूढ़ा, उमा नाम से भी जाना जाता है। उपनिषादों में माँ को हेमवती भी कहा गया है। इस मौके पर मुस्कान, छवि, खुशनुमा, ख़ुशी, रक्षा कुमारी, कशिश, दिवाकर आदि मौजूद रहे। बच्चों ने स्लोगन दिया कि बड़े हैं तो और भी बढ़ते जाएंगे, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नववर्ष मनाएंगे, आशाओं की बगिया में उम्मीदों के फूल खिले हैं, मिलजुल कर हम सभी प्रगति की ओर बढ़े हैं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रात: 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## धारदार हथियार से मां, बेटी और पुत्र को किया घायल

- बच्चों के विवाद में पड़ोसियों ने घर में घुसकर की मारपीट

संवाददाता, बिलहरी

**अमृत विचार:** गोला कोतवाली क्षेत्र के गांव जलालपुर में पड़ोसियों ने घर में घुसकर धारदार हथियारों का प्रहार कर मां, बेटी और पुत्र को लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने पुलिस में तहरीर दी है।

गोला कोतवाली क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी अजीम शाह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मंगलवार सुबह बच्चों का खेलते समय पड़ोसियों के बच्चों से विवाद हो गया। इसके बाद पड़ोसी अच्छन पुत्र इम्मे अली, मतीन पुत्र अच्छन, तौकीर पुत्र अच्छन ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ घर में घुसकर पत्नी अख्तरी, पुत्र रेहान शाहऔर पुत्री मोहशिनीपर धारदार हथियार से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार में तीनों के सिर में चोट अधिक होने से उन्हें जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह चौहान ने बताया कि तहरीर मिली है। घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया था, वहां से डॉक्टरी परीक्षण हेतु लखीमपुर भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**गोला गोकर्णनाथ।** नगर के मोहल्ला राजेंद्र नगर कॉलोनी में मंगलवार को विपिन कुमार की पत्नी बिंदेश्वरी (45) को उसका पुत्र अजय कुमार गंभीर हालत में सीएचसी भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत का कारण पता नहीं चल सका है। परिवार वाले बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव लेकर घर वापस चले गए।

# गड़ा धन निकालने का झांसा देकर जालसाज नगदी-जेवर लेकर फरार

- डीएम के आदेश पर थाना खीरी पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, जांच शुरू
- खीरी गांव कोरैय्या आल का मामला, इलाके में रही चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** घर में सोने के सिक्कों से भरा घड़ा निकालने और धन दोगुना करने का झांसा देकर जालसाजों ने एक महिला से चार लाख 11 हजार रुपए व जेवर ठग लिए । थाना खीरी पुलिस ने डीएम के आदेश पर दो नामजद व अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव कोरैय्या आल निवासी बेवा निर्मला देवी ने बताया कि उसके दूर के रिश्तेदार राकेश निवासी दरेरी थाना पढुआ, पुत्तू पुत्र मुल्ला गिरी निवासी दुबहा थाना निघासन अपने एक अन्य साथी के साथ उसके घर आए और कहने लगे कि घर में सोने के सिक्कों से भरा घड़ा गड़ा है। निकालने के लिए घर में हवन पूजन व 3 लाख रुपये दफनाने पड़ेंगे। साथ ही एक लाख 11 ग्यारह हजार रुपये का प्रसाद माता जी के दरबार में चढ़ेगा। घर में जितना जेवर है वह भी दफनाना होगा। जिससे सारा पैसा व जेवर और सोने के सिक्कों से भरा घड़ा दोगुना हो जायेगा।

वह आरोपियों के झांसे में आ गई। उसने जैसे तैसे रुपए की व्यवस्था की। दो अक्टूबर 2023 की रात करीब 10 बजे तीनों आरोपी उसके घर आये और हवन पूजन करने लगे। चार लाख 11 हजार रुपये और व जेवर लेकर उसे और परिवार के अन्य लोगों को यह कहकर घर से बाहर निकाल दिया कि हवन पूजन करेंगे। करीब 30 मिनट बाद आरोपी घर से निकले और कहा कि जो रुपए, जेवर मिट्टी में गड़ा हुआ है। उसे जब तक हम लोग न आयें तब तक न खोदना। दो दिन तक आरोपी नहीं आए तो उसने मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं हो पाई। शक होने पर गाड़े गये सामान को खोदा तो वहां कुछ नहीं मिला।

इससे उसके होश उड़ गए। वह आरोपियों के घर गई और रुपए व जेवर मांगे तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज की और धमकी देकर भगा दिया। पुलिस से शिकायत की तो आरोपियों ने उसे सिर्फ 25 हजार रुपए वापस किए और शेष रुपए व जेवर दो दिन में देने का वादा किया, लेकिन टरकाते रहे। तीन दिन पहले पीड़िता डीएम महेंद्र बहादुर सिंह से मिली। डीएम के आदेश पर थाना खीरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गोशाला में पशुओं के मरने के मामले में चार अधिकारी व तीन कर्मचारियों पर कार्रवाई

- सीडीओ ने केयर टेकर और चौकीदार की सेवा समाप्त की
- बीडीओ और वेटनरी चिकित्सक से मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** खुटार क्षेत्र की गोशाला में पशुओं के मरने के मामले में चार अधिकारी और तीन कर्मचारियों पर कार्रवाई हो गई है। निरीक्षण कर लौटी सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने गोशाला के दो केयर टेकर और एक चौकीदार की सेवा समाप्त कर दी है। खंड विकास अधिकारी और वेटनरी चिकित्सक से जवाब मांगा है। साथ ही ग्राम सचिव और पशुधन प्रसार अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला विकास अधिकारी को लिखा गया है।

खुटार के महोलिया वीरान में अस्थाई गोशाला और नंदीशाला में बीते दिनों 11 पशुओं की मौत हो गई थी। इसके बाद सीवीओ मनोज कुमार अग्रवाल और सीडीओ ने गोशाला पहुंचकर निरीक्षण किया था। अधिकारियों ने गोशाला में भारी गंदगी और पशुओं की मौत को लेकर कड़ी नाराजगी जताई थी।इस दौरान अधिकारियों को पता चला था कि अस्थाई गोशाला और नंदीशाला में नौ सौ से अधिक पशु हैं और 15 से ज्यादा ग्वाले देखरेख कर रहे हैं। 31 मार्च से दो अप्रैल तक यहां 11 पशुओं की मौत हो चुकी है। अमृत विचार ने इस खबर को लगाकर प्रमुखता से प्रकाशित किया था। ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने भी गोशाला का निरीक्षण कर अधिकारियों से कार्रवाई के लिए कहा था। सीडीओ ने निरीक्षण के बाद कार्रवाई के संकेत दिए थे। इसके बाद सोमवार और मंगलवार को मामले में कार्रवाई के आदेश जारी हुए। गोशाला के केयर टेकर अरुण व रविंद्र और चौकीदार सुदर्शन की सेवा समाप्त कर दी गई। खुटार के बीडीओ वीरेंद्र मिश्रा और वेटनरी चिकित्सक डॉ. राजेंद्र से स्पष्टीकरण मांगा गया। इसके साथ ही ग्राम सचिव महेश कांत और पशुधन प्रसार अधिकारी अमित सिंह के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीडीओ को लिखा गया है।

# गर्मी में वन्य जीवों के लिए भरवाया गया पानी


मोहम्मदी रेंज के वाटर होल में भरा गया पानी। ● अमृत विचार

संवाददाता, ममरी

**अमृत विचार:** गर्मी बढ़ने पर वन्य जीवों को पानी मुहैया कराने के लिए मुख्य वन संरक्षक लखनऊ और डीएफओ संजय विस्वाल के निर्देश के बाद मोहम्मदी महेशपुर रेंज के वन कर्मियों ने जंगल में बने वाटर होल्स की तली झाड़ सफाई कराकर उनमें स्वच्छ पानी भरना शुरू कर दिया है। रेंजर नरेशपाल सिंह, डिप्टी रेंजर रामनरेश वर्मा ने बताया कि जंगल में सात वाटर होल बने हैं। जिनकी मजदूरों के जरिए सफाई कराने के बाद साफ पानी भरवारा जा रहा है। ताकि कोई भी वन्य जीव पानी की तलाश में जंगल से बाहर भटकने न पाए। साथ ही वन कर्मियों की टीम लगे कैमरे की फुटेज रोजाना खंगाल रही हैं।




# घर-घर विराजीं मां अष्टभवानी, मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## चैत्र नवरात्रः प्रथम दिन मां शैलपुत्री का किया गया पूजन, श्रद्धालुओं ने मांगी सुख-समृद्धि, मंदिरों में घंटे-घड़ियाल के बीच गूंजे जयकारे


कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र मंगलवार से शुरू हो गए। मंदिरों से लेकर घरों में विधि विधान से भक्तों ने हवन पूजन कर घटस्थापना कर अखंड ज्योत्ति प्रज्वलित कर नौ दिन का उपवास शुरू किया। मां के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री को पूजन करने के लिए मंगलवार को शहर के प्राचीन संकटा देवी सहित अन्य देवी मंदिरों में दिन भर भक्तों का आना जाना जारी रहा। दिन भर मंदिर से घरों में मां के जयकार लगते रहते रहे। नवरात्र पर्व को लेकर हर तरफ उमंग और उत्साह है। बच्चों से लेकर बड़े तक नवरात्र पर व्रत रखते हैं। इसकी शुरूआत करने के लिए मंगलवार की अल सुबह से शाम तक शहर के प्राचीन संकटा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। इसी तरह का आलम शहर के मां बंकटा देवी और भुइयांमाता मंदिर का रहा। हर तरफ महिलाओं से लेकर पुरुषों और बच्चों की कतार लगी दिखीं। हाथों में पूजा की थाली लेकर मां का पूजन करने के लिए बेताब भक्तों ने विधि विधान से माता शैलपुत्री का पूजन कर आरती उतारी और घर परिवार के लिए मंगल कामना की। देवी मंदिर दिनभर मां के जयकारों से लेकर घंटे घड़ियाल की आवाज से गुंजायमान रहे।

**गोला गोकर्णनाथ।** नवरात्र पर घरों में मां की चौकी और कलश स्थापना के साथ व्रतों का सिलसिला भी शुरू हो गया, जबकि मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। चैत के महीने में आने वाला वासंतिक नवरात्र का पर्व छोटी काशी में धूमधाम के साथ मनाया जाता है, जिसमें मनोवांछित फल की कामना के साथ देवी मां के भक्त पूजा अर्चना के साथ नौ दिनों तक व्रत रखकर माता की कृपा पाने को लग जाते हैं। पहले दिन लोगों ने श्रद्धाभाव से मां की पूजा करते हुए सुखमय जीवन की मनौतियां मांगी।

नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज स्थित रक्षा देवी मंदिर, शिव मंदिर के निकट दुर्गा मंदिर, मां मंगला देवी मंदिर, बजाज चीनी मिल स्थित भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर, मालियों की गली वाले दुर्गा मंदिर, शिवम चैराहा और अलीगंज रोड स्थित रेलवे क्रासिंग के निकट दुर्गा मंदिर, बांकेगंज रोड पर राधाकृष्ण मंदिर, अशोक चौराहे के निकट राम जानकी मंदिर, पंजाबी कालोनी के दुर्गा मंदिरों सहित विभिन्न मंदिरों को सजाकर मूर्तियों का विशेष श्रंगार किया गया।

**भीरा।** नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने व्रत रखकर घरों में चौक बनाकर जगत मां जगदंबे की पूजा अर्चना करने के साथ आराधना कर भजन कीर्तन के माध्यम से उनका गुणगान किया। नगर सहित आसपास के देवी मंदिरों पर भक्तों ने पहुंच मां जगत जननी को प्रसन्न करने के लिए निर्जला व्रत रखकर पूजन अर्चन करने के साथ भजन कीर्तन के माध्यम से गुणगान किया।


संकटा देवी मंदिर में नवरात्र में सजा माता का दरबार।


संकटा देवी मंदिर में नवरात्र के पहले दिन पूजा अर्चना के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार। ● अमृत विचार

### व्रत रखकर मां की उपासना करेंगे 260 बंदी

नवरात्र पर जेल में बंद 260 बंदियों और कैदियों ने भी व्रत रखा है। जेल प्रशासन ने इनके लिए हवन पूजन से लेकर व्रत में खाने वाली सामग्री का इंतजाम किया है, जिससे व्रत रखने वालों को मां की उपासना करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जेलर हरवंश पांडेय ने बताया कि 260 महिला एवं पुरुष बंदी और कैदियों ने इस बार नवरात्र व्रत शुरू किया है। हवन पूजन से लेकर फलाहार आदि को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है।

### आज मां ब्रह्मचारिणी का होगा पूजन

बुधवार को मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना होगी। ब्रह्माजी की शक्ति होने से मां का यह स्वरूप ब्रह्मचारिणी नाम से प्रसिद्ध है। इनका उद्भव ब्रह्माजी के कमंडल से माना जाता है। ब्रह्माजी सृष्टि के सर्जक हैं व ब्रत्मचारिणी उनकी शक्ति। ब्रह्मचारिणी देखी ज्ञान, पैराम्प और ध्यान की अधिष्ठात्री हैं।

### संकटा देवी मार्ग पर 4 पहिया वाहनों पर लगा प्रतिबंध

नवरात्र को लेकर प्राचीन संकटा देवी मंदिर भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। इससे संकटा देवी मांर्ग पर सुबह से लेकर रात तक भक्तों की आवाजाही रहती है। मंदिर जाने वाले भक्तों के लिए संकटा देवी रोड का यातायात मुसीबत न बने। इसके लिए संकटा देवी चौकी के पास बैरिकेडिंग लगाकर रास्ते को बंद कर दिया गया।

### नवरात्र पर महिला मंडली ने किया भजन-कीर्तन



**गोला गोकर्णनाथ।** बासंतिक नवरात्र पर्व के पहले दिन दुर्गा मंदिर में महिलाओं ने भजन कीर्तन कर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की है। नगर के अलीगंज मार्ग पर स्थित श्री दुर्गा मंदिर में मंगलवार सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मां के श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर दुर्गा मंदिर में जाकर मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर दुर्गा सप्तसती का पाठ किया। महिला मंडल ने मातारानी के भजन कीर्तन किये। महिलाओं ने ढोलक बजाकर मां शेरावालिए, शेर पर सवार होकर आजा मातारानी, प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी आदि भजनां के साथ कीर्तन कर नृत्य भी किया। श्रद्धालुओं ने माता शेरावाली के जयकारे लगाए, जिससे मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंजता रहा।

### मातारानी के मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु



**पलिया कलां।** चैत्र नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में श्रद्धालु देवी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। उन्होंने देवी मां के शैलपुत्री स्वरूप की विविध पूजन. सामग्री से पूजा-अर्चना की। नगर के प्रसिद्ध पांडे बाबा स्थान पर बने दुर्गा देवी मंदिर, श्रीकुल आश्रम में स्थित देवी मंदिर, माता कालरात्रि मंदिर, मोहल्ला सिंगहिया स्थित देवी मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर एवं पीपल वाली देवी मठिया में आज सुबह से ही नवव्रती देवी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ना शुरू हो गई। कई मंदिरों में महिलाओं ने ढोल, मंजीरा आदि वाद्य यंत्रों पर कीर्तन भजन कर देवी गीत गाए। उधर मझगई के प्रसिद्ध माता मंजेश्वरी मंदिर, पटिहन के देवी मंदिर एवं मुजहा व बोझवा के देवी मंदिरों में भी अनेक भक्तों ने पूजा अर्चना की। नवरात्र प्रारंभ होते ही नगर व क्षेत्र में फलों के दाम बढ़ गए। केला अभी तक बाजार में 30 से 40 रुपये दर्जन बिक रहा था। मंगलवार को 60 से 70 रुपये दर्जन विका। इसी तरह 120 रुपए किलो बिकने वाला सेव 160 रुपये, 100 रुपए किलो बिकने वाला अनार 150 रुपए और 50-60 किलो बिकने वाला अमरुद भी आज 80 रुपये में बिका।

## एक नजर

### कुम्भी और गुलरिया चीनी मिल में गन्ना आपूर्ति फ्री

**गोला गोकर्णनाथ।** बलरामपुर समूह की कुंभी और गुलरिया चीनी मिल ने 10 अप्रैल से गन्ना सेंटरों और मिल गेट पर गन्ने की तौल फ्री कर दी है। सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव बलवंत चौधरी ने बताया कि इन दोनों चीनी मिलों में गन्ने की आवक कम होने से गन्ना तौल फ्री कर दी गई है, जिन किसानों का सट्टा कुम्भी और गुलरिया चीनी मिल से संचालित है वह फ्री पर्ची पर गेट/संबन्धित क्रय केंद्र पर गन्ना आपूर्ति कर सकते हैं।

### पति पर दर्ज कराई मारपीट की रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ।** नगर की मरघट रोड निवासी सविता देवी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका पति रंजीत कुमार शराबी है। जो आए दिन मारपीट करता है। मंगलवार को उसने शराब के नशे में उसके सिर पर ईंट मार दी जिसमें वह गंभीर घायल हो गई। अस्पताल भर्ती कराया गया। पुलिस नेनामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### करंट से किशोरी झुलसी, रेफर

**गोला गोकर्णनाथ।** मैलानी थाना क्षेत्र के गांव मूड़ा खजुआ निवासी वारिस अली की पुत्री जैनत को पंखा लगाते समय बिजली का करंट लग गया।उसे तत्काल सीएचसी लाया गया। जहां जैनत की हालत गंभीर होने से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### दबंगों ने वृद्ध को पीटा रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कंजा निवासी अंजली देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गांव का संजय अपने साथियों लक्ष्मन, पंकज, अरुण के साथ शराब के नशे में धुत होकर घर में घुस आए। बेवजह गाली गलौज करते हुए उसके ससुर सुखदेव को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर कर छानबीन शुरू कर दी है।

# सीएमएस पहुंचे रसोईघर भोजन की परखी गुणवत्ता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके तीमारदारों को अस्पताल प्रशासन की ओर से भोजन मुहैय्या कराया जाता है। मंगलवार को सीएमएस डॉ. आरके कोली ने रसोईघर जाकर मरीजों के लिए बनी दाल, सब्जी और रोटी की गुणवत्ता परखी। दाल पतली देख रसोईया से वजह पूछी तो बताया गया कि डॉक्टर ने मरीजों को पतली दाल देने के लिए कहा गया है। जिन्हें पतली दाल देने के लिए कहा गया है उन्हें ऊपर से और अन्य मरीज व तीमारदारों को नीचे से गाढ़ी दाल परोसी जाती है।

इस दौरान सब्जी की गुणवत्ता संतोषजनक मिली। इसके बाद पैथोलॉजी जाकर साफ सफाई देखकर मरीजों की जांच के बारे में जानकारी ली। उधर, इमरजेंसी वार्ड में भीड़ अधिक होने पर स्टाफ एवं गार्ड को मरीज से मिलने के लिए निर्धारित किए गए समय का पालन कराने के निर्देश दिए गए।


जिला अस्पताल की रसोईं में दाल चखते सीएमएस डॉ. आरके कोली। ● अमृत विचार

# उल्लास के साथ नवसंवत्सर का किया स्वागत, स्कूलों में कार्यक्रम


सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज में नवसंवत्सर पर सजी झांकी। ● अमृत विचार


डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को नववर्ष कलेंडर देतीं पंडित दीनदयाल इंटर कॉलेज की छात्राएं।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **छात्र-छात्राओं ने अधिकारियों को तिलक कर दी नवसंवत्सर की बधाई**

**अमृत विचारः** मंगलवार को नवसंवत्सर पर विद्या भारती के स्कूलों में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। बच्चों ने एसपी, एएसपी और डीएम दफ्तर पहुंचकर तिलक किया और नववर्ष की बधाई दी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार को चैत्रशुक्ल प्रतिपदा परअभिनंदन कार्यक्रम, मां शैलपुत्री प्रकटोत्सव दिवस एवं सरसंघचालक केशव बलिराम हेडगेवार का जन्मोत्सव मनाया गया। प्रधानाचार्य डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह, शिक्षक सर्वेंद्र अवस्थी,राजेंद्र प्रसाद ओझा ने बच्चों को नवसंवत्सर से जुड़ी जानकारी दी।। छात्रा आस्था दीक्षित नें मां शैलपुत्री का स्वरूप प्रस्तुत किया। परी, मिष्टी व अहाना ने रंगोली सजाई तो वहीं दिशा, आकृति व आकांक्षा ने भजन पेश किया। छात्र छात्राओं ने डीएम, एसपी, एएसपी व कोतवाली पहुंचकर अधिकारियों को तिलकर भारतीय नव वर्ष कार्ड देकर नव संवत्सर की बधाई दी। उधर, डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर में मां सरस्वती व दुर्गा का पूजन हुआ। शिक्षिका गरिमा व वर्षा ने भजन पेश किया। छात्रों ने पथ संचलन निकाला, जिसमें डॉ. हेडगेवार, मां दुर्गा की झांकियां शामिल रहीं। संचालन श्याम वल्लभ शुक्ल ने किया। मुख्य अतिथि रिटायर्ड बीएड विभागाध्यक्ष राम औतार शर्मा एवं समाजसेवी पारस नाथ अवस्थी, प्रधानाचार्य राममणि मिश्रा सहित स्टाफ मौजूद रहा।

सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज में भारतीय नववर्ष व चैत्र नवरात्र पर कार्यक्रम हुए। छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ रूपों की सजीव झांकी प्रस्तुत की। की प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने नव संवत्सर की बधाई देकर नवरात्र देवी का स्वरूप रखने वाली छात्राओं से आशीर्वाद लेकर सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामना की।

# स्वास्थ्य टीम ने देखी नगर की सफाई व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जिले भर में चल रहा नियंत्रण अभियान**

● **डॉ. पूनम सिंह ने घर-घर जाकर ली जानकारी**

**अमृत विचारः** संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अप्रैल माह को संचारी रोग नियंत्रण माह के रूप में मनाया जा रहा है।मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर के मोहल्ला संकटा देवी और मिश्राना का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था देखी।

डॉ. पूनम सिंह टीम के साथ सोमवार को संकटा देवी और मंगलवार को मिश्राना मोहल्ला पहुंची। घर-घर जाकर मोहल्लेवासिसयों से नालियों की रोजाना सफाई होने के साथ फागिंग और एंटीलार्वा के छिड़काव के बारे में जानकारी ली। इसके लिए पीने के बारे में मालुमात की। मोहल्लेवासियों को साफ सफाई रखने, घर एवं आस पास पानी न जमा होने देने, कूलर का पानी हर सप्ताह बदलने, फ्रिज की ट्रे की सफाई करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बुखार आदि आने पर सरकारी अस्पताल जाकर डॉक्टर को दिखाकर ही दवांए लें। इस दौरान रवि एवं आलोक मौजूद रहे।



मोहल्ला मिश्राना में लोगों से सफाई व फागिंग की जानकारी लेतीं एपडेमियोलॉजिस्ट डॉ. पूनम सिंह। ● अमृत विचार

# पीपल के पत्तों पर उकेरीं नव दुर्गा की आकृतियां

संवाददाता, रोशननगर

**अमृत विचारः** ब्लॉक बांकेगंज के मुस्तफाबाद की चित्रकार शिक्षिका कल्पना तिवारी ने चैत्र नवरात्र पर मां दुर्गा के नौरूप पीपल व मदार के पत्तो पर उकेरे।

कल्पना इससे पहले पीपल के पत्तों पर मां दुर्गा का चित्र, भगवान श्रीराम, भक्त शबरी के संवाद युद्ध की मुद्राओं में कई कलाकृतियां बनाई हैं। सभी लोग उनके इस प्रयोग की प्रशंसा कर रहे हैं। अब तक कल्पना पत्तो, दाल, कोल्ड ड्रिंक के ढक्कन आदि पर कलाकृतियां बनाकर पहचान बना चुकी हैं।



पीपल के पत्ते पर उकेरीं देवी मां की आकृतियां।

### नवरात्र भर मैलानी में मिलेगा एक घंटा अतिरिक्त पानी

**मैलानी।** आदर्श नगर पंचायत मैलानी की चेयरपर्सन कीर्ति माहेश्वरी ने नवरात्र शुरू होते ही नगर वासियों को एक घंटा अतिरिक्त जलापूर्ति देने की व्यवस्था की है। बिजली न होने पर जनरेटर चलाकर पानी दिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले छह बजे से सुबह 10 बजे तक पानी घरों में आता था। अब सुबह पांच बजे से 10 बजे तक पानी की सप्लाई मिलेगी ताकि व्रतधारियों को स्नान पूजा करने में दिक्कतें न हों।







**होम्योपैथिक दिवस** | जिला मुख्यालय के अस्पताल में सिर्फ दो दिन मिल रहे डॉक्टर, कई पद खाली

# होम्योपैथिक अस्पताल बीमार, मरीजों को कैसे मिले उपचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** जिले में होम्योपैथिक चिकित्सा सुविधा बेपटरी है। ऐसे में अस्पताल आने के बाद मरीजों के हाथ मायूसी ही लगती है। इसकी वजह डॉक्टरों की कमी है। आलम यह है कि जिला मुख्यालय पर चल रहे होम्योपैथिक अस्पताल में ही नियमित डॉक्टर नहीं है। होम्योपैथिक अस्पताल लघुचा के डॉक्टर दो दिन मरीज देख रहे हैं। जबकि अन्य दिन फार्मासिस्ट मरीज देखते हैं।

जिले में होम्योपैथिक के 28 अस्पताल हैं और जिला मुख्यालय पर ही अस्पताल के पास अपना भवन नहीं है। ऐसे में होम्योपैथिक अस्पताल पुराने जिला अस्पताल परिसर में चल रहा है। यहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. हरीलाल भार्गव सिर्फ दो दिन यानि मंगलवार और बृहस्पतिवार को ओपीडी करते हैं। जबकि अन्य दिनों में वह लघुचा के अस्पताल में बैठकर मरीज देखते हैं। ऐसे में अन्य दिनों में मरीज फार्मासिस्ट के हवाले रहते हैं। वहीं इनको दवाएं देते हैं।


जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी कार्यालय।

● **डॉक्टर न होने पर फार्मासिस्ट करते हैं मरीजों का उपचार**

### कभी लगती थी मरीजों की कतार

जिला अस्पताल गेट के पास जब होम्योपैथिक अस्पताल था तब वहां मरीजों की भीड़ लगती है। मगर, मेडिकल कॉलेज का अस्पताल बनने के दौरान इस अस्पताल को जिला अस्पताल परिसर की इमरजेंसी वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। इस दौरान निर्माण कार्य होने से मरीजों का पहुंचना भी मुश्किल है।

### जिले में होम्योपैथिक के 28 अस्पताल

| पद | स्वीकृत | तैनाती, | रिक्त |
|---|---|---|---|
| वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक | 05 | 03 | 02 |
| होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी | 24 | 19 | 05 |
| फार्मासिस्ट | 24 | 6 | 08 |
| चतुर्थ श्रेणी | 37 | 36 | 01 |

"होम्योपैथिक अस्पताल के लिए सीतापुर रोड स्थित गुरुनानक इंटर कॉलेज के पास जमीन मिली है। वहां जल्द ही भवन का निर्माण प्रारंभ होगा। डॉक्टर एवं फार्मासिस्ट की कमी के संबंध में शासन को निरंतर लिखा पढ़ी की जा रही है।
-डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिला होम्योपैथिक अधिकारी

आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चुकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट
डा. शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया बरेली
9837023223



सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।



ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


# ईद-उल-फितरः उमड़े खरीदार, झूमे बाजार

## महिलाओं की पसंद बने रेडीमेड सूट- शरारा, पुरुषों को भा रहा कुर्ता-पायजामा



ईद के लिए सेवइयां खरीदते लोग। ● अमृत विचार



खपरैल बाजार में दुकान पर चूड़ियां पसंद करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



ईद पर कुर्ता-पायजामा खरीदते युवा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** अलविदा की नमाज के बाद ईद की तैयारी को लेकर बाजार को चार चांद लग गए हैं। इसको लेकर घरों में तैयारियां तेज हो गई हैं। बाजार में ईद की खरीदारी हो रही है। परंपरागत बाजार से लेकर मॉल त्योहार की खरीदारी से रोशन हैं। युवा कुर्ता पायजामा पसंद कर रहे हैं वहीं महिलाएं सूट के अलावा लखनऊ स्टाइल में गरारा और शरारा पसंद कर रही हैं।

रमजान के पवित्र माह का आज अंतिम दिन है। बुधवार को चांद का दीदार होने पर बृहस्पतिवार को ईद मनाई जाएगी। ईद की नमाज पढ़ने से लेकर ईद मिलन के लिए युवा में कुर्ता पायजामा, जींस शर्ट व टीशर्ट पसंद कर रहे हैं तो वहीं महिलाएं तरह तरह के सूट खरीदर रहे हैं। महिलाओं के सूट कॉटन फैब्रिक से लेकर जार्जट एवं अन्य मटेरियल में मौजूद हैं, जिन पर वर्क भी अलग-अलग तरह का है। दुकानदार राजू ने बताया कि महिलाएं डिजायनर सूट से लेकर कॉटन के सूट पसंद कर रही है। पुरुषों के लिए दुकानों पर नेट कुर्ता, ब्रावो, काटन से लेकर चिकन आदि की तमाम वैरायटी के कुर्ते उपलब्ध है। कढ़ाई वाले कुर्ते भी पंसद किए जा रहे हैं। इसी तरह लोग टोपियों की भी खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों ने बताया कि लखनऊ के कुर्ते व टोपी की मांग अधिक है।

रेडीमेड गारमेंट से लेकर जूते-चप्पल एवं कास्मेटिक आदि की दुकानें दिन भर गुलजार रहती हैं। वहीं सूट से मैचिंग के लिए चूड़ी की दुकानों पर सुबह से महिलाओं और युवतियों का तांता लगना शुरू हो जाता है, जो देर रात जारी रहता है।

### ईद को लेकर बढ़ी सेवइयों की मांग

ईद पर सेवईयों की ही बहार रहती है। ईद मिलन के लिए आने वालों को मुंह मीठा कराने के लिए सेवईयां परोसी जाती हैं। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। मंगलवार को बाजार पहुंचकर महिलाओं ने सेवईयों से लेकर सूतफेनी आदि की खरीदारी की।

### ईद के लिए जमकर की जा रही खरीदारी

**गोला गोकर्णनाथ।** ईद उल फितर का पर्व नजदीक आते ही बाजार खरीदारों से गुलजार हो गया है।मंगलवार को नगर के मुख्य बाजार मेला मैदान,तीर्थ आदि जगहों में दिन भर महिला खरीददारों की भीड़ बनी रही। ईद पर महिलाओं के हाथों में हिना का रंग खूब चढ़ेगा, चूड़ियों की खनक सुनाई देगी। खुशियों के इस त्योहार के लिए एक वर्ष का लंबा इंतजार और एक माह के रोज़े से होकर गुजरना होता है। लंबे और कठिन रोज़े रखने के बाद जब ईद का चांद नजर आता है तो लोग ख़ुशी में झूम उठते हैं। गोला के मेला मैदान, तीर्थ में चूड़ी वाली गली में महिलाओं और युवतियों ने पहुंचकर बनाए गए कपड़ों के मेल खाती चूड़ियों को खरीदारी की हैं। इससे तीर्थ बाजार में सारा दिन भीड़ बनी रही। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के आ जाने के कारण नगर की प्रमुख सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही।

## पीस कमेटी की बैठक में शांति-सद्भाव की अपील

**पलिया।** कोतवाली परिसर में एसडीएम कार्तिकेय सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक में त्योहारों को मिलजुलकर मनाने की अपील की गई। सीओ यादवेंद्र यादव ने कहा कि कोई माहौल खराब करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। बैठक में प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय, पलिया बार एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीश द्विवेदी,जेई विद्युत, नगर पालिका ईओ, कई सभासद, नगर की मस्जिदों के मौलाना व अन्य लोग मौजूद रहे।


डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician



- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात
- पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है।
- पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार।
- सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली
मो. 6398965384



गुप्त रोगी मिलें
डा. मौर्य
जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651



प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


## होली मिलन समारोह में समाज के उत्थान पर जोर



ब्राह्मण सभा के होली मिलन समारोह में अतिथि व अन्य लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के होली मिलन समारोह में समाज के कमजोर लोगों की मदद करने और उनके उत्थान पर चर्चा की गई।

नगर के नीलकंठ मैदान में मंगलवार की शाम प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पंडित ज्योति प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में हुए होली मिलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विनय तिवारी ने कहा कि होली पर्व भाईचारा एवं समरसता का प्रतीक है। संयोजक नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने विप्र समाज में सजग रहकर एक दूसरे की मदद की बात कही। संचालन महामंत्री पारस प्रसाद मिश्र ने किया।

उपाध्यक्ष रविसुत शुक्ला, भाजपा नगराध्यक्ष शत्रोहन मिश्र, अमित शुक्ला पिंटू, संतकुमार बाजपेयी, धर्मेंद्र तिवारी, राजेश अवस्थी, आशीष अवस्थी, डॉ सौरभ दीक्षित, पंकज मिश्र, मनोज तिवारी, संतोष मिश्र, संदीप शुक्ला, शिवगोपाल मिश्र, धीरज बाजपेयी, आदर्श दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## भगवान श्रीकृष्ण की जन्मकथा का वर्णन किया



**लखीमपुर खीरी।** शहर के मोहल्ला शाहपुरा कोठी में भागवत कथा के चौथे दिन पंडित हरिकृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मकथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि देवताओं ने भगवान श्रीहरि से विनती कर कहा कि हे आदि पुरुष पृथ्वीवासी कंस के अत्याचार से त्राहि त्राहि कर रहे हैं। अब आपके जन्म लेने का शुभ समय आ गया है। भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में मध्य रात्रि में मथुरा के कारागार में माता देवकी की आठवीं संतान के रूप में श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। श्रीहरि की प्रेरणा से वासुदवे ने रात में ही यमुना पार नंद के घर श्रीकृष्ण को गोकुल पहुंचा दिया। अगली सुबह धूमधाम से नंद के घर श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता है। आयोजक राजीव मिश्रा सहित आशीष अवस्थी, जयपाल सिंह, इंद्रेश चौरसिया, जितेंद्र गौड़, अजय शुक्ला, विवेक एवं पंकज शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## ठक्कर बापा आवासीय विद्यालय में मेधावी सम्मानित



**पलिया कलां।** चंदनचौकी में पूज्य ठक्कर बापा आवासीय बालिका विद्यालय गोबरौला में अंक पत्र वितरण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि समाज सेवी आलोक मिश्र ने किया। प्रधानाचार्य बृजेश कुमार ने मुख्य अतिथि के साथ ही कन्हैया लाल, दीपक अग्रवाल, सुभाष दास, विजय तिवारी आदि का स्वागत किया। कक्षाओं में सर्व श्रेष्ठ अंक लाने वाली 15 बालिकाओं को ज्योमेट्री बॉक्स व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## निषेधाज्ञा को ध्यान में रखकर मनाएं त्योहारः एसडीएम

**मैगलगंज।** थाना परिसर में ईद और अंबेडकर जयंती को लेकर पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम मितौली विनीत उपाध्याय ने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। इसलिए निषेधाज्ञा को ध्यान में रखकर भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं। एसडीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव के कारण पूरे जनपद में धारा 144 लागू है। इसी बीच 11 अप्रैल को ईद व 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती है। आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ त्योहारों मनाएं। साथ ही निषेधाज्ञा का भी ध्यान रखें। ग्रुप में कहीं खड़े होकर चुनावी चर्चा न करें। किसी प्रत्याशी का प्रचार प्रसार न करें। चार से अधिक लोग एकत्रित न हों। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह, चौकी प्रभारी औरंगाबाद अनूप कुमार मिश्रा के साथ कई ग्राम प्रधान व ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### बफर जोन में जुआ खेल रहे छह युवक गिरफ्तार

**सिंगाही।** थाना पढ़ुआ प्रभारी निरीक्षक हरिकेश राय ने पुलिस ने दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की बथुआ बीट के भुसैला जंगल में जुआ खेल रहे कस्बा सिंगाही निवासी अमित, विकास, गुरदेव सिंह, केवल प्रसाद शर्मा, आफताब, दिलीप को गिरफ्तार कर लिया। मौके से पुलिस ने चार बाइकें बरामद कीं। आरोपियों के पास से 7000 रुपये. फड़ से 5760 रुपये और ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। रिपोर्ट दर्ज कर सभी को थाने से निजी मुचलके पर छोड़ दिया।

### बाइक दुर्घटना में पिता-पुत्र घायल, पिता रेफर

**गोला गोकर्णनाथ।** मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम मोतीपुर निवासी विद्यासागर अपने पुत्र संजीव कुमार के साथ बाइक से सामान लेने गोला आ रहे थे। सड़क पर अचानक किसी पशु के आ जाने से बाइक असंतुलित होकर गिर गई। पिता, पुत्र सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनो को सीएचसी भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद विद्यासागर की हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# लखीमपुर देहात में आग से 50 बीघा गेहूं व पांच घर राख

## खेतों के पास बैठकर चिलम पी रहे थे कुछ लोग, चिंगारी से फसल में लगी आग, किसानों ने कार्रवाई के लिए किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** लखीमपुर देहात के गांव घोसियाना में मंगलवार को गेहूं के खेतों में आग लग गई, जिससे पककर तैयार खड़ी फसल धू-धू कर जलने लगी। इससे किसानों में हड़कंप मच गया। पुलिस और फायर बिग्रेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में 15 किसानों की करीब 50 बीघा फसल और पांच लोगों के घर राख हो गए। अग्नि पीड़ित किसानों का कहना है कि कुछ लोग खेतों के किनारे बैठकर चिलम पी रहे थे। इससे उठी चिंगारी से आग लगी है। इसको लेकर पुलिस और ग्रामीणों के बीच नोकझोंक भी हुई। एसडीएम सदर ने ग्रामीणों को शांत किया।

इन दिनों गेहूं की फसल पककर खेतों में तैयार खड़ी है। साथ ही कटाई और गहाई भी जोरों पर चल रही है। मंगलवार को लखीमपुर देहात के गांव घोसियाना के पश्चिम गेहूं के खेतों में अचानक आग लग गई। आग की लपटे उठती देख किसानों में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण पहुंच गए। पकी खड़ी फसल को हैरों से जोतकर आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। हवा तेज चलने के कारण विकराल हुई आग ने देखते ही देखते मोहम्मद, शहंशाह, इरफान, आमिर, आजाद, नसीम, मोबिन, मखदूम, गुडिया, कल्लू समेत करीब 15 किसानों की खेत में खड़ी गेंहू की करीब 50 बीघा फसल जलकर राख हो गई। सूचना पाकर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस और फायर बिग्रेड ने ग्रामीणों के सहयोग से बमुश्किल आग पर काबू पाया।

लपटों की चपेट में आकर घोसियाना निवासी नसीम, खुशनुमा, आमान, रिहान और नियाज की झोपड़ियां भी जल गईं है। नसीम के घर में बेटे की जमानत कराने के लिए रखे 40 हजार रुपये समेत घर का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि मोहल्ला अर्जुन पुरवा के कुछ युवक खेतों के पास बैठकर चिलम पी रहे थे उन्हीं की चिंगारी से खेतों में आग लग गई। इसको लेकर हंगामा करने की कोशिश कर रहे कुछ ग्रामीणों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। हालांकि इसी बीच एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह, सीओ रमेश तिवारी, नायब तहसीलदार, कानूनगो, प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह भी मौके पहुंच गए। एसडीएम सदर ने ग्रामीणों और किसानों से बातचीत की और उन्हें समझा बुझाकर शांत कराया। एसडीएम श्रद्धा सिंह ने बताया कि अग्नि पीड़ितों का सर्वे कराया जा रहा है। जल्द ही सभी को अहेतुक सहायता राशि दी जाएगी।


धू-धू कर जल रहे खेत में खड़े गेहूं को देखते ग्रामीण। ● अमृत विचार

● **पुलिस और ग्रामीणों के बीच नोकझोंक, एसडीएम की सूझबूझ से टला टकराव**


ग्रामीणों से वार्ता कर समझातीं एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह। ● अमृत विचार

# बेवा ने जमीन पर कब्जे की कोशिश का लगाया आरोप

**सिंगाही , अमृत विचार:** गांव भूलनपुर निवासी बिटाना देवी ने बताया कि उनके पति करवारी की 25 साल पहले मौत हो गई। बेटे कल्लू ने लेखपाल से साठगांठ कर पूरी जमीन की वसीयत करा ली थी। जिसमें पीड़िता का जिक्र नहीं किया। उन्होंने एक वाद नायब तहसीलदार की अदालत में दाखिल किया, जो विचाराधीन है।

भूमि का आधा हिस्सा पहले ही पुत्र बेच चुका है। उसे गुजारे के लिए मिली जमीन पर खड़ी फसल को गांव का एक युवक नष्ट कर कब्जा कर गन्ना बोने की कोशिश कर रहा है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही एसडीएम और सीओ को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नायब तहसीलदार हरिराम ने बताया की यह प्रकरण 20 साल पुराना है। उस समय की जो भी विधि व्यवस्था थी। उसके अनुसार वरासत में लड़के का नाम दर्ज हुआ था। मां का नाम दर्ज नहीं किया जाता था, जिससे बिटाना देवी का जमीन पर कोई हक नहीं है।

# फाइनेंस कंपनी प्रबंधक ने दो पर कराई एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकाने आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कचहरी रोड पर स्थित श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के शाखा प्रबंधक आवेज अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सदर कोतवाली के गांव मीरपुर निवासी नयन श्रीवास्तव ने 9 फरवरी 2023 को एक मारुति कार के लिए 1,50,000 रुपये ऋण लिया था, जिसकी अदायगी ब्याज सहित 29 मासिक किश्तों में करनी थी। वाहन के पंजीकरण प्रमाण पत्र पर कम्पनी का हाइपोथिकेशन अंकित है, जिसे आरोपी बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए दूसरे को हस्तांतरित नहीं कर सकता है। 18 दिसंबर 2023 का वह फील्ड ऑफिसर इरशाद अली के साथ नयन के घर गए। वहां गारंटर अशफाक खान निवासी रंगीला नगर भी थे। उन्होंने नयन से बकाया जमा करने को कहा। इस पर दोनों आरोपी भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए कहा कि उन्होंने गाड़ी कबाड़ में कटवा दी है। रुपया भूल जाओ। दोबारा रुपये मांगे तो जान से मार देंगे। आरोप है कि नयन ने गारंटर के साथ मिलकर वाहन गायब कर दिया। आरोप है कि वाहन के कूटरचित दस्तावेज भी तैयार कर लिए हैं। पंजीयन प्रमाण पत्र से कंपनी का हाईपोथिकेशन भी हटा दिया है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्मी को 20 साल का कारावास, जुर्माना लगाया

● **वर्ष 2019 में दस साल की बालिका से किया था दुष्कर्म**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र में साढ़े पांच साल पहले दस साल की बालिका से दुष्कर्म के दोषी को अपर सत्र न्यायाधीश चिंताराम की अदालत ने 20 साल का कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने जुर्माने की राशि पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं।

लोक अभियोजक बृजेश कुमार पांडेय ने बताया कि कोतवाली धौरहरा क्षेत्र की एक दस साल की बालिका 12 अप्रैल 2019 की देर शाम भागवत कथा सुनने जा रही थी। रास्ते में गांव के 21 वर्षीय रिंकू ने बालिका को पकड़ लिया और खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। परिवारीजनों की सूचना पर पहुंची यूपी 100 पुलिस ने बालिका को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने पीड़ित बालिका की मां की तहरीर पर 13 अप्रैल को आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की। विवेचना के बाद आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/ अपर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो चिंताराम की कोर्ट में हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपी रिंकू को दोषी पाया। उसे मंगलवार को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

# पति की मौत के कुछ घंटों बाद पत्नी ने भी तोड़ा दम, एक साथ अंतिम संस्कार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** तबीयत बिगड़ने के बाद ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसका सदमा पत्नी सह नहीं सकी। कुछ घंटे बाद उसने भी दम तोड़ दिया। मंगलवार को दंपती का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया।

विकास खंड अलीगंज के श्याम नगर गांव के निवासी ओमनारायण की सोमवार को तबीयत बिगड़ गई थी। वह डाक्टर से दवा लेकर घर आ गए। आराम नहीं मिलने पर फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में पत्नी मोहिनी और परिजनों के साथ गए। दवा लेकर लौटते वक्त ओम नारायण की मौत हो गई। पति की मौत का सदमा मोहनी बर्दाश्त न कर सकीं। करीब पांच घंटे बाद घर वापस आते समय उसने भी दम तोड़ दिया। पति और पत्नी की मौत के बाद गांव में सन्नाटा छा गया। ग्रामीण दोनों के प्यार और रिश्ते को लेकर चर्चा करते रहे। गांव के प्रधान महेंद्र सिंह ने बताया की करीब 17 वर्ष पूर्व ओमनारायण का विवाह फतेहगढ़ सेंट्रल जेल के पास रहने वाली मोहिनी से हुआ था। उनके दो बेटे 15 वर्षीय पवन कुमार और 12 वर्षीय अतुल कुमार है। ओमनारायण गांव में ही चाक से मिट्टी के बर्तन बनाकर बाजार में बेचकर परिवार का भरण पोषण करते थे। दोनों ने पूरी जिंदगी साथ निभाया और अंतिम यात्रा पर भी एक संग निकल पड़े।


मृतका मोहिनी।


मृतक ओमनारायण।

### जब पहुंचे दोनों के शव तो छलक पड़े आंसू

ओमनारायण के छोटे भाई जसराम ने बताया की वह भाई के साथ फर्रुखाबाद गया था। अस्पताल से दवा लेकर वापस लौट रहे थे। भाई ओमनारायण की रास्ते में मौत हो गई। ये देख भाभी मोहिनी भी बेसुध होकर गिर गईं। उन्हें डॉक्टर के पास ले गए, परंतु मृत घोषित कर दिया। जसराम ने बताया कि भाभी यही बोलती रहीं कि उन्हें भी अपने पति के साथ जाना है। ये कहते कहते भाभी ने भी दम तोड़ दिया। घर के आंगन में पति और पत्नी के शव जब एक-साथ रखे गए, तो लोग खुद के आंसू नहीं रोक पाए। दोनों का एक साथ अंतिम संस्कार करा दिया गया। इस घटना के बाद गांव में सन्नाटा छाया रहा। हर कोई गमगीन दिखा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### संजीव सपा जिला उपाध्यक्ष बने

**पलिया कलां।** गांव पढ़ुआ (त्रिकोलिया) निवासी पूर्व विधायक निरवेन्द्र कुमार मुन्ना के पुत्र संजीव कुमार मुन्ना को सपा जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इससे सपाइयों में खुशी की लहर है।

### चीनी मिल के डोंगे की मशीन में लगी आग



**संपूर्णानगर।** संपूर्णानगर सहकारी चीनी मिल के डोंगे की मशीन में अचानक आग लग गई। इससे पूरे मिल परिसर में अफरातफरी मच गई। पानी का पर्याप्त इंतजाम न होने से आग काफी देर तक धधकती रही। इससे मिल परिसर में धुंआ ही धुआं छाया रहा। मौके पर तमाम किसानों का जमावड़ा लग गया। आनन-फानन में चीनी मिल बंद की गई। मिल के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। मिल कर्मचारियों और किसानों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी उदयभान सिंह ने बताया कि डोंगे की मशीनरी में आग लग गई थी। जिस पर काबू पा लिया गया है। क्या नुकसान हुआ है। इसके बारे में अभी कुछ बता पाना संभव नहीं है।

### वोट डालने के लिए मतदाताओं को किया प्रेरित



**भानपुर/बिजुआ।** मतदाता जागरूकता अभियान के ब्रांड एंबेसडर एसपी सिंह ले सीएचसी बिजुआ में मरीजों ओर तीमारदारों को जागरूक किया। साथ ही ओपीडी पर्चों पर मतदान करने की अपील की मुहर लगाई ताकि घर घर मतदान करने की अपील का संदेश जा सके। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक सुभाष वर्मा से मिलकर सभी बीएसडब्ल्यू, एएनएम कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और टीकाकरण के दौरान मतदाताओं को 13 मई को मतदान अवश्य करने की अपील के बारे में बताया। सीएचसी के बीपीएम राकेश से मतदाता जागरूकता मुहिम को निरंतर चलाने का आग्रह किया।

# अस्पताल में सात वर्षीय बच्ची की मौत, हंगामा

**बिलहरी, अमृत विचार:** बांसगांव निवासी सोबरन लाल अपनी पुत्री पायल (7) को दवाई लेने के लिये सोमवार की शाम बिलहरी में एक निजी अस्पताल लाया। दवा देने के पश्चात डॉक्टर ने अगली सुबह भी अस्पताल बुलाया था। मंगलवार की सुबह वह लगभग आठ बजे अस्पताल पहुंचा तो डॉक्टर ने बालिका के एक बोतल लगा दी। कुछ देर में डॉक्टर ने बोतल में एक इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगने के चंद मिनटों में पायल की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगा हंगामा शुरू कर दिया। सिकंदराबाद चौकी इंचार्ज आशीष सहरावत ने लोगों को शांत कराया। बाद में परिजनों ने बच्ची का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। बांसगांव के ग्राम प्रधान सोमनाथ मिश्र ने परिजनों को समझाया। परिजनों ने शव को र लाकर अन्तिम संस्कार कर दिया । परिजन अब डॉक्टर पर कोई कार्रवाई नहीं करना चाहते है।

### बंधे के नीचे मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**लखीमपुर खीरी।** शारदानगर में बंधे के किनारे एक युवक का शव मिला। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया। कस्बा शारदा नगर में बाला जी मंदिर के पीछे बंधे में मंगलवार की शाम करीब छह बजे एक शव पड़ा देखा गया। ओदारा के ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। एसआई अंबेश्वर दत्त त्रिपाठी ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 28 वर्ष है। उसके शरीर पर कोई चोट नहीं है। उसकी दाहिनी कलाई पर संदीप कुमार लिखा हुआ है। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया है और शव की पहचान कराने की कोशिश कर रही है।

### बैलगाड़ी से टकराकर बाइक सवार की मौत

**लखीमपुर खीरी।** पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर सोमवार की देर रात थाना ईसानगर क्षेत्र में एक बाइक बैलगाड़ी से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा गांव अदलिशपुर के पास हुआ। थाना खमरिया क्षेत्र के गांव महरिया निवासी ध्रुव लाल उर्फ धीरू (23) पुत्र गया प्रसाद राजपूत अपनी बहन के घर से वापस महरिया गांव आ रहा था। सोमवार की रात करीब दस बजे थाना ईसानगर क्षेत्र के पीलीभीत बस्ती हाईवे पर स्थित अदलिशपुर के निकट बाइक बैलगाड़ी से टकरा गई जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। फोन : 0581-2526011, 2526012
द्वारा
नि:शुल्क नेत्र व दन्त चिकित्सा शिविर
दिनांक-12 अप्रैल 2024, दिन-शुक्रवार
समय-प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
❑ आँखो के कैम्प में आये मरीजों को दवाईयाँ मुफ्त।
❑ मोतियाबिंद का ऑपरेशन व दवाईयाँ एवं लैंस मुफ्त।
❑ मोतियाबिन्द के भर्ती मरीज को खाना मुफ्त एवं बस द्वारा लेकर जाना मुफ्त।
❑ यदि मोतियाबिन्द निकलता है तब आपरेशन रोहिलखण्ड हास्पिटल में ले जाकर मुफ्त में किया जायेगा घर पर बता कर जायें।
❑ मोतियाबिन्द के मरीज घर से पहचान पत्र, राशन कार्ड या आधार कार्ड में से कोई एक डॉक्यूमेंट अवश्य लायें, साथ ही कम्बल लाना न भूलें।
❑ दन्त रोग परीक्षण व इलाज मुफ्त।
नोट
निशक्त जन सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांग जनो को उनकी जरुरत के मुताबिक ट्राई साईकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, कान की मशीनें वितरण की जायेंगी प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन करायें।
शिविर स्थान
अंकुर राईस मिल, निकट असम चौराहा, पूरनपुर रोड, पीलीभीत
सौजन्य से
अमृत लाल अध्यक्ष
नि:शक्त जन सेवा संस्थान पीलीभीत
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। शकील उद्दीन मो. नं. 8534088093

न्यायालय उपजिलाधिकारी स्थान गोला, लखीमपुर खीरी
वाद संख्या 719 सन् 2018 धारा 24 (1) उ.प्र.रा.सं. 2006 ता. पेशी 15.4.2024
वादी रामचन्द्र बनाम गुरूसेवक सिंह आदि
(1) गुरूसेवक सिंह पुत्र कृपाल सिंह (2) कृपाल सिंह पुत्र हरिचरन सिंह (3) हरजीत कौर पुत्री हरिचरन सिंह (4) वीरेन्द्र कौर पत्नी हरिचरन सिंह (6) सुखदेव सिंह पुत्र किसान सिंह निवासीगण बढैयाखेड़ा प. मगदापुर तह. गोला खीरी
चूंकि उपरोक्त नामांकित में इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2024/04 के 15 दिवस को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज 2024/04 के 01 दिवस को निकाली गयी ।
न्यायाधीश

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल वास्तु हाउसिंग फाईनेंस का.लि. शाखा राधा भवन सेकन्ड फ्लोर 149/262 सिविल लाइन्स बरेली से कु. मीना पुत्री प्रेमनारायन व श्रीमती पार्वती देवी पत्नी प्रेम नारायन निवासीगण म.नं. 181 मोहल्ला अंसारी-III फतेहगंज पश्चिमी शहर व जिला बरेली एक किता मकान रक्बई 50.16 वर्गमी. जो खसरा नं. 789 मि. के भाग पर तामीर है वाकै नेकपुर लाइन पार बदायूँ रोड से पूरब की ओर एवं रेलवे लाइन से पश्चिम के मध्य पर. तह. व जिला बरेली जिसकी चौहद्दी पूरब में रास्ता 12 फिट चौड़ा बादहू मकान सुबोध सक्सेना, पश्चिम में नाला, उत्तर में मकान विजय सिंह व दक्षिण में नाला बादहू मकान सत्यवीर है को बंधक रखकर मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे हैं उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित एक पूर्व मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री स. र. बरेली में दिनांक 03.12.1998 को फो.प्र.पु. सं. 1 खण्ड 71 के पृष्ठ 399 से 408 पर क्रमांक 1586 पर हुई है जो कहीं खो गया है जिसके खोने की सूचना दिनांक 04.04.2024 को ई-थाना पर दर्ज कराई जा चुकी है।
अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/बैंक/ संस्था आदि को उक्त बंधक सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 05 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल वास्तु हाउसिंग फाईनेंस का. लि. बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।
दिनांक : 09.04.2024
मुनीश कुमार सक्सेना एडवोकेट
चैम्बर नं.-7, न्यू बिल्डिंग बंगलिया, सिविल कोर्ट, बरेली।
सूचीबद्ध अधिवक्ता वास्तु हा.फा.का.लि. बरेली मो.नं.-9997389012

VACANCY
REQUIREMENT OF MANAGER FOR GARUD UNIT RUN CANTEEN AT BAREILLY CANTONMENT
Email ID: garudURC@gmail.com
Invites Application from eligible candidates for the following post on contractual basis

| Post | Vacancy | Minimum Qualification/Experience/Age |
|---|---|---|
| Manager for Garud Unit Run Canteen | 01 | • Preferable MBA/Diploma in management<br>• Experience of managing stn level URC during service.<br>• Less than 60 years of age.<br>• Preferable a Retired Army/AF/Navy pers<br>• Residing in Bareilly (preferable in vicinity of URC).<br>• Can wk as per flexible hours as per URC reqmt.<br>• Preference will be given to ESM/NOK/ dependent of ESM. |

Salary perks and privileges as per Canteen SOP and Rules.
Action process : Application along with resume/CV with relevant documents as per eligibility criteria should be submitted through email only garudurc@gmail.com before 2359hr on 14 Apr 2024. Application received post 14 Apr 2024 will be re-jected shortlisted candidates will be called for interview on 16 Apr 2024. Confirmation on date and time will be intimated through email/telephonically.
Officer-in-Charge
Garud URC
Bareilly-243001

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्र अखिलेश यादव को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। उदयपाल सिंह पुत्र श्री बालकराम नि. ग्रा. रोहरी पो. सलेमपुर तह. व थाना दातागंज, बदायूं

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरी एम.बी.ए. की डिग्री जिसका रोल नम्बर 214016 इन्रोलमेंट नं. 214016 / एफ टी / 2009-11 है, वास्तव में कहीं खो गई है। अंकिता गोंसाई पुत्री श्री कमल सिंह गोसांई, निवासी-पुरानी चांदमारी, सुभाष नगर, जिला बरेली

सूचना
मैंने अपने पुत्र जगदीश को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। मुन्नी देवी पत्नी स्व. मुल्लू नि. मो. इन्द्रनगर हाथीपुर उत्तरी शहर व तहसील लखीमपुर परगना जिला खीरी

सूचना
मैंने अपने तीन विवाहित पुत्र क्रमशः असीन खां, इरशाद खां व शमशाद खां व उक्त तीनों की बीबियां व सबके बच्चों को इन सबके गलत आचरण व गलत संगत में पड़ जाने के कारण इन सबसे समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। नसीर खान पुत्र वसीर खान, ग्राम खजुरिया जुल्फिकार, पोस्ट मुड़िया अहमद नगर, जिला बरेली

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

नगीना लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश की 17 आरक्षित सीटों में शामिल है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की यह सीट वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले ही अस्तित्व में आई थी। नगीना क्षेत्र बिजनौर जिले की तहसील है। पहले यह बिजनौर लोकसभा क्षेत्र का ही हिस्सा था। इस लोकसभा सीट के तहत आने वाले नजीबाबाद को 'गेटवे ऑफ हिमालय' पुकारा जाता है। नगीना की गिनती आज दलित राजनीति की प्रयोगशाला के रूप में की जाती है। लोकसभा क्षेत्र बनने के बाद हुए तीन चुनावों में इस सीट पर किसी एक दल को जीत नहीं मिली है। 2009 में यहां से सपा जीती तो 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने कमल खिलाया था। 2019 के चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ और यह सीट बसपा के खाते में आई तो बसपा ने भाजपा को हरा दिया। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि नगीना के 16 लाख 38 हजार से अधिक मतदाता इस बार के चुनाव में 19 अप्रैल को किस राजनीतिक दल की अंगूठी की शोभा बढ़ाने के लिए मतदान करेंगे।

# किस दल की अंगूठी में सजेगा इस बार नगीना


मनोज त्रिपाठी


**अमृत विचारः** नगीना लोकसभा सीट इस बार बसपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है। पार्टी यहां 2019 में मिली जीत की लय को बरकरार रखना चाहती है। लेकिन उसके सामने भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशियों से बड़ी चुनौती भीम आर्मी चीफ तथा आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद हैं, जो उसके ही वोट बैंक पर ताल ठोंक रहे हैं। आजाद बीते एक साल से इस सीट से लोकसभा में पहुंचने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन्हें वाई श्रेणी सुरक्षा मिली हुई है। आजाद की चुनौती से निपटने के लिए ही बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने तीन दिन पहले अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज यहां से किया और पहली ही रैली में चंद्रेशखर आजाद पर दलित युवकों को गुमराह करने, झगड़ा करवाने, मदद से पीछे हटने और उनका करियर बर्बाद करने जैसे आरोप लगाते हुए जमकर हमला बोला। आकाश आनंद ने नाम लिए बिना कहा कि वो दलित युवकों को आंदोलनों, प्रदर्शनों और झगड़ों में ले जाते हैं, इसके चलते युवाओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। बाद में नेता मदद के नाम पर गायब हो जाते हैं। युवकों को मुकदमों के कारण सरकारी नौकरी नहीं मिल पाती। बहन जी इस तरह का कल्चर कतई पसंद नहीं करती हैं। दरअसल नगीना में मुस्लिम और दलित मतदाता कुल वोटरों के आधे से ज्यादा हैं। दलित के साथ मुस्लिम मतदाता पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जिन सीटों पर बसपा को पसंद करते हैं, उनमें नगीना प्रमुख है। ऐसे में नगीना सुरक्षित सीट पर सभी प्रत्याशी दलित वोटों की सेंधमारी में लगे हुए हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह वोट जिधर मुड़ जाएंगे, उस पार्टी के प्रत्याशी की जीत आसान होने की संभावना है। दलित वोटों के इस घमासान के बीच बसपा और आजाद समाज पार्टी मुस्लिम मतदाताओं से भी अपने पक्ष में उम्मीद लगाए बैठे हैं, जबकि सपा यह मानकर चल रही है कि मुस्लिम वोटर उसके प्रत्याशी के पक्ष में ही मतदान करेंगे। इन परिस्थितियों में नगीना सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का होने के आसार हैं।


## पिछले तीन चुनावों में जनता ने हर बार नया दल और नया सांसद चुना


- सपा-बसपा की राह में बड़ा कांटा बनते नजर आ रहे हैं चंद्रशेखर आजाद
- मुस्लिम-दलित बाहुल्य सीट पर वोटों के बंटवारे से भाजपा के लिए मौका




### विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | पुरुष | महिलाएं | अन्य | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| नजीबाबाद | 186699 | 165469 | 19 | 352187 |
| नगीना (सु.) | 185663 | 164416 | 12 | 350091 |
| धामपुर | 161460 | 142520 | 18 | 303998 |
| नहटौर (सु.) | 162497 | 144680 | 04 | 307181 |
| नूरपुर | 172951 | 151912 | 09 | 324872 |

### पांच विधानसभा सीटों में तीन पर सपा काबिज

नगीना लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से नगीना, नजीबाबाद और नूरपुर सीट पर समाजवादी पार्टी काबिज है। जबकि धामपुर और नहटौर सीट पर भाजपा का कब्जा है।

## प्रत्याशी प्रोफाइल

### ओम कुमार – भाजपा




भाजपा प्रत्याशी विधायक ओम कुमार नगीना लोकसभा क्षेत्र में आने वाली नहटौर विधानसभा सीट से जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। वर्ष 2012 में नहटौर सीट अस्तित्व में आई थी, तभी से वह इस पर काबिज हैं। एक बार बसपा तो दो बार भाजपा से विधायक चुने गए हैं। पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। रालोद के साथ गठबंधन होने के कारण इलाके में उनकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है।



### चंद्रशेखर आजाद - आजाद समाज पार्टी

युवा चेहरा हैं। दलित युवाओं में अच्छी पैठ है। मुस्लिमों के बीच भी कुछ प्रभाव रखते हैं। जाटव बिरादरी से आते हैं। भीम आर्मी बनाकर शोषित–वंचित समाज की आवाज उठानी शुरू की। चार साल पहले आजाद समाज पार्टी बनाई थी, जिसके अध्यक्ष हैं। सहारनपुर के होने के बावजूद आजाद नगीना क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। सपा से बात नहीं बनने के बाद अकेले मैदान में उतरे हैं।



### सुरेंद्र पाल सिंह – बहुजन समाज पार्टी

बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल इससे पहले पार्टी के टिकट पर पुरकाजी विधानसभा से 2022 में चुनाव लड़ चुके हैं, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. वह तीसरे नंबर पर रहे थे। लोकसभा का पहला चुनाव है। स्थानीय न होना कमजोरी माना जा रहा है। इस बार बसपा का किसी से गठबंधन नहीं होने से अकेले ही पार्टी कॉडर वोट के साथ अन्य वर्गों के वोट संभालने की चुनौती है।

### मनोज कुमार –समाजवादी पार्टी



सपा ने अनुसूचित जाति से आने वाले पूर्व जज मनोज कुमार को प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने न्यायिक सेवा से वीआरएस लेकर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की है। वह बिजनौर में ही जज के पद पर कार्यरत थे। कांग्रेस से गठबंधन के बाद नगीना सीट इस बार सपा के कोटे में आई थी। जज का पद छोड़कर राजनीति में आने के सवाल पर मनोज कुमार का कहना है कि यह वह मंच है, जहां नीतियां बनाई जाती हैं।



**लोकतंत्र का पर्व** लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ता खूब मेहनत कर रहे हैं। देहरादून में महिला कार्यकर्ताओं ने हथेली पर पार्टी मेहंदी से कमल का निशान बनवाया।

# महाराष्ट्र में किसका खेल बिगाड़ेंगी बसपा सुप्रीमो

**नागपुर।** नामांकन के बाद शहर व जिले में केवल महायुति व महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों का चुनाव प्रचार ही जोरों से नजर आ रहा था लेकिन अब बसपा के कार्यकर्ता भी उत्साह व जोश से भर गए हैं। इसकी वजह, पार्टी प्रमुख मायावती का चुनाव प्रचार के लिए आना है। बसपा सुप्रीमो की सभा 11 अप्रैल को उत्तर नागपुर के बेझनबाग मैदान पर होगी। बसपा ने राज्यभर की सभी 48 सीटों पर अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं।

नागपुर जिले की दोनों सीटों पर नागपुर से योगेश लांजेवार और रामटेक से संदीप मेश्राम बसपा के उम्मीदवार हैं। दोनों ही उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में मायावती के आने से नई ऊर्जा का संचार हुआ है, वे अब पूरे जोश से प्रचार में जुट गए हैं।

पाटी के प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तम शेवडे ने दावा किया कि मायावती की सभा से बसपा का सोया हुआ कैडर वोट जागने वाला है और जो वोट अन्य पार्टियों की ओर डायवर्ट होते रहे हैं वे भी वापस लौटेंगे। यूपी सहित पूरे देश में बसपा के वोट का प्रतिशत घटता जा रहा है। ऐसे में मायावती ने अपने भांजे को पार्टी के संभावित चेहरे के रूप में सामने किया है। महाराष्ट्र की सभी 48 सीटों पर उम्मीदवार दिये हैं। पार्टी में फिर से जान फूंकने के लिए वे खुद प्रचार-प्रसार के लिए मैदान में उतर रही हैं। नागपुर की सभा में राष्ट्रीय समन्वयक व महाराष्ट्र प्रदेश मुख्य प्रभारी सांसद राम गौतम, नितिन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर गोणारे सहित उम्मीदवार उपस्थित रहेंगे। बसपा के पूरे जोश से मैदान में आने से दूसरी पार्टियों का वोट प्रतिशत भी गड़बड़ा सकता है।



नागपुर में कल मायावती करेंगी जनसभा, राज्य में सभी 48 सीटों पर बसपा ने उतारे हैं उम्मीदवार



**मांगा समर्थन** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु की साउथ चेन्नई लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी के लिए रोड शो किया तो भारी भीड़ मोदी...मोदी नारे लगाती रही।

# अखिलेश पीलीभीत से शुरू करेंगे चुनाव प्रचार अभियान

**पीलीभीत ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव की लोकसभा चुनाव के लिए पहली रैली ईद के अगले दिन पीलीभीत में 12 अप्रैल को होगी। भाजपा ने यहां वरुण गांधी का टिकट काटकर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को मैदान में उतारा है। सपा ने पूर्व मंत्री भगवतशरण गंगवार को प्रत्याशी बनाकर सामाजिक समीकरणों पर नजर गड़ाई है। यहां कुर्मी वोटरों की बहुतायत है। वरुण की उदासीनता के बीच सपा अपने लिए संभावनाएं देख रही है।



अखिलेश यादव।

# बेटे को हराने में जुटे कांग्रेस नेता एके एंटनी

**नई दिल्ली।** केरल के पथानामथिट्टा लोकसभा सीट भाजपा के उम्मीदवार अनिल एंटनी के लिए उनके पिता एके एंटनी ने ही मुश्किल खड़ी कर दी है। बेटे अनिल एंटनी के भाजपा में जाने से आहत कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी उन्हें हराने की मुहिम में जुट गए हैं। कुछ माह पहले ही अनिल एंटनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में विश्वास जताते हुए भाजपा का दामन थाम लिया था। भाजपा ने भी उन्हें उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतार दिया।

बेटे पर हमलावर पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी ने कहा कि कांग्रेस के खिलाफ लड़ रहे बेटे अनिल का चुनाव हारना जरूरी है। नाराज एंटनी ने कहा कि दक्षिण केरल से चुनाव लड़ने वाले एंटो एंटनी को चुनाव जीतना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस को ही खुद का धर्म बताया।



अनिल एंटनी।



एके एंटनी।

**दलित वोट बैंक** 2014 में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर लहराया था जीत का परचम, पिछली बार बसपा ने झटक ली थीं दो सीटें

# भाजपा यूपी में आरक्षित सीटों से करेगी मिशन–80 को सुरक्षित

महेश शर्मा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस का कभी परंपरागत वोट कहा जाने वाला दलित (अनुसूचित जाति) सामाजिक परिवर्तन का प्रभाव और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ते-लड़ते इतना समझदार हो गया है कि वह अब किसी दल का वोट बैंक नहीं रहा। लेकिन उत्तर प्रदेश में दलित वोटों का भाजपा की तरफ झुकना बसपा, सपा और कांग्रेस जैसे दलों के लिए चिंता का सबब नहीं, खतरे की घंटी है कि जल्दी ही राजनीति नहीं बदली तो एक बड़े सामाजिक आधार का समर्थन खो देना तय है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में इसकी बानगी नजर भी आ चुकी है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि इस बार दलितों का वोट किधर जाएगा। भाजपा ने मिशन -80 का लक्ष्य पूरा करने के लिए एक बार फिर सभी 17 आरक्षित सीटों पर कमल खिलाने की रणनीति बनाई है।



वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर जीत का परचम लहरा दिया था। लेकिन पिछले चुनाव में उसे दो सीटों का नुकसान उठाना पड़ा था। सपा के साथ गठबंधन के चलते बसपा ने नगीना और लालगंज उससे छीन ली थी। भाजपा के हाथ 15 सीटें लगी थीं। इस चुनाव में फिर से भाजपा ने सभी 17 सीटों पर जीत के लिए अपनी पूरी ताकत लगाई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता दावा कर रहे हैं कि दलित वोटों का रुझान पार्टी की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। 2014 की तरह इस बार भी सुरक्षित सीटों पर भाजपा का स्ट्राइक रेट शत-प्रतिशत रहेगा।

सुरक्षित सीटों का महत्व अनुसूचित जाति के वोटरों की पर्याप्त उपस्थिति के कारम माना जाता है। यही राज्य की कुल आबादी का 21 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। सबसे ज्यादा करीब 11 फीसदी जाटव, 3.3 फीसदी पासी, 3.15 वाल्मीकि, 1.2 गोंड, धानुक, खटिक और 1.6 फीसदी अन्य में अनुसूचित जातियां बंटी हैं। इन्हें लुभाने के लिए भाजपा ने जयंत चौधरी की आरएलडी, ओपी राजभर की सुभासपा, संजय निषाद की निषाद पार्टी, अनुप्रिया पटेल की अपना दल (एस) समेत छोटे जाति आधारित समूहों को शामिल करके एनडीए का विस्तार किया है। बीते दो चुनाव देखें तो पता चलता है कि भाजपा ने गैर जाटव अनुसूचित जातियों व गैर यादव ओबीसी और ऊंची जातियों पर जमकर फोकस किया है। आमतौर पर जाटव बसपा तो यादव सपा के पक्ष में रहते हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लाक सत्ताधारी गठबंधन एनडीए के खिलाफ मजबूती से खड़ा होने का दम भर रहा है, लेकिन भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग के आगे दलित वोटरों को लुभाना उसके लिए आसान नहीं दिखता। बसपा पहले ही इंडिया ब्लाक से दूरी बनाकर चुनाव लड़ रही है। विश्लेषक मानते हैं कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) फार्मूला पर सवारी गांठने के बावजूद सपा को उन दलितों को समझाना मुश्किल होगा जो सपा के पिछले शासनकाल को अपने शत्रुतापूर्ण व्यवस्था मानते हैं।

केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की वेब साइट के अनुसार यूपी में 66 जातियां हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने आरक्षित 17 सीटों में 6 जाटव, पांच पासी, दो दुसाध, दो खटिक व दो धोबी प्रत्याशी उतारे थे। सपा-बसपा व आरएलडी गठबंधन में 10 बसपा व 7 सीटें सपा-आरएलडी को मिली थीं जिसमें बसपा ने अपने हिस्से वाली सीटों में 9 पर जाटव व एक पर पासी प्रत्याशी खड़ा किया था। सपा ने 3 पासी, एक जाटव, एक वाल्मीकि, एक कोल व एक धानुक को टिकट दिया था। दूसरी तरफ भाजपा ने 17 आरक्षित सीटों में से 16 पर अपने प्रत्याशी लड़ाए थे। एक सीट अपना दल (एस) को दे दी थी। भाजपा ने 16 में 6 पासी, 3 खटिक, 2 जाटव, एक धानुक, एक वाल्मीकि, एक गोंड, एक कोरी व एक गडेरिया जाति का प्रत्याशी उतारा था।

इनमें भाजपा के 14 प्रत्याशी जीते थे। एक सीट सहयोगी दल अपनादल (एस) ने जीती थी। इस प्रकार 17 जीते उम्मीदवारों में 06 पासी, 03 जाटव, 02 खटिक, 01 धानुक, 01 वाल्मीकि, 01 गोंड, 01 कोरी, 01 कोल और 01 गडेरिया जाति से शामिल था।

### लोकसभा की आरक्षित सीटों पर दलीय प्रदर्शन

| वर्ष | भाजपा | बसपा | सपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 2004 | 03 | 05 | 07 | 01 | 01 |
| 200 | 02 | 02 | 10 | 02 | 01 |
| 2014 | 17 | -- | -- | -- | -- |
| 2019 | 15 | 02 | -- | -- | -- |

### विधानसभा चुनाव में सत्ता की चाबी हैं सुरक्षित सीटें

- प्रदेश की विधान सभा में कुल 86 सीटें आरक्षित हैं। इनमें दो सीटें एसटी के लिए सुरक्षित हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन ने 65 सीटों पर जीत का परचम लहराया था। इससे पहले 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 सीटें हासिल की थीं। दोनों ही बार उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। इसी तरह वर्ष 2012 के चुनाव में सपा ने 58 सुरक्षित सीटें जीती थीं और प्रदेश में सरकार बनाई थी। वर्ष 2007 के चुनाव में बसपा ने 61 आरक्षित सीटें जीतकर सत्ता का दरवाजा खोला था।

### इन जिलों में एक चौथाई से ज्यादा दलित आबादी

- सोनभद्र –41.92, कौशांबी –36.10, सीतापुर –31.87, हरदोई– 31.36, उन्नाव –30.64, रायबरेली –29.83, झांसी –28.07, औरैया –27.69, जालौन –27.04, बाराबंकी –26.89

### ये हैं आरक्षित 17 लोकसभा सीटें

- यूपी में 17 सुरक्षित लोकसभा सीटें नगीना, बुलंदशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, इटावा, बहराइच, जालौन, मोहनलालगंज, कौशांबी, बाराबंकी, लालगंज, मछली शहर, राबट्‌र्सगंज और बांसगांव हैं। ये सीटें पश्चिमी से पूर्वी यूपी तक फैली हुई हैं।



## कांग्रेस ने आंध्र की छह लोस, 12 विस सीट के उम्मीदवार किए घोषित

**अमरावती।** कांग्रेस ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश की छह और लोकसभा सीट तथा 12 विधानसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति के निर्णय के अनुसार तिरुपति के पूर्व सांसद सी. मोहन इसी संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे और के. राजू को नेल्लोर से उम्मीदवार बनाया गया है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि विशाखापत्तनम से पी. सत्यनारायण रेड्डी, अनाकापल्ली से वी. वेंकटेश, एलुरू से के. लावण्या और नरसराओपेटा से जी. अलेक्जेंडर सुधाकर को उम्मीदवार बनाया गया है।

दो अप्रैल को, कांग्रेस ने पांच लोकसभा सीट और 114 विधानसभा सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। पार्टी ने 12 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। आंध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीट के लिए मतदान 13 मई को और मतगणना चार जून को होगी।

### प्रचार में झोंक रहे हैं ताकत



लोकसभा चुनाव का शंखनाद बस होने को है 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदाना होगा। सभी पार्टियां अपने-अपने उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए जनता को रिझाने में लग चुकी हैं। इसी क्रम में तिनसुकिया में आम आदमी पार्टी नेता आतिशी अपने पहले एक रोड शो के दौरान डिब्रूगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार मनोज धनोवर के साथ जनता के बीच नजर आईं।

## राजद ने लोकसभा चुनाव के लिए 22 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए 22 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा मंगलवार को कर दी । राजद के केंद्रीय और राज्य संसदीय बोर्ड द्वारा प्रत्याशी चयन एवं निर्णय लेने के लिए अधिकृत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर अपनी स्वीकृति दी है।

इसके बाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के हस्ताक्षर से सूची देर शाम जारी कर दी गई। सूची में श्री लालू प्रसाद यादव की दोनों बेटी मीसा भारती और रोहिणी आचार्य का नाम भी शामिल है । पार्टी ने पाटलिपुत्र से मीसा भारती, सारण से रोहिणी आचार्य, गया से कुमार सर्वजीत पासवान, नवादा से श्रवण कुमार कुशवाहा, जमुई से अर्चना रविदास,.बांका से जय प्रकाश यादव, पूर्णिया से बीमा भारती, दरभंगा से ललित यादव, बक्सर से सुधाकर सिंह, सुपौल से चंद्रहास चौपाल, वैशाली से विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला, औरंगाबाद से अभय कुमार कुशवाहा हाजीपुर से शिवचंद्र राम, अररिया से शाहनवाज आलम, जहानाबाद से सुरेंद्र प्रसाद, मुंगेर से अनीता देवी महतो, उजियारपुर से आलोक कुमार मेहता, सीतामढ़ी से अर्जुन राय, मधुबनी से अली अशरफ फातमी, वाल्मीकिनगर से दीपक यादव, शिवहर से रितू जायसवाल और मधेपुरा से कुमार चन्द्र दीप को अपना उम्मीदवार बनाया है।

## एमवीए ने लोकसभा चुनाव को लेकर किया सीटों का बंटवारा

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को सीट-बंटवारा समझौते की घोषणा की, जिसके तहत राज्य में शिवसेना (उद्धव ठाकरे) 21, कांग्रेस 17 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) 10 सीट पर चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस ने विवादास्पद सांगली और भिवंडी सीट पर दावा छोड़ दिया और वहां से अब क्रमशः शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) चुनाव लड़ेंगी।

राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि सहयोगी दलों के बीच सीट को लेकर मतभेद नहीं है और राज्य की 48 संसदीय सीट का आवंटन सर्वसम्मति से किया गया। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि गठबंधन का लक्ष्य भाजपा को हराना है और कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि पार्टी ने इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए उदारता का परिचय देने का फैसला किया है। पवार, ठाकरे और पटोले ने कई सप्ताह की बातचीत के बाद सीट के लिए समझौते की घोषणा की। दक्षिण मुंबई स्थित शिवसेना (यूबीटी) कार्यालय 'शिवालय' में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि सीट-बंटवारे को लेकर समझौता हो गया है।

### राज ठाकरे ने मोदी का किया समर्थन

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने मंगलवार को राज्य में सत्तारूढ़ 'महायुति' को बिना शर्त समर्थन देने की पेशकश की। 'महायुति' में भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार नीत राकांपा घटक हैं। मनसे की आयोजित गुड़ी पड़वा रैली में ठाकरे ने मोदी का समर्थन करने की घोषणा की और कहा कि लोकसभा चुनाव देश का भविष्य तय करेगा।

### मंदिर आंदोलन के विरोध ने बढ़ाई सपा की ताकत, अयोध्या की सोशल इंजीनियरिंग ने दिखाई बसपा को नई राह


# बदली अयोध्या तो बदल गया सपा और बसपा के वोटों का अंकगणित

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** अयोध्या बदलने लगी तो सपा-बसपा के वोटों का अंकगणित भी बदल गया। लगभग डेढ़ दशक से दोनों दलों के वोटों में गिरावट लगातार जारी है। इस चुनाव में क्या होगा यह तो समय बताएगा लेकिन दोनों दलों के प्रदर्शन पर सबकी निगाहें है।

उत्तर प्रदेश में दोनों दलों को ऊर्जा अयोध्या से मिली। समाजवादी पार्टी का जन्म ही अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन से हुआ। विवादित ढांचा ढहाए जाने के बाद 1992 में सपा का गठन हुआ। जैसे-जैसे विरोध के स्वर तेज हुए अल्पसंख्यकों का साथ बढ़ता गया। जातीय सियासत और आंदोलन के विरोध ने सपा को फर्श से अर्श तक पहुंचा दिया। प्रदेश की सत्ता से देश में 36 सीटें जीतने का रिकॉर्ड बना दिया। सीटों की दृष्टि से सपा लोकसभा चुनाव 2004 में अपने शीर्ष पर रही, जब उसने महज 4.32 फीसदी वोट के साथ 36 सीटें जीती।

बसपा की स्थापना तो 14 अप्रैल 1984 में ही हो गई थी, लेकिन अयोध्या (अविभाजित फैजाबाद) में नब्बे के दशक से शुरू हुई बसपा की सोशल इंजीनियरिंग ने उसे भी प्रदेश की सत्ता शीर्ष तक पहुंचा दिया। प्रदेश की सत्ता में तो वह बाद में आई लेकिन अपनी ताकत का अहसास कराना 2004 से ही शुरू करा दिया था। सन् 2004 के लोकसभा चुनाव में 5.33 फीसदी वोट के साथ बसपा ने 19 सीटें जीती। यह दौर बसपा और सपा का था। सन् 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने प्रदेश की सत्ता पर कब्जा कर लिया। सन् 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 21 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। बसपा को इस चुनाव अब तक के सबसे ज्यादा 6.17 फीसदी वोट प्राप्त हुए। उत्तर प्रदेश की सत्ता के साथ ही बसपा की ताकत घटने का दौर भी शुरू हो गया।




सन् 2009 के चुनाव में सपा अपना सन् 2004 के लोक सभा चुनाव का पुराना प्रदर्शन तो नहीं दोहरा पाई लेकिन लगभग 5.8 फीसदी वोटों के साथ उसने 22 सीटें जीती। 2012 का विधानसभा चुनाव आते-आते सपा की ताकत चरम पर पहुंच गई। सपा ने बसपा से सूबे की सत्ता छीन ली और यूपी की सत्ता पर काबिज हो गई। वोटों के लिहाज से इक्कीसवीं शताब्दी के पहले 12 साल प्रदेश में इन्ही दोनों दलों को सिक्का चला। कभी साथ चले तो कभी एक-दूसरे को पटकनी देने के लिए चरम के वाकयुद्ध तक पहुंच गए। इस दौर में वोटों का ध्रुवीकरण कुछ इस तरह हुआ कि यूपी में सत्ता संघर्ष के साथ लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन को लेकर आमने-सामने रहीं। सन् 1998 और 2004 के लोकसभा चुनाव में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली सपा और 2009 में अपना बेहतर प्रदर्शन करने वाली बसपा के शताब्दी के दूसरे दशक से फिर उसे दोहराने का प्रयास ही करती रह गई। इनके वोटों में गिरावट का दौर थमा नहीं। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा अपने 4.2 फीसदी वोट को सीट में नहीं तब्दील कर पाई लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में 3.66 फीसदी वोट को ही उसने 10 सीटों में तब्दील किया, लेकिन सपा उछाल नहीं भर पाई। वह इन दोनों चुनावों में 3.44 फीसदी और 2.55 फीसदी वोट पाने के बावजूद पांच ही सीटों पर स्थिर रह गई।

इसके पीछे कारण राम मंदिर आंदोलन, ध्रुवीकरण और जातीय सियासत ही रही। सन् 2014 का लोकसभा चुनाव आते आते सियासी परिदृश्य बदलने लगा। सियासत की अंतरधारा में राम मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन की बजाए अंदरखाने में मोदी के नेतृव में मंदिर निर्माण शुरू कराने की ऐतबार जागृत करने का प्रयास शुरू हो गया। भाजपा ने इसके जरिए सूबे में बसपा की सोशल इंजीनियरिंग की धार कुंद करनी शुरू कर दी। जातीय समीकरण छिन्न-भिन्न होने लगा। सपा का आंदोलन विरोध धीमा पड़ने लगा। सत्ता के दौरान कानून व्यवस्था मुद्दा बनने लगा तो उसके वोट भी तितर-बितर हो गए। परिणाम रहा कि सन् 2014 में भाजपा के सामने दोनों दल टिक नहीं पाए। सन् 2019 का लोक सभा चुनाव आते-आते फिर एक बार राम मंदिर पर लगातार सुनवाई और फैसले की सुगबुगाहट ने सियासी माहौल को बदले रखा। मशक्कत के बाद भी सपा-बसपा भाजपा की बढ़त को रोक नहीं पाए।


**सपा-बसपा को लोकसभा चुनावों में मिले वोटों का प्रतिशत**

| साल | बसपा | सपा |
|---|---|---|
| 1996 | 4.02 | 3.28 |
| 1998 | 4.67 | 4.93 |
| 1999 | 4.16 | 3.8 |
| 2004 | 5.33 | 4.32 |
| 2009 | 6.17 | 5.8 |
| 2014 | 4.19 | 3.4 |
| 2019 | 3.66 | 2.55 |

## आईना : बाराबंकी लोकसभा सीट




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| उपेन्द्र सिंह रावत | 535,917 |
| राम सागर रावत | 4,25,777 |
| तनुज पुनिया | 1,59,575 |





| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | प्रियंका सिंह रावत | 4,54,214 |
| कांग्रेस | पन्ना लाल पुनिया | 2,42,336 |
| बसपा | कमला प्रसाद रावत | 1,67,150 |
| सपा | राज रानी रावत | 1,59,284 |

बाराबंकी के क्षेत्र




**निर्वाचित सांसदों की सूची**

| वर्ष | प्रत्याशी का नाम | पार्टी |
|---|---|---|
| 1951 | गंगा देवी | कांग्रेस |
| 1957 | राम सेवक यादव | निर्दल |
| 1962 | राम सेवक यादव | एसओसी |
| 1967 | आर एस यादव | एसएसपी |
| 1971 | कुंवर रुद्र प्रताप सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | राम किंकर | बीएलडी |
| 1980 | राम किंकर | आईएनपी(एस) |
| 1984 | कमला प्रसाद | कांग्रेस |
| 1989 | राम सागर | जेडी |
| 1991 | राम सागर | जेपी |
| 1996 | राम सागर | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | बैजनाथ रावत | भाजपा |
| 1999 | राम सागर | समाजवादी पार्टी |
| 2004 | कमला प्रसाद | बीएसपी |
| 2009 | डॉ.पीएल पुनिया | कांग्रेस |
| 2014 | प्रियंका सिंह | भाजपा |
| 2019 | उपेंद्र सिंह रावत | भाजपा |




# 17 लोकसभा चुनाव, 7 बार 50 फीसदी से कम वोटर पहुंचे बूथ

नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी

- 2019 में बना कीर्तिमान, 1951 में सबसे कम हुआ मतदान
- स्थानीय प्रशासन ने 70 फीसदी से ज्यादा मतदान का बनाया लक्ष्य

**अमृत विचार :** आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में बाराबंकी के मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव पर ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। वहीं 2019 में यहां के वोटरों ने अब तक के सबसे ज्यादा मतदान कर कीर्तिमान स्थापित किया।

इस बार भी प्रशासन 2019 का रिकार्ड तोड़ने के लिए भरपूर प्रयास में लगा है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने इस बार 70 फीसदी से ज्यादा मतदान कराने का लक्ष्य बनाया है। वर्ष 1951 के चुनाव में मात्र 34.10 प्रतिशत ही मतदाता बूथ पर पहुंचे थे। लेकिन दूसरे लोकसभा चुनाव में वर्ष 1957 में जरुर मतदान प्रतिशत बढ़ा और 44.91 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

1967 में वोटरों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। और 53.97 प्रतिशत मतदान कर अपने सांसद का चुनाव किया। वही अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में सात बार जिले के 50 प्रतिशत से कम लोग बूथ तक मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। वहीं सबसे अधिक मतदान वर्ष 2019 में हुआ था। इस चुनाव में 63.5 प्रतिशत मतदाताओं ने बूथों पर पहुंच कर मतदान किया था। जो कि अब तक का कीर्तिमान बना हुआ है।

> मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। 20 मई को घर से निकल अपने बूथ पर जाकर पहले मतदान करें इसके बाद कोई दूसरा काम करें।
>
> –सुनील पांडेय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

**लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत**

| चुनाव वर्ष | प्रतिशत | चुनाव वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1951 | 34.10 | 1989 | 52.59 |
| 1957 | 44.91 | 1991 | 51.19 |
| 1962 | 53.97 | 1996 | 46.23 |
| 1967 | 46.79 | 1998 | 52.59 |
| 1971 | 35.38 | 1999 | 57.93 |
| 1977 | 50.72 | 2004 | 44.47 |
| 1980 | 47.59 | 2009 | 52.30 |
| 1984 | 55.93 | 2014 | 62.00 |
| | | 2019 | 63.05 |


# सुलतानपुर में पंत व कैप्टन के पंजे से फिसल गई थी जीत

### स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे पर दोनों नेताओं को मिली थी शिकस्त, गनपत सहाय ने निर्दलीय के रूप में लहराया जीत का परचम


मनोज कुमार मिश्र

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** सुलतानपुर के मतदाताओं ने कई चुनावों में बेहद रोचक नतीजे दिए हैं। स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे ने जहां गोविंद बल्लभ पंत के पुत्र कृष्णचन्द्र पंत को धूल चटा दी। वहीं कैप्टन सतीश शर्मा को भी शिकस्त का मुंह देखना पड़ा।

कृष्णचन्द्र पंत को जिले के मशहूर अधिवक्ता गनपत सहाय ने हरा दिया। कैप्टन सतीश शर्मा को मो. ताहिर खान से मुंह की खानी पड़ी। कैप्टन सतीश शर्मा चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे। बाहरी और स्थानीय उम्मीदवार की लड़ाई का सबसे दिलचस्प नजारा इस सीट पर 1961 के उपचुनाव में देखने को मिला था। उस उपचुनाव की चर्चा से पहले इस सीट की सियासी पृष्ठभूमि देखना होगा। अमेठी नाम से संसदीय सीट के सृजन से पहले सुलतानपुर जिले में दो संसदीय सीटें थीं। 1951-52 के पहले आमचुनाव में सुलतानपुर सीट का नाम था सुलतानपुर जिला उत्तर साथ फैजाबाद जिला दक्षिण पश्चिम। अमेठी सीट पहले चुनाव में सुलतानपुर (दक्षिण) और 1957 के दूसरे चुनाव में मुसाफिरखाना संसदीय क्षेत्र कहलाई।



कृष्णचन्द्र पंत



कैप्टन सतीश शर्मा

कांग्रेस ने दोनों ही चुनावों में दोनों ही सीटों पर बाहरी उम्मीदवार दिए और वे जीते। पहले आमचुनाव में सुलतानपुर सीट पर इलाहाबाद के एडवोकेट एमए काजमी कामयाब रहे। उन्हें 46,901 और सुरेंद्र प्रताप शाही (आरआरपी) को 27,324 वोट मिले थे।

1957 में इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार थे पंडित मदन मोहन मालवीय के पुत्र गोविंद मालवीय। उनके विरुद्ध भारतीय जनसंघ के भास्कर प्रताप शाही चुनाव लड़ें थे। सफल मालवीय को 72,227 और निकटतम प्रतिद्वंद्वी शाही को 49,394 मत प्राप्त हुए। इन दोनों मौकों पर अमेठी सीट (पहले सुलतानपुर दक्षिण और फिर मुसाफिरखाना) में कांग्रेस ने महाराष्ट्रवासी बालकृष्ण विश्वनाथ केसकर को उम्मीदवार बनाया था। केसकर दोनों बार जीते और पंडित नेहरू कैबिनेट में भी शामिल किए गए और लम्बे समय तक सूचना प्रसारण मंत्री रहे। जिले की दोनों सीटों पर बाहरी प्रत्याशी थोपे जाने से खासतौर पर कांग्रेसी खेमे में असंतोष था। पंडित गोविंद मालवीय के असामयिक निधन के कारण 1961 में सुलतानपुर संसदीय सीट पर उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने फिर परंपरा दोहराई। इस बार उसकी ओर से उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और बाद में केंद्र में गृहमंत्री रहे पंडित गोविंद बल्लभ पंत के पुत्र कृष्ण चंद्र पंत को उम्मीदवार बनाया गया। जिले के दिग्गज कांग्रेसी नेता और मशहूर एडवोकेट बाबू गनपत सहाय विद्रोही निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे। वह सुलतानपुर जिला पंचायत अध्यक्ष, पालिकाध्यक्ष व विधायक रह चुके थे। अधिवक्ता भी थे और उनकी जनता में खासी पकड़ थी। यह पंडित नेहरू और कांग्रेस के वर्चस्व का दौर था, लेकिन कड़े मुकाबले में बाबू गनपत सहाय ने जीत दर्ज करके प्रदेश और केंद्र में हलचल मचा दी थी। इस उपचुनाव में बाबू गनपत सहाय को 37,785 और पंत को 36,656 वोट मिले थे। इस नतीजे का असर यह रहा कि 1962 के चुनाव और बाद के कुछ चुनावों में जिले की दोनों सीटों पर कांग्रेस ने बाहरी उम्मीदवारों से परहेज किया। हालांकि, कुछ समय के बाद फिर से चुनावी सियासत उसी पुराने ढर्रे पर लौट गई। अब बात करते हैं नेहरू गांधी परिवार के खासमखास कैप्टन सतीश शर्मा की।

कांग्रेस ने 2004 में कैप्टन साहब को सुलतानपुर सीट पर उतारा। बड़े-बड़े दिग्गज यहां प्रचार को आए। कैप्टन की बेटी सारिका शर्मा से लेकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी कार्यकर्ताओं में दम भरा। खूब खर्चे भी हुए। पर, नतीजा आया तो कांग्रेसी खेमे में मायूसी छा गई। इस चुनाव में कैप्टन सतीश शर्मा तीसरे नंबर पर रहे। बसपा से चुनाव मैदान में उतरे स्थानीय चेहरे मो. ताहिर खां के सिर पर जीत का सेहरा सजा। मो. ताहिर 2,61,564 वोट पाकर सांसद बन गए। दूसरे नंबर पर रहे समाजवादी पार्टी के स्थानीय उम्मीदवार शैलेंद्र प्रताप सिंह को 1,59,754 वोट मिले। कांग्रेस उम्मीदवार कैप्टन सतीश शर्मा को 1,54,245 मत ही प्राप्त हो सके।

**सन- 1961 (उपचुनाव)**

| | | |
|---|---|---|
| बाबू गनपत सहाय | निर्दलीय | 37,785 |
| कृष्णचंद्र पंत | कांग्रेस | 36,656 |

**वर्ष : 2004**

| | | |
|---|---|---|
| मो. ताहिर | बसपा | 2,61,564 |
| शैलेंद्र प्रताप सिंह | सपा | 1,59,754 |
| कैप्टन सतीश शर्मा | कांग्रेस | 1,54,245 |
| वीणा पांडेय | भाजपा | 91328 |

## चुनावी गतिविधियां

- मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रयोग की जा रही डमी बैलेट यूनिट व पेपर वास्तविक यूनिट व पेपर से अलग होने चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग ने इस सिलसिले में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने व प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों द्वारा तैयार की गई डमी बैलेट यूनिट के संबंध में आयोग को कोई आपत्ति नहीं है। डमी बैलेट यूनिट लकड़ी, प्लास्टिक या प्लाई बोर्ड बक्सों से बनी हो सकती है, जो अधिकारिक बैलेट यूनिट के आधे आकार की हो सकती है और इसे भूरे, पीले व स्लेटी कलर से रंगी जा सकती है। उन्होंने बताया कि डमी बैलेट पेपर की तरह ही डमी बैलेट यूनिट में भी उम्मीदवार का क्रमांक, नाम और प्रतीक दिखाने का प्रावधान हो सकता है।

एक : पापानि कुरुते फलं भुङ्क्ते महाजन: ।
भोक्तारो विप्रमुच्यन्ते कर्ता दोषेण लिप्यते ।।

मनुष्य अकेला पाप करता है और बहुत से लोग उसका आनंद उठाते हैं। आनंद उठाने वाले तो बच जाते हैं, पर पाप करने वाला दोष का भागी होता है।

## संपादकीय

# मतदान बढ़ाने की कोशिशें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को गारंटी दे रहे हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। ऐसे में भारत को उन देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल होने की भी आकांक्षा करनी चाहिए, जहां लोकतांत्रिक चुनावों में 80 प्रतिशत मतदान होता है। लेकिन कम मतदान की समस्या भारत के निर्वाचन आयोग के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। आयोग ने 266 ऐसे संसदीय क्षेत्रों की पहचान की है, जहां पिछले चुनाव में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से भी कम रहा था। लोकतांत्रिक अपेक्षाओं और कसौटियों के लिहाज से वास्तव में यह चिंताजनक है। देश के शहरी नागरिकों पर अक्सर आरोप लगाया जाता है कि वे चुनावी प्रक्रिया में दिलचस्पी तो रखते हैं, लेकिन शामिल नहीं होते। यानि मतदाताओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा राजनीति और चुनावों के प्रति उदासीन रहता है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग में इस बात को लेकर लगातार मंथन हो रहा है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत कैसे बढ़ाया जाए। चुनाव आयोग के मुताबिक कम मतदान वाले 215 ग्रामीण और 51 शहरी क्षेत्र हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, तेलंगाना, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और झारखंड और केंद्र शासित प्रदेशों में 2019 के लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय औसत 67.40 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। पिछले दिनों मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने नगर निगमों के आयुक्तों और बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों के जिला निर्वाचन अधिकारियों की मौजूदगी में कहा कि 'एक जैसा रुख सभी के लिए उपयुक्त है' वाला दृष्टिकोण इस मामले में काम नहीं आएगा। वास्तव में विभिन्न क्षेत्रों और खंडों के लिए अलग-अलग रणनीतियों पर काम करने की जरूरत है। ऐसे में जानना जरूरी है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोग की मतदान कार्यान्वयन योजना (टीआईपी) क्या है। यह एक लक्षित मतदाता पहुंच पहल है। टीआईपी का लक्ष्य चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके मतदान प्रतिशत को 70 प्रतिशत से आगे बढ़ाना है।

यह मतदाताओं की उदासीनता का मुकाबला करने और युवा और शहरी मतदाताओं जैसे उदासीन समूहों को शामिल करने के लिए विशिष्ट संचार प्रयासों की आवश्यकता पर भी जोर देता है। गौरतलब है कि चुनावी भागीदारी कार्यक्रम के परिणामस्वरूप भारत ने 2014 के चुनावों में मतदान का रिकॉर्ड बनाया। 2009 में, मतदान 58 प्रतिशत था, जो 2014 में 66.4 और 2019 में 67.6 प्रतिशत हो गया। आयोग को इसे 70 प्रतिशत से बढ़ने की उम्मीद है। मतदान में बढ़ोतरी के लिए चुनाव आयोग की कोशिशें स्वागत योग्य हैं। जरूरी है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# ईद, सीएए और बदला हुआ शाहीन बाग



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पूरे देश में मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या तीन से चार करोड़ मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तब ही कह दिया था कि शाहीन बाग एक 'प्रयोग' है, जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन विधेयक, 2019 के वास्तविक प्रावधानों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी ही नहीं है।

रमजान के महीने के अंत के बाद आज ईद मनाई जा रही है। इस बार की रमजान पर राजधानी दिल्ली के शाहीन बाग में जिस तरह का खुशगवार माहौल बना रहा उससे सारे देश और दुनिया में एक संदेश तो साफ तौर पर चला गया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) अब मुसलमानों के लिए कोई मुद्दा नहीं रहा।

याद करें कि इसी शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ महिलाओं ने लंबा धरना दिया था। धरने देने वाली महिलाएं कह रही थीं कि सीएए के बहाने मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाएगा। धरना कोविड फैलने के कारण सरकार ने सख्ती से बंद करवा दिया था। उस समय धमकी दी जा रही थी कि सीएए के खिलाफ धरना फिर शुरू होगा, पर यह नहीं हुआ। गृहमंत्री अमित शाह बार-बार मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए से उन्हें घबराने की कोई वजह नहीं है। इसका सकारात्मक असर हुआ। जब केन्द्र सरकार ने सीएए की पिछली 11 मार्च को अधिसूचना जारी की तो एक बार लगा कि इसका विरोध होगा, पर कहीं कुछ नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सीएए की अधिसूचना के बाद उम्मीद थी कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सीएए को लागू करने के मसले को लोकसभा चुनाव में उठाएंगे, लेकिन हैरानी की बात है कि किसी भी दल ने इसे मुद्दा नहीं बनाया।

दरअसल लोकसभा चुनावों का एजेंडा इस बार कुछ बदला-बदला सा है। आम तौर पर कांग्रेस और अन्य भाजपा विरोधी पार्टियां मोदी को कट्टर हिन्दुत्ववादी बताकर सेकुलर एजेंडे के साथ चुनाव मैदान में उतरती हैं, पर इस बार मुद्दा ईडी, सीबीआई और तानाशाही को बनाया जा रहा है। कांग्रेस भी उन मुद्दों को चुपचाप किनारे रखकर आगे बढ़ रही है, जिन पर भाजपा को घेरती रही है। सीएए, एनआरसी और धारा-370 जैसे मुद्दे कांग्रेस के घोषणापत्र से ही गायब हैं। आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल की सलाखों के पीछे वाली तस्वीर को अपनी चुनावी कैंपेन में प्रमुखता से पेश कर रही है। आपको याद होगा कि पिछली बार विधान सभा के चुनाव से पहले दिल्ली में सीएए से संबंधित चर्चाएं, विरोध प्रदर्शन या हिंसा की घटनाएं सबसे ज्यादा हुईं। केवल भारत से संबंध रखने वाले समुदायों के भीतर ही सीएए या एनआरसी के बारे में ही चिंताएं व्यक्त नहीं की गई, बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में भी यही के कुछ ताकतों ने भारत के विधेयकों के खिलाफ, रैलियां, सेमिनार या विरोध प्रदर्शन आयोजित करवाए। उनका उद्देश्य सीएए और उससे जुड़ी नीतियों के पक्ष या विपक्ष में केवल जागरूकता बढ़ाना नहीं था, बल्कि यह दिखाना भी था कि मोदी सरकार मुसलमानों के विरुद्ध काम कर रही है। उन प्रदर्शनों में अराजकता साफ दिखी। यह साबित करने की भी कोशिश हुई कि इस अधिनियम के माध्यम से मुसलमानों की नागरिकता का दोहन किया जाएगा।

> सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया और जल्दी ही यह हिंदू-मुस्लिम मुद्दे में बदल गया। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। महत्वपूर्ण है कि भारतीय संविधान में नागरिकता अधिनियम 1955 से ही मौजूद हैं। सीएए में किसी भी तब के प्रावधानों को नहीं छेड़ा गया है। नागरिकता अधिनियम 1955 के अनुसार कोई भी विदेशी, चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो, भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है और इससे पहले पाकिस्तान के कई लोगों (मुसलमानों को भी) को इसी आधार पर भारतीय नागरिकता दी गई है। बस प्रतीक्षा अवधि केवल 12 वर्ष की होती है।

सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया और जल्दी ही यह हिंदू-मुस्लिम मुद्दे में बदल गया। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। महत्वपूर्ण है कि भारतीय संविधान में नागरिकता अधिनियम, 1955 से ही मौजूद हैं। सीएए में किसी भी तब के प्रावधानों को नहीं छेड़ा गया है। नागरिकता अधिनियम, 1955 के अनुसार कोई भी विदेशी, चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो, भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है और इससे पहले पाकिस्तान के कई लोगों (मुसलमानों को भी) को इसी आधार पर भारतीय नागरिकता दी गई है। बस प्रतीक्षा अवधि केवल 12 वर्ष की होती है।

राजधानी दिल्ली में शाहीन बाग और कुछ हद तक खुरेजी के धरने देश के लिए सबक थे। सीएए के विरोध के नाम पर मंच सजते थे, जहां पर दिए जाने वाले सांप्रदायिक भाषण बहुत परेशान करने वाले थे। ओखला निर्वाचन क्षेत्र के नेताओं से लेकर जामिया विश्व विद्यालय के छात्र नेता तक ने सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। एक वर्ग के लोगों को यहां तक कहा गया कि मोदी मुसलमानों को डिटेंशन कैंप में भेज देंगे। अब उसी दिल्ली में सीएए का कोई विरोध नहीं है, क्योंकि अब दिल्ली के मुसलमान इसका हिस्सा नहीं बनना चाहते। प्रख्यात लेखक और इतिहासकार फिरोज बख्त अहमद कहते हैं कि सीएए में केवल सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों का उल्लेख है, जो स्पष्ट रूप से पाकिस्तान और बांग्लादेश में रहने की स्थिति में नहीं हैं। उन्हें यह भी मालूम है कि अहमदिया मुसलमान भी पाकिस्तान में उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। यदि वे भी चाहे तो पुराने कानून के अनुसार अन्य गैर भारतीयों की तरह नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। दिल्ली में बड़ी संख्या में बांग्ला और पाक 'शरणार्थी' जिनमें काफी संख्या में मुसलमान हैं, पिछले 20-30 सालों से आ रहे हैं। उनमें से अधिकतर के पास अब मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड और पासपोर्ट भी हैं। जाहिर है इसका काफी कुछ श्रेय कांग्रेस को जाता है।

पूरे देश में मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या तीन से चार करोड़ मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तब ही कह दिया था कि शाहीन बाग एक 'प्रयोग' है, जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन विधेयक, 2019 के वास्तविक प्रावधानों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी ही नहीं है। इसमें कहीं भी यह नहीं कहा गया है कि मुसलमानों को भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं है। जेल में जाने से पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि यदि सीएए से अधिक लोगों को नागरिकता दे दी जाएगी तो बेरोजगारी के आंकड़े ऊपर की ओर बढ़ जाएंगे। हालांकि अभी कोई सरकारी आंकड़ा सामने नहीं आया है, लेकिन एक अनुमान बताया जा रहा है कि 30 से 40 हजार लोगों को नागरिकता दी जाएगी। 4 करोड़ अवैध घुसपैठियों के मुकाबले 40 हजार लोगों को नागरिकता हमारे रोजगार पर कितना असर डाल सकती है, समझा जा सकता है। रमजान के महीने के जुमा अलविदा के मौके पर शाहीन बाग में बहुत सारे नौजवान एक आइसक्रीम पार्लर में आइसक्रीम खा रहे थे। वहां उनसे सीएए को लागू करने के बारे में पूछे गए एक सवाल पर सब एक जैसी प्रतिक्रिया थी- "सीएए के लागू होने से हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। गृहमंत्री अमित शाह बार-बार कह तो रहे हैं।"

## प्रसंगवश


# चर्चित समय का इतिहास



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

क्या आप जानते हैं कि जर्मनी अपने देश के इतिहास में हिटलर को नहीं पढ़ाता। जबकि अगर कहा जाए तो वो ही उस देश के सबसे चर्चित समय का इतिहास है। रोमन लोग डेन्यूब नदी के नार्थ की तरफ रहने वाले कुछ खूंखार कबीलों को जर्मनिया कहते थे हिंदी में गेर्मानिया, जो बाद में जर्मनी हुआ। इसलिए ही शायद आप विश्व इतिहास पढ़े तो जर्मन ज्यादातर खलनायक ही मिलेंगे, पर आज वहां ये सभी किस्से उनके यहां मैमोरियल, म्यूजियम और लाइब्रेर में मिलेंगे पर स्कूली किताबों में नहीं। आज का जर्मनी अपने बच्चों को लोकतंत्र पढ़ाना चाहता है वो सभ्य हो गया है। बच्चों के लिए उनका इतिहास वीमर रिपब्लिक से शुरू होता है, जो कि लोकतांत्रिक सरकार थी और पहले विश्वयुद्ध के बाद बनी थी, हालांकि ये सरकार हिटलर को उभरने से रोक नहीं पाई, पर वो लोकतांत्रिक थी इसलिए बच्चों को बताना जरूरी समझा गया। वे लोग अब सभ्य और सफल हैं, वे लोकतंत्र में सम्मानजनक आस्था रखते हैं। इसलिए उन्होंने इसे बताना जरूरी समझा। बच्चों को ज्यूस की डायरियां और कविताएं पढ़ाई जाती हैं और मीन काम्फ भी। ताकि लोग हिटलर की कथनी और करनी में अंतर समझ सकें। उस दौर का प्रमुख व्हाइट रोज संगठन जो कि नाजियों के खिलाफ खड़ा था, उसे या जो भी और नाजियों के खिलाफ थे सभी हीरो हैं वहां। वे युद्ध में नाजियों की जीत नहीं बताते, बल्कि उनके द्वारा किए अत्याचार बताते हैं। यहां तक की जर्मनी की बर्बादी भी नाजियों के सिर ही मढ़ी गई है, जोकि नाजियों ने एलाई फौजों को रोकने के लिए पुल और इमारतें वगैरह तोड़ी थीं। हिटलर हों या गोयबल्स सभी की सुसाइड को कायरों की तरह समझा जाता है और सार्वजनिक रूप से उनके बारे में बात तक नहीं की जाती है वहां पर। यहां तक कि नाजियों से जुड़ा कोई भी स्मृति चिन्ह या साहित्य सभी कुछ बैन है। लगातार नाजियों के खिलाफ माहौल बनाकर दशकों बाद जर्मनी की दीवार तोड़ी गई। और ये सब हेल्मेट कोल जैसे नेताओं की मेहनत का फल था। कोई भी देश अपने लिए विकास और विनाश के रास्ते खुद बनाता है। बस समय कुछ महान लोगों के हिस्से ही ये जिम्मेदारी सौंपता है।

# लोक, जनसभा, रैली और भीड़



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भीड़ का काम विवेक सम्मत होता, तब तो देश में क्रांति हो चुकी होती। एक भी बलात्कारी, अपराधी और भ्रष्टाचारी न बचा होता। सच्चाई यह है कि भीड़ में आदिम मानस जागरित होने का भय बना रहता है। पता नहीं भीड़ कब हिंसक और क्रूर बन जाए, उन्माद की स्थिति में वह कुछ भी कर सकती है। आजकल नेता लोग भीड़ को महत्व देने लगे हैं। भीड़ जुटाने को अपना पराक्रम और पुरुषार्थ समझने लगे हैं। रोड शो अर्थात् देवता भक्तों को दर्शन देने की कृपा कर रहे हैं।

जनसभा जनसभा होती है और भीड़ भीड़ होती है। दोनों में अंतर है। जनसभा में विचार केन्द्र में होता है, जबकि भीड़ में उत्तेजना होती है, संवेग होता है, उन्माद होता है। हालांकि उसे अब रैली कहने लगे हैं। उस भीड़ का बौद्धिक-स्तर लुप्त-प्राय होता है या निम्नस्तर का होता है। इसलिए भीड़ सामूहिक-विचार नहीं कर सकती, भीड़ तालियां बजा सकती है, जय जयकार कर सकती है और अपने नेता को सुन सकती है। अनेक मनोवैज्ञानिकों ने तो भीड़ को तर्क के विरुद्ध अबौद्धिक की पूजा कहा है। उस पर अपने नेता की मामूली दलीलों का भी असर होता है।

नेता का निर्देश ही भीड़ का नियामक होता है। नेता समूह के साथ अपनेपन का भाव जगाता है, लोक प्रचलित उपमाओं का, कहावतों का, मुहावरों का प्रयोग करता है और इस प्रकार से किस्से सुनाता है, नारे लगाता है, भीड़ को कहीं हंसाता है तो कहीं उसमें क्रोध और घृणा का भाव जगाता है। कहने को तो हम भीड़ को जनता ही कहते हैं, किंतु जनता शब्द की अवधारणा बहुत व्यापक है। क्राउड और पब्लिक दोनों में अंतर है। झुंड किसी खास उद्देश्य से इकट्ठा किया गया है, जबकि जनता में सभी के समन्वय का भाव होता है, एक व्यापक सामाजिक प्रक्रिया होती है।

भीड़ का उद्देश्य बहुत सीमित होता है। जनता में क्षणिक उत्तेजना नहीं होती जबकि भीड़ क्षणिक उत्तेजना से ही परिचालित होती है। भीड़ जुटाने पर बहुत धन खर्च किया जाने लगा है। सुनने में तो यहां तक आया है कि भोजन के साथ ही पांच-पांच सौ रुपया देकर दिहाड़ी मजदूरों को भेड़ों की तरह हांक कर लाया जाता है। हांकने वालों का पेमेंट अलग से होता है। भीड़ में विवेक नहीं होता। किसी ने पीछे से कह दिया कि पुल का पिलर गिर रहा है, भागो और भगदड़ मच गई, दस आदमी कुचल गए। किसी ने कह दिया कि यह बच्चा चोर है, लोग उसे मारने लगे।

पिछले बरसों में भीड़तंत्र के ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं। भीड़ का कोई आकार-प्रकार और मूड निश्चित तो होता नहीं। विवेक ही नहीं, तो कोई विध्वंसक नारा दिया जा सकता है और कितना ही बड़ा विध्वंस कराया जा सकता है। विवेक ही नहीं है, तब कारण-परिणाम के सोचने समझने का सवाल ही नहीं उठता। भीड़ क्या है? यूथ। बड़ा झुंड। यूथ जानवरों के भी होते हैं। जानवरों के यूथ में भी भय और क्रोध का संचार बिजली की तरह होता है। मनोविज्ञान वाले इसे मिलनसार वृत्ति कहते हैं।

भीड़ को हम न तो समाज कह सकते हैं, न जनता कह सकते हैं और न लोक ही कह सकते हैं। भीड़ के लक्षण हैं, असहनशीलता का विस्फोट होना, उत्तरदायित्व का अभाव, सब कुछ कर सकने का नशा और अपने किसी आदमी की बात पर विश्वास। जन-समूह की मानसिकता में छिपी हुई अशांति, असंतोष, अव्यवस्था और अस्थिरता का नाम भीड़ है। इन भावनाओं को कोई सुलगा देता है, भाव का विस्फोट कर देता है और फिर उस बवंडर में छिप जाता है। भीड़ में सभी पहचान गुम हो जाती हैं, भीड़ में व्यक्तिचेतना सम्मोहित हो जाती है। इसलिए उत्तरदायित्व की बुद्धि भी समाप्त हो जाती है। इस स्थिति में कोई कुछ भी सही गलत कर सकता है, क्योंकि वह समझता है कि उसे कोई पकड़ नहीं पाएगा, पहचान ही नहीं पाएगा।

भीड़ का काम विवेक सम्मत होता, तब तो देश में क्रांति हो चुकी होती। एक भी बलात्कारी, अपराधी और भ्रष्टाचारी न बचा होता। सच्चाई यह है कि भीड़ में आदिम मानस जागरित होने का भय बना रहता है। पता नहीं भीड़ कब हिंसक और क्रूर बन जाए, उन्माद की स्थिति में वह कुछ भी कर सकती है। आजकल नेता लोग भीड़ को महत्व देने लगे हैं। भीड़ जुटाने को अपना पराक्रम और पुरुषार्थ समझने लगे हैं। रोड शो अर्थात् देवता भक्तों को दर्शन देने की कृपा कर रहे हैं। भीड़-मत को उभारना पशुता को उभारने जैसा है। यह लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं है। लोकतंत्र को भीड़तंत्र में परिवर्तित करना आज की बात नहीं है, इसको कई दशक हो चुके हैं, हां, अब वह खतरे के निशान के आस-पास पहुंच चुका है।

## सोशल फोरम

# जनसंख्या को दक्ष नहीं बनाया



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हमारे देश में मानव श्रम बहुत है। जापान मानव श्रम से ही विकसित राष्ट्र बन, मानव को संसाधन बनाने से बना। आपदाओं से भरा देश, जहां कृषि कभी फायदे का धंधा नहीं रही, जहां कृषि उत्पाद आयात किए जाते है, वहां मानव ही पूंजी है, मानव ही संसाधन है। बच्चा पैदा करने पर खूब पैसा मिलता है। हम रोना रोते हैं कि हमारे पास जनसंख्या बहुत है, पर इसका प्रमुख कारण है कि हमने अपनी जनसंख्या को संसाधन बनाया ही नहीं, उन्हें दक्ष बनाया ही नहीं। कभी आईआईटी संस्थाएं बनी थी तो दुनिया में उनसे निकले स्नातकों की धाक थी, पर उनके लिए हम काम नहीं दे पाए। रिसर्च पर खर्च बहुत कम था। आज का युवा मारा-मारा फिर रहा है, कोई पूछने वाला नहीं है। शिक्षा व्यवस्था भी ऐसी है कि डिग्री और व्यावसायिक ज्ञान का कोई संबंध नहीं है। डिग्री ऐसी कि ग्रेजुएट हो गए हैं, पर दो लाइनें भी लिख नहीं सकते। आज शिक्षा संस्थाओं से क्वालिटी पैदा ही नहीं हो रही। डिग्री वाला संख्या बल टहल रहा है। पढ़ने वाला भी सुस्त, पढ़ाने वाला भी सुस्त। युवा हैं, डिग्री है, मोबाइल है, खाना खिलाने की मां बाप की जिम्मेदारी है, चप्पलें घिसने के लिए सड़क हैं। बेरोजगार युवाओं को कोई चिंता नहीं। यही हमारे भारतीय समाज का वास्तविक चेहरा है। जापान में सड़कों पर पुरुषों से ज्यादा महिलाएं दिखती हैं। लगता है वे शत प्रतिशत संसाधन बनी हुई हैं। जबकि हमारी आधी आबादी का मात्र 10-15 प्रतिशत ही संसाधन के रूप में काम कर रहा है। कल हरीशंकर परसाई जी को पढ़ रहा था। उन्होंने लिखा है-विवाह का दृश्य बड़ा दारुण होता है। विदा के वक्त औरतों के साथ मिलकर रोने को जी करता है। लड़की के बिछुड़ने के कारण नहीं, उसके बाप की हालत देखकर लगता है, इस कौम की आधी ताकत लड़कियों की शादी करने में जा रही है। पाव ताकत छिपाने में जा रही है-शराब पीकर छिपाने में, प्रेम करके छिपाने में, घूस लेकर छिपाने में, बची हुई पाव ताकत से देश का निर्माण हो रहा है तो जितना हो रहा है, बहुत हो रहा है। आखिर एक चौथाई ताकत से कितना होगा?

-फेसबुक वॉल से

# मौसम का बदलता मिजाज और उत्तर भारत में लू



डॉ. पवन कुमार सिंह
सहायक प्रोफेसर, बरेली।

> भावी पीढ़ी खुशहाल एवं स्वस्थ रहे, इसके लिए हमें उसके सुंदर भविष्य को ध्यान में रखते हुए। आज जन जागरण एवं जन-जन जागरूकता अभियान चलाने की महती आवश्यकता है।

"मौसम की तरह तुम बदल तो नहीं जाओगे!" भारतीय जनमानस में गूंजती यह संगीत की धुन आज कितना यथार्थ परिलक्षित हो रही है। आजकल मौसम का मिजाज बहुत तीव्र गति से बदल रहा है। जैसे आम में असमय बौर का लगना, विश्व का सबसे खतरनाक मच्छरों का अचानक जनसंख्या विस्फोट आदि-आदि। वैसे परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है, परंतु असमय परिवर्तन प्रकृति की असंतुलित अवस्था का परिणाम है। मार्च महीने से ही भीषण लू का चलना प्रारंभ हो गया है। उत्तर भारत में गर्मी के दिनों में पश्चिम से पूर्व की ओर चलने वाली गर्म, धूल भरी, उष्ण एवं शुष्क हवाओं को लू कहा जाता है, परंतु अभी मार्च महीने में ही इसका चलना हमारे लिए कोई अच्छा संकेत नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों एवं उत्तर प्रदेश सरकार को अभी से ही बचाव हेतु एडवाइजरी जारी कर लोगों को सचेत करना पड़ रहा है। ताकि लोग जागरूक रहें और जानमाल की कोई अधिक क्षति न हो।

लू क्या है? क्यों चलती है? शायद सर्वविदित है। परंतु लू का स्वरूप भीषण एवं विकराल क्यों हो रहा है? एक ज्वलंत प्रश्न है। इसका जिम्मेदार कौन है? शायद इंसान स्वयं है। मानवीय क्रियाकलापों एवं प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन का परिणाम ही है कि वातावरण में तापमान अत्यधिक बढ़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण ही वायुमंडल का तापमान बढ़ता जा रहा है। वो दिन दूर नहीं जब विश्व के बड़े-बड़े ग्लेशियरों का पिघलना तीव्र गति से प्रारंभ हो जाएगा। ऐसे में समुद्र के किनारे बसे देश समुद्र में डूब जाएंगे। अर्थात् मानव अस्तित्व के विलुप्त होने का खतरा बढ़ रहा है। वाह रे मानव!! अपने सर्वश्रेष्ठ होने के बौद्धिक खिताब पाने के मद में भूल गया है कि प्रकृति का अत्यधिक दोहन विनाशकारी सिद्ध होता है। सृष्टि एवं प्राकृतिक संसाधन स्वयं मानव के भोग के लिए ही सृजित है जिसका संतुलित भोग एवं उपयोग ही मानव की पीढ़ी दर पीढ़ी खुशहाल जिंदगी के लिए उपयोगी एवं लाभकारी सिद्ध होगी। मानव प्रकृति का हिस्सा है प्रकृति का भोग मानव को आवश्यकतानुसार ही करना चाहिए। आज मानव द्वारा हद से ज्यादा कार्बन का उत्सर्जन मानव सृष्टि को ही खतरे में डाल रही है।

आज वैश्विक राष्ट्राध्यक्षों द्वारा कार्बन उत्सर्जन को रोकने हेतु विभिन्न सम्मेलनों में भाग तो लिया जाता है, परंतु जिस वातानुकूलित साधनों का प्रयोग वह करते हैं, यही ग्लोबल वार्मिंग का प्रमुख कारण भी सिद्ध हो रहा है। मानव मन सुख की अनंत कामना की चाह लिए विकास की जिस अंधी दौड़ लगा रहा है, निस्संदेह भावी पीढ़ी को अपंग एवं असहाय बना देगा। मानव जीवन खुशहाल एवं स्वस्थ रहे, जरूरी है प्रकृति सदृश आचरण करें। मानव सृष्टि की कार्य कुशलता मानवीय कार्य व्यापार पर आधारित होता है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत सत्यमेव जयते, वसुधैव कुटुंबकम्, सर्वे भवंतु सुखिनः, अहिंसा परमो धर्मः, अधर्म का नाश, धर्म की स्थापना आदि आदि सूत्र वाक्यों से अलंकृत एवं विभूषित है, परंतु फिर भी मानव प्रकृति के प्रति उदासीन दिखता है। आज लू जैसी कई समस्याएं मुंह खोले खड़ी हैं। मानव का पुनीत कर्तव्य है कि जीवन को "जियो और जीने दो" की अवधारणा को चरितार्थ करते हुए प्रकृति का संरक्षण करे और सृष्टि संतुलन की अनमोल विचारधारा को आत्मसात कर प्राकृतिक नियमों का पालन करे।

भावी पीढ़ी खुशहाल एवं स्वस्थ रहे, इसके लिए हमें उसके सुंदर भविष्य को ध्यान में रखते हुए। आज जन जागरण एवं जन-जन जागरूकता अभियान चलाने की महती आवश्यकता है। आज जरूरत है एक कठोर एवं सार्वजनिक कदम उठाने की। बदलते मौसम और बढ़ते तापमान को प्रमुखता से विश्व समुदाय के समक्ष उठाना चाहिए और कठोर से कठोर नीति बनाने की सर्व सम्मति होनी चाहिए। अभी दिल्ली का हाल देखकर आंखे खुली की खुली रह गई। मानव प्रजाति को बचाना है तो मानव को संयम से काम लेना होगा। आइए हम सभी मिलकर पर्यावरण की रक्षा करें। ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को कम करें। प्रकृति के साथ खिलवाड़ न करें। प्रकृति इंसानों का अपना घर है। अतः पर्यावरण सुरक्षित रखें तभी हम सभी खुशहाल एवं सुरक्षित हो सकेंगे।

# शिव भी नि:शक्त हैं जिनके बिना



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

देवो के भी देव महादेव यानी शंकर जी भी जिस शक्ति से अनुप्राणित होते हैं और जिसके बिने स्पंदनहीन होते हैं, वह परम शक्ति भगवती दुर्गा हैं, जो सबसे ऊपर हैं। 'सौंदर्य लहरी' के प्रथम श्लोक में ही आदि शंकराचार्य भी ऐसा ही कहते हैं, "शिवः शक्त्यायुक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुम्। न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि'। यही नहीं उनके अति घोर काली रूप की उग्रता शांत करने के लिए तो भगवान शिव को उनके पैरों के नीचे आना पड़ा था। धोखे से पति पर पड़े पैर से काली मां एकदम ठिठक गईं, दांतों तले जीभ दबा ली, उग्रता शांत हो गई और तब देवताओं और दुनिया ने चैन की सांस ली, अन्यथा वे असुरों पर हुए क्रोध के कारण प्रलयकारी रूप में आ गई थीं।

भगवान विष्णु से भी वार्ता करते हुए, देवी भागवत में जब नारद ने उन्हें त्रैलैक्य में सर्वोपरि बताया, तो वे बोले 'नहीं नारद! मैं सबसे बड़ा नहीं हूं। मैं तो उन आदि शक्ति देवी के अधीन कार्य करता हूं, जो भुवनेश्वरी हैं और त्रिभुवन संचालन करती हैं। राम जब रावण से युद्ध हेतु तत्पर हुए तो नारद ने उन्हें शारदीय नवरात्र व्रत रखने और देवी पूजने की सलाह दी। राम ने वैसा ही किया और नौमी तक व्रत रखकर दशमी को विजय प्रयाण किया तथा अंततः उन्हें सफलता हासिल हुई। उन मां के नाना रूप, भेद, वर्गीकरण और ध्यान मुद्राएं हैं जिनका सम्यक वर्णन करने की सामर्थ्य शेष और शारदा में भी नहीं है। फिर भी वे चिद्रूपिणी महासरस्वती, सद्रूपिणी महालक्ष्मी और आनंद रूपिणी महाकाली रूपा हैं जिनके सिद्ध बीज मंत्र क्रमशः "ऐं ह्लीं क्लीं" हैं। वे आठ मातृकाओं के रूप में भी जानी जाती हैं।वे हैं, ब्राह्मी, वैष्णवी, माहेश्वरी, ऐन्द्री, कौमारी, वाराही, चामुंडा और नारसिंही।

माता के नौ रूप वाला वर्गीकरण ज्यादा लोक प्रचलित है और नवरात्र इन्हीं में से हर एक रूप के पूजन हेतु रखा जाता है। ये श्रीविग्रह हैं- शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी तथा सिद्धिदात्री। इनके अतिरिक्त वे दस महाविद्याओं के रूप में भी अर्चनीया हैं। इनका तंत्र में भी बड़ा महत्व है तथा हिन्दू धर्म के दशावतारों से भी जोड़कर देखी जाती हैं। ये हैं- काली, तारा, छिन्नमस्ता, षोडशी, भुवनेश्वर, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला। शुंभ दैत्य ने युद्धकाल में जब देवी के अनेक रूपों पर आपत्ति उठाई, तब वे बोलीं 'एकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा। पश्यैता दुष्टमय्येव विशन्त्यो मद्विभूतयः।। यानी अरे दुष्ट! मैं सृष्टि में अकेली ही हूं, मेरे समान भला कौन है? देख! ये सब मेरी ही विभूतियां हैं और मूझ में प्रविष्ट हो रही हैं'। फिर सभी विग्रह उन अंबिका में प्रवेश कर गए। उन अनेक रूपा एक की महिमा अपरंपार है।

## गर्भगृह में चांदी के कलश स्थापना के साथ मठ-मंदिरों में शुरू राम जन्मोत्सव का भक्तों में उल्लास

# प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहली बार रामलला के वस्त्रों की बदली गई शैली

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : चैत्र शुक्ल नवरात्रि प्रारंभ होने के साथ ही अयोध्या में रामनवमी मेले का आगाज हो गया है। पहले दिन दो लाख श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में डुबकी लगाई। हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में दर्शन पूजन किया। राम मंदिर में नवरात्रि प्रारंभ पर सुबह चार बजे रामलला का जलाभिषेक कर श्रृंगार पूजन किया गया।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात पहली बार प्रभु के वस्त्रों की शैली को



ट्रस्ट ने जारी की रामलला की तस्वीर।

बदला गया है। मयूर व अन्य वैष्णव चिह्नों को रंग-बिरंगे रेशम के साथ सोने और चांदी के तारों से कढ़ाई किए गए सूती वस्त्र में श्रद्धालुओं को रामलला अद्भुत दर्शन हुआ। मंदिर परिसर में 11.30 मिनट पर गर्भगृह में चांदी का कलश स्थापित किया गया। 11 वैदिक आचार्यों के द्वारा वाल्मीकि रामायण का नवाह परायण, राम रक्षास्त्रोत और दुर्गा सप्तशती के पाठ के साथ 9 दिवसीय आयोजन की शुरुआत हुई है। मठ मंदिरों में रामकथा, रामलीला और भजन संध्या के अयोजन किए जा रहे हैं। दशरथ महल में डॉ. रामानंद दास, बड़ा भक्तमाल की बगिया में रमेश भाई ओझा, राम वल्लभा कुंज में प्रेमभूषण, सियाराम किला में प्रभंजनानंद शरण, हिंदू धाम डॉ. रामविलास दास वेदांती, आचार्य लक्ष्मण दास और अन्य मंदिरों में भी रामकथा का संगीतमयी आयोजन लोगों के लिए आकर्षण बना हुआ है। इसमें शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंच रहे हैं।

### रामलला के ललाट पर उतरेंगी की सूर्य किरणें

**अयोध्या, अमृत विचार** : रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान रामलला का मस्तिकाभिषेक करेंगी। इसके लिए राम मंदिर के तीसरी मंजिल पर स्थाई रूप से ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम को स्थापित किया गया है। जहां से सूर्य की किरणें दर्पण से परिवर्तित होकर वर्टिकल पाइप के जरिए गर्भगृह में रामलला के मस्तक पर पांच मिनट तक 75 मिमी आकार का गोलाकार तिलक बनाएगी। राम मंदिर के गर्भगृह में सूर्य की किरणों को पहुंचाने के लिए बीते 15 दिन से कार्य किया जा रहा था, जिसमें सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट रुड़की के वैज्ञानिकों ने सूर्य किरणों को रिफ्लेक्टर, दो दर्पण, तीन लेंस और वर्टिकल पाइप के माध्यम से मार्ग परिवर्तित करने का सफल परीक्षण किया है, जिसके लिए सबसे पहले तीसरी मंजिल पर एक रिफ्लेक्टर बॉक्स को लगाया गया है, जिसमें एक मुख्य लेंस है जो बिना बिजली के 19 गियर के जरिए काम करेगा। वहीं प्रथम और द्वितीय तल से वर्टिकल पाइप को गर्भगृह में उतारा गया है, जहां से सूर्य की किरणें गर्भगृह में लगे दर्पण पर पड़ने के बाद 60 डिग्री में परिवर्तित होकर सीधे रामलला के मस्तक पर सुशोभित होंगी।

## यूपी मदरसा बोर्ड: ईद के बाद परीक्षा परिणाम हो सकते हैं घोषित

लखनऊ, अमृत विचार: यूपी मदरसा बोर्ड की व्यवस्थाओं को लेकर मदरसा बोर्ड की रजिस्ट्रार ने बैठक की। इस दौरान मदरसों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण भी किए गए। साथ ही घोषणा की गई कि ईद के बाद ही परीक्षा परीक्षा घोषित की जा सकती है। सुप्रीम के आदेश के बाद मंगलवार को मदरसा बोर्ड की बैठक बोर्ड की रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी ने जिलावार अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईद के बाद से पंजीकृत मदरसों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। रजिस्ट्रार ने कई क्रमों में चली बैठक के दौरान मदरसा से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण किए गए।

## सार-संक्षेप

### इलाहाबाद हाईकोर्ट का हिंदू समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी के हत्यारोपी को जमानत देने से इनकार

**विधि संवाददाता, प्रयागराज** : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ की गई कथित टिप्पणी को लेकर हिंदू समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी की हत्या की साजिश रचने के आरोपी व्यक्ति को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि यह अत्यधिक सांप्रदायिक घृणा का मामला है, जिसमें मृतक की दिनदहाड़े क्रूर हत्या कर दी गई। कोर्ट ने कहा कि मृतक पर न केवल चाकू से कई घाव किए गए बल्कि उसका गला भी काट दिया गया और आग्नेयास्त्र का भी प्रयोग किया गया। इसके साथ ही मुख्य हमलावरों की पहचान दो गवाहों द्वारा की गई है। हमले के तरीके और बड़ी साजिश को देखते हुए गवाहों को प्रभावित किए जाने की उचित आशंका के चलते आरोपी को जमानत नहीं दी जा सकती है। न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की पीठ ने साजिशकर्ता सैयद असीम अली को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि इस बात के पर्याप्त साक्ष्य हैं कि आरोपी अपराध में शामिल था और साजिश का हिस्सा था।

### अब तक 22 करोड़ की नकदी बरामद

**लखनऊ, अमृत विचार** : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 08 अप्रैल, 2024 तक कुल 13296 .42 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किए गए, इसमें 2211 .16 लाख रुपये नकद धनराशि, 3148 .71 लाख रुपये कीमत की 930045 .32 लीटर शराब, 4996 .70 लाख रुपये कीमत की 8126299 .13 ग्राम ड्रग, 1806 .08 लाख रुपये कीमत की 52778 .86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं एवं 1133 .78 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। एजेंसियों द्वारा 08 अप्रैल, 2024 को कुल 218 .58 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नकदी आदि जब्त किया गया। इसमें 30 .79 लाख रुपये नकद धनराशि 100 .91 लाख रुपये कीमत की 27527 .68 लीटर शराब, 85 .98 लाख रुपये कीमत की 268991 .51 ग्राम ड्रग एवं 0 .90 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई।

### पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक समेत 11 लोग दोष मुक्त

**अयोध्या, अमृत विचार** : निषेधाज्ञा के उल्लंघन के एक मामले में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय, पूर्व विधायक जयशंकर प्रसाद बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री मंसूर इलाही तथा अब भाजपा नेता गिरीश पांडे उर्फ डिंप्पुल समेत 11 लोगों को कोर्ट ने दोष मुक्त कर दिया है। दो अभियुक्तों ने पहले ही जुर्म स्वीकार कर लिया था जबकि एक की मौत हो गई थी। यह फैसला विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट प्रशांत शुक्ला की अदालत से मंगलवार को हुआ। अधिवक्ता गणेश दत्त पांडेय और रोहित मेहरोत्रा ने बताया कि घटना 22 फरवरी 2011 दिन में करीब 3 :30 बजे की है। पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय के नेतृत्व में करीब 25--30 सपा कार्यकर्ता मजिस्ट्रेट की अनुमति एवं सूचना के बिना सपा कार्यालय गुलाब बाड़ी से जुलूस की शक्ल में बैनर लिए सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए चौक घंटाघर जाकर रोड जाम करते हुए जिले में लागू निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया। जिसके कारण चौक घंटाघर में अव्यवस्था फैल गई और आम जनता आहत हुई।

### वसूली के आरोप में उप निरीक्षक निलंबित, गिरफ्तार

**गोरखपुर, एजेंसी** : गोरखपुर जिले के बेनीगंज पुलिस चौकी के प्रभारी आलोक सिंह और उनके सहयोगियों के खिलाफ एक व्यवसायी से 50 लाख रुपये की जबरन वसूली करने के आरोप में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, कोतवाली पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत शिकायत दर्ज की गई थी, जिसमें चोरी, आपराधिक विश्वासघात, कदाचार के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज की गई थी। पुलिस ने बताया कि गंभीर आरोपों के कारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गौरव ग्रोवर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी उप निरीक्षक को मंगलवार को निलंबित कर दिया है, और उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

# व्हाट्सएप ग्रुप में जेल के सिपाही की वजह से पहुंचा प्रश्नपत्र

## मास्टर माइंड ने वाराणसी जेल में तैनात सिपाही का लिया नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी प्रश्नपत्र लीक मामले में नया मोड़ आया है। मास्टर माइंड राजीव नयन ने एसटीएफ की पूछताछ में बताया कि हम लोगों ने पेपर हाथों में लेकर अभ्यर्थियों को पढ़वाया था, लेकिन व्हाट्सएप ग्रुप पर पेपर वायरल होने का मुख्य कारण वाराणसी जेल में तैनात एक सिपाही है। उसी ने व्हाट्सएप पर यह पेपर वायरल किया था। वह स्वयं इस परीक्षा में शामिल हो रहा था।

राजीव नयन ने बताया कि 10 फरवरी की रात उसे मधुबनी के रहने वाले सुभाष प्रकाश ने पेपर




दिया था। सुभाष प्रकाश को यह पेपर नौ फरवरी को ही प्राप्त हो गया था। बिहार के किसी कोचिंग संचालक ने सुभाष प्रकाश को नौ फरवरी को ही दे पेपर दे दिया था। राजीव ने बताया कि व्हाट्सएप पर अगर पेपर वायरल न होता तो यह पेपर प्रत्येक अभ्यर्थी के पास तक न पहुंचता। उसने कहा कि इसी लिए उसने आरोग्यम अस्पताल और लखनऊ के विभिन्न स्थानों पर अभ्यर्थियों को बुलाकर पेपर पढ़वाया था।

उधर, सुभाष प्रकाश और डॉ. शरद सिंह को तलाश करने के लिए एसटीएफ कर्मी लगातार दबिश डाल रहे हैं। वहीं मामले की जांच कर रहे एसटीएफ के अफसरों का कहना है कि सुभाष और डॉ.शरद को गिरफ्तार करने के बाद सही वस्तुस्थित और स्पष्ट हो जाएगी।

**मामले में आया नया मोड़**

- राजीव नयन ने बताया-हम लोगों ने पेपर हाथों में लेकर अभ्यर्थियों को पढ़वाया था
- एसटीएफ के मुताबिक अन्य आरोपियों की तलाश के लिए डाली जा रही दबिश

## लाठी चार्ज के आरोपी अजय राय के मामले में जवाब-तलब

**विधि संवाददाता, प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ वाराणसी में वर्ष 2015 में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए लाठी चार्ज के मामले में दर्ज मुकदमे पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सरकारी अधिवक्ता से हलफनामा मांगा, जिस पर सरकारी अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में 82 आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिनमें से 81 व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा राज्य सरकार द्वारा उचित कार्रवाई के बाद वापस ले लिया गया है। यह नीतिगत मामला है और जहां तक याची अजय राय का सवाल है, उनके संबंध में निर्णय चुनाव के बाद लिया जाएगा। याचिका पर अगली सुनवाई आगामी 19 अप्रैल को सुनिश्चित की गई है। मालूम हो कि वाराणसी में वर्ष 2015 में गंगा में गणेश प्रतिमा विसर्जन की मांग कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सहित अन्य लोगों पर लाठी चार्ज किया गया।

## पॉक्सो के तहत अपराध को समझौते के आधार पर दरकिनार नहीं किया जा सकता

प्रयागराज, एजेंसी

- **हाईकोर्ट ने मामला रद करने से इनकार करते हुए की टिप्पणी**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे को रद करने से इनकार करते हुए कहा कि इस कानून के तहत अपराध को आरोपी और पीड़ित के बीच महज समझौते के आधार पर दरकिनार नहीं किया जा सकता है।

न्यायमूर्ति समित गोपाल ने पॉक्सो कानून के तहत आरोपी संजीव कुमार की याचिका को खारिज करते हुए कहा-जब अपराध करने के लिए नाबालिग पीड़िता की सहमति मायने नहीं रखती तो समझौता सहित सभी चरणों में सभी व्यवहारिक उद्देश्यों के लिए उसकी सहमति मायने नहीं रखेगी। अदालत ने कहा-महज इसलिए कि नाबालिग पीड़िता बाद में याचिकाकर्ता के साथ समझौता करने के लिए राजी हो गई है यह पॉक्सो कानून के तहत मुकदमा रद करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। आजमगढ़



जिले के बिलारीगंज थाने में आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 (दुष्कर्म), 313 (महिला की सहमति के बगैर गर्भपात कराना) और पॉक्सो कानून की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसकी सुनवाई आजमगढ़ में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) के समक्ष चल रही है। आरोपी ने आपराधिक मुकदमे पर रोक लगाने और निचली अदालत द्वारा समन जारी करने के आदेश को खारिज करने की मांग की थी। आरोपी ने दोनों पक्षों के बीच समझौते का हवाला देते हुए लंबित मामले पर निर्णय के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था।

## पश्चिम बंगाल जा रहा 52 पेटी फेंसेडिल सिरप बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** एसटीएफ तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के संयुक्त प्रयास से मंगलवार को 52 पेटी फेंसेडिल कफ सिरप बरामद किया गया। यह सिरप नशे के रूप में सेवन करने के लिए पश्चिम बंगाल भेजी जा रही थी। टीम ने 20,800 शीशी कफ सिरप को कस्टडी में लेते हुए एक आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया है।

एसटीएफ के उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार को सूचना पर कूचबिहार एवं पश्चिम बंगाल के लिए ट्रांसपोर्ट नगर लखनऊ से निकले एक ट्रक को पकड़ा गया है।

## मुरादाबाद के लिए अभी तक नहीं शुरू हो सकी उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** फ्लाईबिग एयरलाइंस एक माह बाद भी मुरादाबाद के लिए उड़ान सेवा शुरू नहीं कर सका है। एयरलाइंस की ओर से संशोधित शेड्यूल भी जारी नहीं किया गया है।

बता दें कि उड़ान योजना के तहत चित्रकूट, श्रावस्ती, आजमगढ़,




अलीगढ़ और मुरादाबाद के लिए उड़ान सेवाएं संचालित की जानी थी। दो मार्च को इसके लिए शेड्यूल भी जारी किया गया था मगर संचालन शुरू नहीं हो सका था। 11 मार्च को प्रधानमंत्री ने चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में नवनिर्मित टर्मिनल 3 का वर्चुअल शुभारंभ किया था। एयरलाइंस की ओर से मुरादाबाद को छोड़कर अन्य चार जिलों के लिए उड़ान सेवाएं संचालित की जा रही हैं। मुरादाबाद के लिए उड़ान सेवाएं कब से संचालित होंगी इसकी अधिकृत जानकारी अभी तक नहीं दी है।

## सार्वजनिक होगी वाराणसी-रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना

**लखनऊ, अमृत विचार:** शासन ने वाराणसी-रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना के पुनरीक्षित प्रारूप को वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को भेजते हुए इसे आम लोगों के लिए सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है। नगर एवं आवास विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ.नितिन रमेश गोकर्ण ने अपने निर्देश में कहा गया है कि वाराणसी-रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना-2031 प्रारूप का प्रतिवेदन को शासकीय समिति की बैठक में स्वीकृति दी गई है। इसके अनुपालन में जन सामान्य के लिए महायोजना के मानचित्रों को प्राधिकरण के डिसप्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करें।

# विदेशी नेता भी संभालेंगे भाजपा का चुनाव प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- अमेरिका-ब्रिटेन समेत कई देशों के 15 राजनीतिक दलों की ओर से आई सहमति
- विदेशी वालंटियर्स अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में रहकर भाजपा के लिए वोट भी साधेंगे

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में इस बार विदेशों की कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी भारत आ रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, इजराइल, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल मॉरीशस, तंजानिया, युगांडा के 15 दलों ने आने की सहमति दे दी है। भाजपा इन्हें अपने बड़े नेताओं की सभाओं में ले जाएगी, साथ ही विदेशी वालंटियर्स के जरिए प्रभाव वाले क्षेत्रों में मोदी के लिए वोट भी जुटाएगी।

लोकतंत्र के महापर्व में भाजपा की विदेश विभाग की टीम ने ब्रिटेन की कंजरवेटिव और लेबर पार्टी, जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स और द सोशल डेमोक्रेट्स और अमेरिका की डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन जैसी सत्ताधारी और विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया है। नेपाल की सरकार में शामिल पांचों दलों को भी न्योता भेजा गया है। अमेरिका, ब्रिटेन, इजरायल, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल मॉरीशस, तंजानिया और युगांडा के 15 दलों की तरफ से शामिल होने की सूचना मिल गई है।

भाजपा विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाला के मुताबिक ऐसा पहली बार होगा, जब दूसरे देशों के राजनीतिक प्रतिनिधि चुनाव के साक्षी बनेंगे। भारत में किस तरह से चुनाव होता है, इसे जानने के लिए विदेशों में कई राजनीतिक दल इच्छुक हैं। आने वालों में पक्ष और विपक्ष दोनों दल शामिल हैं। भाजपा के प्रचार करने के तरीके दिखाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह की रैलियों में लेकर जाएंगे।

### विदेशी वालंटियर्स भी होंगे चुनाव में सक्रिय

देश के साथ विदेश में भी भाजपा के वालंटियर्स वहां काम करने वाले भारतीयों के घर-घर प्रचार में सक्रिय हैं। अब यह टीम पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान से पहले यहां आकर अपने प्रभाव क्षेत्र में भाजपा के लिए वोट मांगेगी। इसके लिए भाजपा विदेश विभाग ने खास इंतजाम किया है। वालंटियर्स की टीम विदेश से आ रहे कई राजनीतिक दलों के सदस्यों को भी भाजपा के लिए वोट साधने में साथ देने के लिए तैयार करके आ रहे हैं। अमेरिका में इंजीनियर उपेंद्र सिंह और आनंद सिंह ने बताया कि अपने घरवालों को भाजपा के लिए सहेजने का आग्रह किया जा रहा है।

## वर्ग पहेली-35

**बाएं से दाएं**

1. पिटवाना, पीटने का काम दूसरे से कराना।
2. अनुज अर्थात छोटे भाई के साथ।
4. देह, काया, शरीर।
5. 1. ढीला करना, कसा या तना हुआ न रखना 2. किसी डोर या रस्सी की लंबाई बढ़ाना; तान को ढीली करना 3. बंधनमुक्त करना, छोड़ देना 4. किसी गाढ़ी चीज़ को पतला करना 5. नियंत्रण मुक्त करना, थोड़ी आज़ादी या छूट देना।
7. 1. फैलना, छा जाना, व्यापना 2. आरंभ होना
9. सुख या आनंद देने वाला, सुखद, सुखदायी।
10. 1. मुस्लिम धर्म अर्थात शरीअत के मुताबिक धर्म-अधर्म संबंधी विवादों पर न्याय करने वाला, न्यायकर्ता, मुंसिफ, विचारक 2. निकाह पढ़ाने वाला मौलवी।

**ऊपर से नीचे**

1. गेहूं या जौ आदि का आटा।
2. 1. दो वस्तुओं को आपस में मिलाना, मिश्रित करना, सम्मिलित करना 2. गूंथना 3. किसी व्यक्ति को अपराध आदि में लपेटना या सम्मिलित करना।
3. जल से पूर्ण या जलनिर्मित।
4. 1. गवाहों को बुलाने के लिए न्यायालय में जमा किया जाने वाला ख़र्च 2. मालगुज़ारी समय से न जमा किए जाने पर लगने वाला अर्थदंड।
6. चरखे में लगी हुई चमड़े की चकती जिसमें तकला या तकुआ पहनाया जाता है।
8. 1. यज्ञवेदी, यज्ञ के लिए ठीक किया गया स्थान 2. आंगन के बीच में बना चबूतरा।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | | 3 |
| | ■ | ■ | 4 | | ■ | |
| | ■ | 5 | | | ■ | |
| ■ | 6 | ■ | | ■ | ■ | |
| ■ | 7 | | | ■ | 8 | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 9 | | | | ■ | 10 | |

### वर्ग पहेली -34 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 अं | ■ | 2 म | ति | ■ |
| 3 उ | प | धा | नी | ■ | ■ | 4 वा |
| ■ | ■ | धुं | ■ | 5 सु | रा | ही |
| ■ | 6 धुं | ध | 7 का | र | ■ | ■ |
| 8 से | ■ | ■ | 9 ला | सा | ■ | 10 गु |
| ब | ■ | ■ | प | ■ | ■ | ड़ी |
| ■ | 11 पि | स | न | हा | री | ■ |

## सुडोकू -114

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | 9 | | | | 3 |
| | | | 8 | | | 9 | 7 | |
| | 1 | 7 | | 3 | | | | 5 |
| | | | | 1 | | | 3 | |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 8 | 4 | | | 2 | | | | |
| | | 5 | | 8 | | 4 | 2 | |
| | 7 | 2 | | | 9 | | | |
| 4 | | | | 5 | | | | 7 |

### सुडोकू -113 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 9 | 5 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 |
| 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 |
| 7 | 6 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 |
| 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 4 | 8 | 1 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 17 .32 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 11 अप्रैल 03 .05 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष** — आज व्यवसाय में वृद्धि करने के लिए बड़ा धन निवेश करने की योजना बना सकते हैं। अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जल्दबाजी में कोई नया कार्य शुरू न करें। विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए दिन काफी शुभ है।

**वृष** — आज किसी अप्रिय खबर के मिलने से मन व्यथित हो सकता है। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय बर्बाद न हो इसका ध्यान रखें। ध्यान और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। दोस्तों से ज्यादा मदद की उम्मीद न करें।

**मिथुन** — आज जॉब में मनोनुकूल कार्यभार मिलने से उत्साहित रहेंगे। घर के लिए कुछ आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में किसी कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श हो सकता है। आय के नए स्रोत विकसित होने की संभावना बन रही है।

**कर्क** — आज समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपकी रचनात्मकता से लोग आकर्षित रहेंगे। अपने काम की चुनौतियों और कमजोरियों को लेकर गंभीर रहेंगे। नए उद्यम की शुरुआत कर सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को जल्द पूर्ण करें।

**सिंह** — आज लोगों से अपनी प्रशंसा की ज्यादा इच्छा न रखें। दार्शनिक विषयों के चिंतन में रुचि लेंगे। उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति मिल सकती है। आप प्रकृति के बीच एकांत समय बिताना पसंद करेंगे। दूसरों की सलाह पर निर्भर न रहें।

**कन्या** — आज उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। बच्चों की गतिविधियों और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। किसी जरूरी कार्य में बाधा आ सकती है, किंतु वे आपकी बातों को लोग ज्यादा गंभीरता से नहीं लेंगे।

**तुला** — आज व्यवसायियों की रुकी हुई पेमेन्ट मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जॉब में आपको बोनस मिल सकता है। भविष्य की किसी परियोजना के लिए धन जुटा सकते हैं। शत्रुओं और विरोधियों पर आप भारी पड़ेंगे।

**वृश्चिक** — आज अधिकारी वर्ग से आपको काफी सम्मान मिलेगा। प्रेम संबंधों में रुकावट जैसी उत्पन्न हो सकती है। व्यवसाय में नया तरीका प्रयोग करने से बचें। करियर में स्वयं को साबित करने के उत्तम अवसर मिलेंगे।

**धनु** — आज घर का वातावरण आनंद और उत्साहपूर्ण रहेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने से प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर मन में चिंता रहेगी। नौकरीपेशा लोग अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे।

**मकर** — आज संपत्ति विवाद जन्म ले सकते हैं। जल्दबाजी में कोई नया काम शुरू न करें वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं। ऑफिस की परिस्थितियां आपके लिए कुछ प्रतिकूल रहने वाली है। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — आज का दिन विशेष रूप से आपके लिए शुभ रहने वाला है। अपनी कूटनीतिक योग्यता का परिचय देंगे। पारिवारिक मुद्दों को लेकर गलतफहमी दूर होगी। शाम के समय दोस्तों के साथ बातचीत करेंगे। कार्यक्षेत्र में नए मित्र बन सकते हैं।

**मीन** — आज सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आप ऑनलाइन शॉपिंग में व्यस्त रहेंगे। दांपत्य रिश्तों को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। आपको धैर्यवान रहना चाहिए।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जुआरी — सुबह : 10 .53
- बादशाह — रात : 07 .01

&pictures
- सैंडविच — सुबह : 10 .43
- प्लेयर्स — शाम : 04 .22

SONY PIX
- एनाकोंडा — सुबह : 09 .44
- बैड बॉयज़ II — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- बाम्बे टू बैंकॉक — सुबह : 10 .15
- दीवार — रात : 07 .05

StarGold SELECT
- छपाक — सुबह : 10 .15
- वीरे की वेडिंग — रात : 09 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10 .43 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गर्लफ्रेंड - जानू, मेरे सिर में बहुत दर्द है।
ब्वॉयफ्रेंड ने लड़की के सिर को चूमते हुए पूछा - अब सही हुआ?
गर्लफ्रेंड - हां, अब बिल्कुल सही हो गया।
पास में ही खड़ा एक डॉक्टर मन ही मन में भुनभुनाते हुए - लानत है मेरी एमबीबीएस की डिग्री पर!

गोलू- एक पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक-1000 फ्लैग-1110 डीएमओ-890 बोल्ड-1170
**चन्दौसी**- शिवालिक-1010 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1160 डीएमओ- 890

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1880, राज श्री 1340, फ़ॉर्चून कि. 1810, रविन्द्रा 1830, फॉर्चुन ली0 1660, जय जवान 1450, सचिन 1610, सूरज 1475, अवसर 1675, राग गोल्ड 1700, गृहणी 1620, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1610, चक्र टिन 1695, ब्लू 1715, आशीर्वाद मस्टर्ड 1745, स्वास्तिक 1850 ।किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 ।चावल- (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 ।दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7150, लाल हिंदुस्तान 7250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 13700, अरहर पटका मोटा 14200, अरहर कोरा मोटा 14500, अरहर पटका छोटा 14500-14800, अरहर कोरी छोटी 16200 ।चीनी- डालमियां 4020, पीलीभीत 3980, नवाबगंज 3970 (नयी), बहेड़ी 3980 (नयी)।

# जीएसटी वृद्धि दर में महाराष्ट्र और गुजरात से आगे निकला उत्तर प्रदेश

## राजस्व में देश की उपलब्धि 11.7 तो यूपी की यूपी की वृद्धि दर 16 प्रतिशत पहुंची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● सचल इकाइयों को सख्त कर 21 फीसदी अधिक अर्थदंड वसूला




**अमृत विचारः** जीएसटी वृद्धि दर में भी यूपी ने महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक जैसे प्रदेश को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गया है। राज्यवार आंकड़ों के अनुसार यूपी की जीएसटी वृद्धि दर 16 प्रतिशत पहुंच गई है। जबकि 2023-24 में देश के जीएसटी राजस्व में भारत सरकार की उपलब्धि 11.7 प्रतिशत वृद्धि हुई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस बार शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य की पूर्ति के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है।

अफसरों ने बताया कि आर्थिक एवं औद्योगिक विकास की दृष्टि से महाराष्ट्र में 15 प्रतिशत, कर्नाटक में 15 प्रतिशत, तमिलनाडु में 13 प्रतिशत, गुजरात में 10 प्रतिशत, राजस्थान में 12 प्रतिशत, हरियाणा में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यही नहीं नियमित वास्तविक वैट संग्रह विगत वित्तीय वर्ष के सापेक्ष 5.4 फीसदी अधिक हो गई है। अफसरों ने बताया कि विभाग द्वारा राजस्व चोरी रोकने के लिए सचल दल इकाइयों को सख्त किया गया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 में 603.93 करोड़ आरोपित कर एवं अर्थडंड जमा कराया गया, जो विगत वर्ष संगत अवधि तक 498.61 करोड़ आरोपित जमा अर्थदंड से 21 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार वित्तीय अनुशासन इकाइयों द्वारा 874.50 करोड़ जमा कराया गया है। जो गत वर्ष मार्चतक कजमा राजस्व 439.90 करोड़ से 98.8 प्रतिशत अधिक है।

### 1.5 लाख करोड़ का लक्ष्य, 73.6 फीसदी वसूली

2023-24 के लिए विभाग को 1.5 लाख करोड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष 73.6 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया। वित्त विभाग द्वारा प्रकाशित प्रदेश के सभी सकल कर राजस्व की औसत लक्ष्य पूर्ति 74.3 प्रतिशत है। राज्य कर विभाग का जीएसटी एवं वैट की सम्मिलित लक्ष्य पूर्ति भी इसके समकक्ष है। सम्मिलित रूप से राज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी एवं वैट के नियमित राजस्व से गत वर्ष से तुलनात्मक रुपए 14,790 करोड़ अधिक अर्थात 16.2 प्रतिशत अधिक राजस्व जमा किया गया है।

# 240 लाख एमटी आलू का उत्पादन तेज भाव से निर्यात को हुआ नुकसान

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



● दो माह बाद 30 से 35 रुपये किलो तक दाम पहुंचने की संभावना

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में 2023-24 में 6.96 लाख हेक्टेयर में 240 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ है। इसमें 136 लाख मीट्रिक टन (77 फीसद) कोल्ड स्टोर (शीतगृह) में भंडारित हो चुका है। लेकिन, बाजार में आलू की उपलब्धता न होने के कारण भाव तेज है। इस वजह से कोल्ड स्टोर बंद नहीं हो पाए कि किसान आलू का भंडारण करने के साथ निकासी कर उत्तर प्रदेश के अलावा चेन्नई, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तिरुवनंतपुरम, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में बेचने लगे हैं। यहां अच्छे दाम मिलता देख निर्यात पर जोर नहीं है। बढ़े भाव की वजह इस बार आलू का कम उत्पादन होना और पिछले वर्ष कम दाम के कारण डंप न होना है। जबकि पिछले वर्ष 6.94 लाख हेक्टेयर में 242 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ था। दो माह बाद 30 से 35 रुपये किलो तक दाम पहुंचने की संभावना है।

### वर्तमान में आलू का भाव

थोक : 850-1100 रुपये (55 किलो पैकेट)
फुटकर : 20-25 रुपये किलो

### कानपुर, आगरा और अलीगढ़ में अधिक पैदावार

आगरा मंडल में 46 लाख, कानपुर मंडल में 32.24 लाख व अलीगढ़ मंडल में 18.91 लाख मीट्रिक टन आलू का भंडारण हुआ है। इन मंडलों में अधिक पैदावार हुई है। जबकि सहारनपुर में 50,281, मेरठ 5,23,827, बरेली 6,42,284, मुरादाबाद 5,15,734, प्रयागराज 4,83,660, झांसी 11,172, चित्रकूट 1048, वाराणसी 2,37,764, मिर्जापुर 4,865 व आजमगढ़ मंडल में 65,620 एमटी भंडारण हुआ है।

आलू का भाव तेज है। इसलिए किसान शुरुआत से ही बिक्री में लगे हैं। पिछले वर्ष से कम उत्पादन हुआ है, जिससे पूरे वर्ष अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। **-कौशल कुमार नीरज**
उप निदेशक (आलू) उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 84,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,900-55,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,000 |
| चांदी पक्की | 793 (अनुमानित) |

## मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग की नई भर्तियों की मंशा 3% गिरी

मुंबई, एजेंसी

● समूचे उद्योग जगत की भर्ती मंशा में सालाना 6% की बढ़त

चालू साल की पहली छमाही में मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में पढ़ाई कर निकले युवाओं को भर्ती करने की मंशा में तीन प्रतिशत की गिरावट आई है।

टीमलीज एडटेक की तरफ से जनवरी-जून 2024 के लिए जारी करियर परिदृश्य रिपोर्ट कहती है कि मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में युवाओं की भर्ती करने के मामले में अन्य उद्योगों के उलट रुझान दिखा रहा है। अगर समूचे उद्योग जगत की भर्ती मंशा को देखें तो इसमें सालाना आधार पर छह प्रतिशत की बढ़त हुई है। यह रिपोर्ट देश के 18 विभिन्न उद्योगों से संबंधित 526 छोटी, मझोली एवं बड़ी कंपनियों के बीच कराए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में भर्ती के रुझान में भी शहरों में नौकरी की भूमिकाओं के लिए अलग-अलग प्राथमिकताएं पाई गईं। वीडियो संपादन में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दिल्ली का दबदबा रहा जबकि बेंगलुरु 23 प्रतिशत के साथ उत्पादन सहायकों में आगे है।

## सेंसेक्स ने 75,000 अंक को किया पार, निफ्टी ने भी उच्चस्तर छुआ

**मुंबई।** शेयर बाजारों में तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 59 अंक के नुकसान में रहा। शुरुआती कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स एक समय पहली बार 75,000 अंक के स्तर को पार कर गया था। वहीं निफ्टी ने भी नया सर्वकालिक उच्चस्तर छुआ था। सेंसेक्स 58.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,683.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 381.78 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 75,124.28 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 23.55 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,642.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 102.1 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ उच्चतम स्तर 22,768.40 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

## पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक, सीईओ ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** मुश्किलों में घिरी भुगतान कंपनी पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुरिंदर चावला ने इस्तीफा दे दिया है। चावला ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है जब पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) आरबीआई की सख्त कार्रवाई का सामना कर रही है। पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने मंगलवार को शेयर बाजार को इस इस्तीफे की सूचना दी। कंपनी ने कहा, चावला ने व्यक्तिगत कारणों और बेहतर करियर की संभावनाएं तलाशने के लिए आठ अप्रैल को इस्तीफा दे दिया।

## जनवरी-मार्च में घरों की बिक्री 68% बढ़कर हुई 1.1 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान मूल्य के लिहाज से घरों की बिक्री 68% बढ़कर 1.11 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। रियल एस्टेट ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर के अनुसार इस दौरान प्रमुख शहरों में मात्रा और मूल्य दोनों के लिहाज से तेजी रही। प्रॉपटाइगर डॉट कॉम की तिमाही रिपोर्ट रियल इनसाइट रेजिडेंशियलः जनवरी-मार्च 2024 में कहा कि मूल्य के लिहाज से आवास बिक्री इस साल जनवरी-मार्च में 1,10,880 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 66,155 करोड़ थी। आरईए इंडिया के समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) और प्रॉपटाइगर डॉट कॉम के कारोबार प्रमुख विकास वधावन ने कहा, घरों की बिक्री में मात्रा और मूल्य, दोनों लिहाज से वृद्धि समग्र अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि सीमेंट और इस्पात सहित 200 से अधिक सहायक उद्योग इस पर निर्भर हैं। पहली तिमाही में आवास बिक्री 63 प्रतिशत बढ़कर 16.2 करोड़ वर्ग फुट हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 9.9 करोड़ वर्ग फुट थी।

## राष्ट्रीय

# प्राथमिकी रद कराने कोर्ट पहुंची एनआईए

## भूपतिनगर मामलः प. बंगाल पुलिस के कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण की भी गुजारिश

कोलकाता, एजेंसी



● ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी तथा महिला का शील भंग करने का लगाया है आरोप

एनआईए ने विस्फोट मामले की जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर में छापा मारने गए अपने अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने का अनुरोध करते हुए मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंची।

एनआईए के वकील अरूण कुमार मोहंती ने कहा कि न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने एनआईए को दिन में भोजनावकाश के बाद सत्र में आवेदन दायर करने और अदालत में जाने की अनुमति दी। याचिका में पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा एनआईए अधिकारियों के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण की भी गुजारिश की गयी है। शनिवार को पूर्व मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में भीड़ ने एनआईए अधिकारियों पर कथित तौर पर हमला किया था, जिसमें एक अधिकारी घायल हो गया था। ये अधिकारी दिसंबर, 2022 के एक विस्फोट मामले के सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लौट रहे थे। दिसंबर, 2022 में हुए इस विस्फोट में तीन लोगों की जान चली गयी थी। भूपतिनगर में एनआईए अधिकारियों की शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गयी। साथ ही, कुछ ग्रामीणों की शिकायत पर एनआईए अधिकारियों के खिलाफ भी मामला शुरू किया गया। इन ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी तथा एक महिला का शील भंग करने का आरोप लगाया है।

### एनआईए अधिकारी को जारी किया समन

**कोलकाता।** प. बंगाल पुलिस ने मंगलवार को एनआईए के उस अधिकारी को समन जारी किया है, जो पूर्व मेदिनीपुर जिले में पिछले हफ्ते छापेमारी के दौरान उनकी टीम पर हुए कथित हमले में घायल हो गए थे। पुलिस ने अधिकारी को 11 अप्रैल को भूपतिनगर पुलिस थाने में जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। एक अधिकारी ने बताया कि भूपतिनगर पुलिस थाने के जांच अधिकारी ने एनआईए से शनिवार को हुए हमले के दौरान क्षतिग्रस्त वाहन को भी साथ लाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि वे वाहन की फोरेंसिक जांच कराना चाहते हैं। पुलिस अधिकारी ने एनआईए अधिकारियों पर हमले के संबंध में भूपतिनगर के तीन ग्रामीणों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। उस दौरान जांच एजेंसी के अधिकारी पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में साल 2022 में हुए विस्फोट के संबंध में दो मुख्य साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने गये थे, लेकिन लोगों ने टीम पर कथित तौर पर हमला कर दिया था। इस विस्फोट में तीन लोग मारे गये थे। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया कि एनआईए के अधिकारी को पुलिस थाने में 11 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा है। हमने उस वाहन को भी लाने के लिए कहा है जो इस कथित हमले में क्षतिग्रस्त हो गया था।

## द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी जाफर एवं अन्य लोगों के परिसर पर छापेमारी

**चेन्नई।** ईडी ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और अन्य के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत तमिलनाडु के कई शहरों में मंगलवार को छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि निदेशालय के अधिकारी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की मदद से धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत राज्य की राजधानी चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में 25 परिसर की तलाशी ले रहे हैं। इस दौरान कुछ दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सादिक, फिल्म निर्देशक अमीर और कुछ अन्य लोगों के परिसर पर छापेमारी की जा रही है।

# टीएमसी नेताओं ने 24 घंटे बाद दिल्ली में थाने के सामने प्रदर्शन किया समाप्त

नई दिल्ली, एजेंसी




निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर धरने के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने 24 घंटे के बाद मंगलवार शाम को मंदिर मार्ग पुलिस थाने के समक्ष अपना धरना सामप्त कर दिया। सौरभ भारद्वाज और दिलीप पांडे समेत आप नेताओं ने तृणमूल नेताओं के साथ मुलाकात की और समर्थन दिया।

तृणमूल के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को निर्वाचन आयोग की पीठ से मुलाकात की और मांग की कि ईडी, सीबीआई, एनआईए और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदला जाए क्योंकि वे सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। तृणमूल नेताओं ने बाद में घोषणा की कि वे आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठ रहे हैं।

### टीएमसी का धरना ध्यान भटकाने की कोशिश : भाजपा

कोलकाता। भाजपा ने टीएमसी नेताओं के दिल्ली में निर्वाचन आयोग के कार्यालय बाहर धरने को मंगलवार को 'नाटक' करार दिया और दावा किया कि यह लोकसभा चुनाव से पहले उसके नेताओं के 'कुकर्मों' से ध्यान भटकाने की कोशिश है। टीएमसी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने धरने के दौरान हिरासत में ले लिया था। उन्होंने मंदिर मार्ग थाने में मंगलवार को सुबह अपना धरना जारी रखा। भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने कहा, टीएमसी नेता असली मुद्दों से बचने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर तमाशा खड़ा कर रहे हैं। अगर उन्हें कोई शिकायत है तो वे अदालत का रुख कर सकते हैं।

### एक नजर

#### नफरत भरे भाषणों पर प्राथमिकी दर्ज कर करें सूचित : बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के विधायकों नीतीश राणे, गीता जैन और टी राजा के नफरत भरे भाषणों के रिकॉर्डिंग की व्यक्तिगत जांच करने के बाद प्राथमिकी दर्ज होने पर अदालत को सूचित करने के लिए मुंबई और पड़ोसी मीरा भायंदर पुलिस आयुक्तों को निर्देश दिये हैं। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने सोमवार को पुलिस को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिया कि 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर कोई सांप्रदायिक हिंसा न हो और कानून-व्यवस्था सामान्य रहे।

#### लिव-इन में रहने वाले युवक ने खुदकुशी की

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले के थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी सोसाइटी में लिव- इन रिलेशनशिप में रहने वाले एक युवक ने 'पार्टनर' से हुए झगड़े के बाद कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि गौर सिटी सोसाइटी में रहने वाले प्रशांत का अपने 'पार्टनर' से सोमवार को झगड़ा हो गया जिसके बाद महिला फ्लैट से कहीं चली गई।

## चंडीगढ़ के पार्क में महिला को जिंदा जलाया, आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

● युवती ने पीजीआईएमईआर में उपचार के दौरान दम तोड़ा

चंडीगढ़ के पार्क में एक व्यक्ति ने अपनी महिला मित्र को आग के हवाले कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आरोपी की पहचान विशाल के रूप में हुई है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। घटना सेक्टर 35 पेट्रोल पंप से सटे पार्क में सोमवार रात को घटी।

पुलिस ने बताया कि वहां से गुजर रहे व्यक्ति ने चीख-पुकार सुनी और पार्क में महिला को आग की लपटों में देखा, जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मौके से भाग निकला। मृतका की उम्र 28 वर्ष के आस-पास थी और वह मोहाली के सोहना की रहने वाली थी। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में यह खुलासा हुआ है कि उसके और विशाल के बीच प्रेम संबंध थे। घटना में युवती 80 फीसदी तक झुलस गयी थी। उसे आनन-फानन में सेक्टर 16 के गवर्नमेंट मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे पीजीआईएमईआर स्थानांतरित कर दिया गया। सेक्टर 36 थाने के प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया, युवती ने मंगलवार को पीजीआईएमईआर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। प्रकाश ने बताया, हमने मुकदमा दर्ज कर विशाल को गिरफ्तार कर लिया, जो मोहाली के खरार कस्बे का रहने वाला है। अदालत ने उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है।

### फिरौती के लिए 4 साल की बच्ची का अपहरण, हत्या

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के मोती नगर में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपने पड़ोसी की चार वर्षीय बेटी का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि 30 वर्षीय आरोपी की पहचान अजीत कुमार के रूप में हुई है जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, अजीत ने अपने घर के बाहर खेल रही बच्ची का अपहरण करने के एक दिन बाद उसे रिहा करने के बदले पांच लाख की फिरौती मांगी थी। अजीत बच्ची की तलाश में जुटे परिजनों और पुलिस के साथ था। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने कहा कि मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे किराने की दुकान पर फिरौती का फोन आया, जिसमें पांच लाख की मांग की। तकनीकी निगरानी पर अजीत कुमार पर संदेह हुआ। उससे पूछताछ की गई और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों से उसका सामना कराया गया तो उसने अपराध कबूल कर लिया।

## मप्र : बैतूल से बसपा प्रत्याशी की मौत, चुनाव प्रक्रिया रुकी

बैतूल (मप्र), एजेंसी

मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में बसपा उम्मीदवार की मौत के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया रद्द कर दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला कलेक्टर नरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत, चुनाव प्रक्रिया रोक दी गई है और 26 अप्रैल को होने वाला मतदान स्थगित कर दिया गया है। रघुवंशी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले शाम को मध्यप्रदेश के बैतूल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे बसपा के उम्मीदवार अशोक भलावी का मंगलवार को निधन हो गया है। निजी अस्पताल चलाने वाले डॉ. मनीष लश्करे ने कहा कि बसपा नेता को दिल का दौरा पड़ा और जब उन्हें अस्पताल लाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### द्रविड़ आंदोलन के अगुआ वीरप्पन का निधन

**चेन्नई।** द्रविड़ आंदोलन के शीर्ष नेताओं में एक और तमिल फिल्मों के दिग्गज निर्माता आरएम वीरप्पन का मंगलवार को निजी अस्पताल में उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं से 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वीरप्पन, पूर्व मुख्यमंत्री एमजी रामचन्द्रन और जानकी रामचन्द्रन व जे. जयललिता की सरकार में मंत्री पद पर रहे थे।

## भर्ती घोटाले में कोर्ट ने बंगाल सरकार से 23 तक फैसला करने के लिए कहा

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को प. बंगाल के मुख्य सचिव को राज्य में स्कूल नौकरी घोटाला मामले में कई आरोपियों पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के संबंध में 23 अप्रैल तक निर्णय लेने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई जो हाईकोर्ट के आदेश पर घोटाले की जांच कर रहा है, उसका मंजूरी देने के लिए आवेदन लंबित है। कोर्ट ने कहा कि यदि अभियोजन एजेंसी को इसी परिस्थिति में काम करना है, तो क्या उसके पास समान अवसर होंगे? देरी पर नाखुशी व्यक्त करते हुए न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मुख्य सचिव को 23 अप्रैल तक स्कूल नौकरी घोटाला मामले में आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने पर 'स्वतंत्र और सकारात्मक' निर्णय लेने का निर्देश दिया।

## हरियाणा में कांग्रेस को मिली ताकत बीरेंद्र सिंह की घर वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी



पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह भाजपा से एक दशक पुराना रिश्ता खत्म कर मंगलवार को फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह पार्टी में उनकी सिर्फ 'घर वापसी' नहीं है, विचारधारा की वापसी है। उनकी पत्नी व पूर्व विधायक प्रेमलता भी कांग्रेस में शामिल हुईं।

बीरेंद्र सिंह और उनकी पत्नी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, महासचिव रणदीप सुरजेवाला, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान और कुछ अन्य नेताओं की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण की। सिंह ने कहा, मेरा कांग्रेस में शामिल होना न सिर्फ घर वापसी है, बल्कि ये विचारधारा की वापसी भी है। मैं ये बात इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मैंने मान्यताओं को निभाया है। देश में नेताओं के लिए व्यावहारिक रूप से कुछ गरिमा व मान्यताएं हैं, जिन्हें निभाना चाहिए, क्योंकि मान्यताओं को निभाने से ही हमारा देश मजबूत होगा।

# चुनाव लड़ने वाले के लिए हर चल संपत्ति की घोषणा करना आवश्यक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति को अपने या अपने परिवार के अधीन वाली हर उस चल संपत्ति के विवरण का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं, जो मतदान के फैसले को प्रभाव नहीं करता हो।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार ने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के 2019 में हुए चुनाव में तेजू क्षेत्र से बतौर निर्दलीय जीत दर्ज करने वाले कारिखो क्रि के चुनाव की वैधता की पुष्टि एक स्पष्टीकरण के साथ करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर आधारित होने की वजह से उसके इस आदेश को मिसाल नहीं माना जाएगा।

किसी भी मतदाता का किसी उम्मीदवार के निजी जीवन में झांकने का अधिकार नहीं है। उम्मीदवार के लिए ऐसी प्रकृति की चल संपत्ति का खुलासा किया जाना आवश्यक है जो उक्त मतदान को प्रभावित करने की क्षमता रखता हो।

गुवाहाटी हाईकोर्ट की ईटानगर पीठ ने पिछले साल क्रि के चुनाव को अमान्य घोषित करते हुए रद्द कर दिया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पलट कर दिया। क्रि ने उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। निर्दलीय उम्मीदवार श्री क्रि के निर्वाचन को कांग्रेस उम्मीदवार नुनी तायांग ने चुनौती दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि श्री क्रि ने अपने चुनाव नामांकन पत्र के साथ दिए गए हलफनामे में गलत घोषणाएँ की थीं।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 05 | 191 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 05 | 186 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 04 | 09 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| अर्शदीप सिंह (पंजाब किंग्स) | 05 | 08 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +1.528 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +0.775 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.666 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.344 |
| पंजाब किंग्स | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | −0.196 |
| गुजरात टाइटंस | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | −0.797 |
| मुंबई इंडियंस | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | −0.704 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | −0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | −1.370 |

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी राजस्थान रॉयल्स

**जयपुर, एजेंसी**

अब तक अपराजेय राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग में खराब दौर से जूझ रही गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उतरेगी तो यशस्वी जायसवाल पर अच्छी पारी खेलने का दबाव होगा। रॉयल्स की शुरूआत शानदार रही है जिसने चार में से चारों मैच जीते हैं, लेकिन भारतीय टीम के लिये शानदार प्रदर्शन करने वाले जायसवाल चार मैचों में सिर्फ 39 रन ही बना सके हैं। उनके सलामी जोड़ीदार जोस बटलर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ नाबाद शतक जमाकर फॉर्म में वापसी की है।

कप्तान संजू सैमसन ने चार मैचों में 178 रन बनाये हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। रॉयल्स के लिये इस सत्र की खोज रियान पराग रहे हैं। गुवाहाटी के इस हरफनमौला ने अब तक 185 रन बना लिये हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। शिमरोन हेटमायेर और ध्रुव जुरेल को मध्यक्रम में अच्छी पारियां खेलनी होगी। राजस्थान के पास ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के रूप में उम्दा तेज गेंदबाज हैं जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। रविचंद्रन अश्विन का खराब फॉर्म हैरानी का सबब है जिन्होंने अभी तक चार मैचों में एक ही विकेट लिया है। दूसरी ओर गुजरात टाइटंस ने अभी तक पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाये हैं। शुभमन गिल की टीम हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी लेकिन रॉयल्स के खिलाफ यह आसान नहीं होगा। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ खराब प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों को बेहतर खेल दिखाना होगा। गिल ने अभी तक पांच मैचों में 183 रन बनाये हैं। उनके सलामी जोड़ीदार बी साइ सुदर्शन अभी तक अर्धशतक नहीं बना सके हैं। गेंदबाजी में मोहित शर्मा और उमेश यादव ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पंजाब किंग्स के शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा जैसे बल्लेबाजों के सामने वे कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## महिला पैराग्लाइडर की गिरकर मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के बैजनाथ उपमंडल के अंतर्गत बीर बिलिंग फ्लाइंग रेंज में पैराग्लाइडिंग करते समय एक महिला पैराग्लाइडर की मौत हो गई। मृतक रितु चोपड़ा पत्नी भारतीय वायु सेना के पूर्व विंग कमांडर आशुतोष चोपड़ा निवासी सेक्टर 25 नोएडा, गौतमबुद्धनगर बीड में पैराग्लाइडिंग कर रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। पीड़िता ने अचानक क्राफ्ट पर नियंत्रण खो दिया और वह जमीन पर गिर गई।

# सनराइजर्स हैदराबाद ने मैच जीता लेकिन पंजाब ने लोगों का दिल

**पंजाब किंग्स के शशांक सिंह ने नाबाद 46 और आशुतोष शर्मा ने नाबाद 33 रनों की पारी खेलकर अंत तक मैच का रोमांच बनाया**

### नितीश के अर्धशतक और गेंदबाजों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब को 2 रनों से हराया




अर्शदीप सिंह

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

नितीश कुमार रेड्डी की 64 रन और अब्दुल समद की 25 रनों की तूफानी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 23वें मैच में पंजाब किंग्स को दो रन से हरा दिया है।

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत खराब रही और कमिंस ने जॉनी बेयरस्टो को शून्य पर बोल्ड कर दिया। इसके बाद प्रभसिमरन सिंह चार रन भुवनेश्वर का शिकार बन गये। कप्तान शिखर धवन भी 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। 10वें ओवर में सैम करेन 29 रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद उनादकट ने सिकंदर रजा को 28 रन पर आउट कर दिया। जितेश शर्मा 19 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने नाबाद 46 रन बनाये। वहीं आशुतोष शर्मा 33 बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 180 रन ही बना सकी। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार को दो विकेट मिले। पैट कमिंस, थंगारसु नटराजन, नितीश कुमार रेड्डी और जयदेव उनादकट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया था। महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। हैदराबाद ने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड 21 रन का विकेट खो दिया। इसी ओवर में ऐडन मार्करम भी बिना खाता खोल ही पवेलियन लौट गये। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये नितीश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। पांचवें ओवर में अभिषेक शर्मा 16 रन बनाकर चलते बने। राहुल त्रिपाठी 11 रन, हेनरिक क्लासेन नौ रन, कप्तान पैट कमिंस तीन रन बनाकर आउट हुये। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह ने चार विकेट झटके। हर्षल पटेल और सैम करेन को दो-दो विकेट मिले।



नितीश कुमार रेड्डी

**हैदराबाद 182/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड का धवन बो अर्शदीप सिंह | 21 | 15 | 4/0 |
| अभिषेक शर्मा का शशांक सिंह बो करेन | 16 | 11 | 2/1 |
| ऐडन मार्करम का जितेश बो अर्शदीप | 00 | 02 | 0/0 |
| नितीश कुमार रेड्डी का रबाडा बो अर्शदीप | 64 | 37 | 4/5 |
| राहुल त्रिपाठी को जितेश शर्मा बो पटेल | 11 | 14 | 1/0 |
| हेनरिक क्लासेन का करन बो पटेल | 09 | 09 | 1/0 |
| अब्दुल समद का पटेल बो अर्शदीप | 25 | 12 | 5/0 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 14 | 07 | 1/1 |
| पैट कमिंस बो रबाडा | 03 | 04 | 0/0 |
| भुवनेश्वर कुमार का बेयरस्टो बो करेन | 06 | 08 | 0/0 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 06 | 01 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** कागिसो रबाडा 4-0-32-1, अर्शदीप सिंह 4-0-29-4, सैम करेन 4-0-41-2, हर्षल पटेल 4-0-30-2, हरप्रीत बरार 4-0-48-0

**पंजाब 180/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 02

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धवन स्टंप क्लासेन बो भुवनेश्वर | 14 | 16 | 2/0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो कमिंस | 00 | 03 | 0/0 |
| प्रभसिमरन का नितीश बो भुवनेश्वर | 04 | 06 | 1/0 |
| सैम करेन का कमिंस बो नटराजन | 29 | 22 | 2/2 |
| सिकंदर का क्लासेन बो उनादकट | 28 | 22 | 2/2 |
| शशांक सिंह नाबाद | 46 | 25 | 6/1 |
| जितेश का अभिषेक बो नितीश | 19 | 11 | 1/1 |
| आशुतोष शर्मा नाबाद | 33 | 15 | 3/2 |

**गेंदबाज :** भुवनेश्वर कुमार 4-1-32-2, पैट कमिंस, 4-0-22-1, थंगारसु नटराजन 4-0-33-1, नितीश कुमार रेड्डी 3-0-33-1, जयदेव उनादकट 4-0-49-1, शाहबाज अहमद 1-0-10-0

## खेल डायरी

### पाकिस्तान के सहायक कोच बनेंगे अजहर महमूद

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला अजहर महमूद को सभी प्रारूपों में टीम का सहायक कोच बनाया जा सकता है। महमूद को न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू हो रही घरेलू शृंखला के लिये अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया। बोर्ड ने अभी तक विदेशी कोचों आस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी और दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन के साथ दीर्घकालीन अनुबंध का ऐलान नहीं किया है। गिलेस्पी टेस्ट क्रिकेट में मुख्य कोच होंगे जबकि कर्स्टन सफेद गेंद के प्रारूप में यह जिम्मा संभालेंगे। तीनों प्रारूपों में महमूद को सहायक कोच बनाया जा सकता है।

### तीन टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी इंग्लैंड टीम

**लंदन।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को ऐलान किया कि उनकी टीम 28 नवंबर से तीन टेस्ट के दौरे पर न्यूजीलैंड जायेगी। शृंखला का पहला मैच क्राइस्ट चर्च में खेला जायेगा जबकि दूसरा मैच छह दिसंबर से वेलिंगटन और तीसरा 14 दिसंबर से हैमिल्टन में होगा। दोनों टीमों की टेस्ट शृंखला में टक्कर पिछले साल फरवरी मार्च में हुई थी और दो मैचों की शृंखला ड्रॉ रही थी। न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट एक रन से और इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 267 रन से जीता था। ये तीनों टेस्ट विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे।

### जोकोविच ने उम्रदराज खिलाड़ी फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा

**लंदन।** नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर का एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया और एटीपी टूर की कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग में नंबर एक पर रहने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच अगले महीने 37 वर्ष के हो जायेंगे। फेडरर जून 2018 में जब आखिरी दिन रैंकिंग में शीर्ष पर थे तब वह जोकोविच से छोटे थे। जोकोविच को शीर्ष पर कुल 420 सप्ताह हो गए जबकि फेडरर 310 सप्ताह तक नंबर एक पर थे। जोकोविच ने पुरुष टेनिस के इतिहास में सर्वाधिक 24 ग्रैंडस्लैम जीते हैं। फेडरर के नाम 20 और रफेल नडाल के नाम 22 खिताब हैं। कोच गोरान इवानीसेविच से अलग होने के बाद जोकोविच पहला टूर्नामेंट 26 मई से फ्रेंच ओपन खेलेंगे। आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन यानिक सिनेर सोमवार को जारी रैंकिंग में दूसरे जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज तीसरे नंबर पर हैं।

### भारतीय दौड़ में लेकिन नेपोम्नियाश्चि प्रबल दावेदार

**टोरंटो।** कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में मुकाबले अभी ही शुरू हुए हैं लेकिन भारत के आर प्रज्ञानानंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती का प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है। ये तीनों खिताब के दावेदार नहीं थे लेकिन गुकेश और प्रज्ञानानंदा ने शुरुआती कठिन मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजराती के बारे में हालांकि यह बात नहीं कही जा सकती जो एक सप्ताह पहले भारतीयों में सबसे प्रबल दावेदार था। टूर्नामेंट के 14 में से चार दौर हो गए हैं और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि चार में से तीन अंक लेकर शीर्ष पर हैं। प्रतिबंध के कारण वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने गुजराती और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया। अमेरिका के फेबियानो कारूआना और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं।

### भारतीय महिला टेनिस टीम की विजयी शुरुआत

**चांग्शा।** भारतीय महिला टेनिस टीम ने मंगलवार को पेसिफिक ओशिनिया को 3-0 से हराकर बिली जीन किंग कप 2024 एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में आज खेले गये मुकाबले में रुतुजा भोसले और अंकिता रैना ने अपने-अपने एकल मैच जीते, वहीं प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति युगल मुकाबले में विजयी रहे। रैना ने पहले सेट में लगातार 10 अंक जीतकर अपना दबदबा कायम किया और एक घंटे नौ मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। महिला युगल मुकाबले में प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति ने 51 मिनट तक चले मुकाबले में पैसिफिक ओशिनिया की मेहेतिया बूसी और रूबी कॉफिन की जोड़ी को 6-1, 6-3 से हराया। भारतीय टेनिस टीम बुधवार को मेजबान चीन से भिड़ेगी। चीनी टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ अपना पहला मैच भी 2-1 से जीता।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 में आमिर, इमाद की टीम में वापसी

**लाहौर, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और बाएं हाथ के स्पिनर इमाद वसीम की 18 अप्रैल से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की शृंखला के लिए पाकिस्तान की 17 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है। दस दिन तक चलने वाली इस शृंखला के तीन मैच रावलपिंडी जबकि दो मैच लाहौर में खेले जाएंगे।

स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद इंग्लैंड में कुछ समय के लिए जेल की सजा भी काटने वाले आमिर ने पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2020 में खेला था और फिर दुनिया भर में टी20 लीग में खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने तत्कालीन कोच मिसबाह उल हक और वकार यूनिस के साथ मतभेद के कारण यह कदम उठाया था। स्पिन ऑलराउंडर इमाद ने नवंबर 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था लेकिन बोर्ड और चयनकर्ताओं के मनाने के बाद उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन किया और उनकी टीम खिताब जीतने में सफल रही। मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल रज्जाक, असद शाफिक, वहाब रियाज और बिलाल अफजल की मौजूदगी वाली चयन समिति ने उस्मान खान, इरफान खान नियाजी और स्पिनर अबरार अहमद जैसे युवा खिलाड़ियों को भी टीम में जगह दी है।

**पाकिस्तानी टीम**

बाबर आजम (कप्तान), मुहम्मद रिजवान, उस्मान खान, इमाद वसीम, फखर जमां, मोहम्मद आमिर, सईम अयूब, शादाब खान, इरफान खान नियाजी, इफ्तिखार अहमद, आजम खान, शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, जमान खान, अब्बास अफरीदी, अबरार अहमद और उसामा मीर।

## हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

**पर्थ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचों की शृंखला के तीसरे मैच में बुधवार को जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण इस शृंखला में भारत को पहले मैच में 1-5 और दूसरे में 2-4 से पराजय का सामना करना पड़ा। मनदीप सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और सुखजीत को मौकों को भुनाना होगा। भारतीय कोच क्रेग फुल्टोन ने पहले दो मैचों में अलग रणनीति आजमाने की कोशिश की। चौथा मैच 12 अप्रैल को और पांचवां 13 अप्रैल को खेला जायेगा।

# ऐश्वर्या का चैंपियनशिप का कांस्य पदक रजत में बदलेगा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**


शीर्ष भारतीय एथलीट ऐश्वर्या मिश्रा का एशियाई चैंपियनशिप 2023 की 400 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक रजत पदक में बदलेगा क्योंकि इस स्पर्धा में शुरुआत में दूसरे स्थान पर रही उज्बेकिस्तान की फरीदा सोलियेवा डोप परीक्षण में विफल रही हैं।



पिछले साल बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 13 जुलाई को लिए गए सोलियेवा के मूत्र के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम पाया गया है और डोपिंग से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघ की इकाई एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने उस तारीख से उनके सभी नतीजों को अमान्य कर दिया है। एआईयू ने कहा, ''एआईयू ने प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी/इस्तेमाल के लिए 13 सितंबर 2023 से फरीदा सोलियेवा को तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया है। 13 जुलाई 2023 से उनके सभी नतीजों को अमान्य किया जाता है।'' सोलियेवा 52.95 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं थी जबकि ऐश्वर्या ने 53.07 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था।

# बॉलीवुड हलचल

## ‘देवरा: पार्ट 1’ देखकर गर्व होगा : एनटीआर




**10 अक्टूबर को रिलीज होगा पहला भाग**

**मुंबई, एजेंसी।** मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म ‘ ’देवरा : पार्ट 1’ ’ को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ‘ ’देवरा : भाग 1’ ’ पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि ‘देवरा’ का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, ‘ ’देवारा’ ’ दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका पहला भाग 10 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होगा। इस फिल्म का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया गया है, और छायांकन आर रत्नावेलु द्वारा किया गया है।

## 11 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म ‘बड़े मियां छोटे मियां’

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार-टाइगर श्राफ की फिल्म ‘बड़े मियां छोटे मियां’ 11 अप्रैल को रिलीज होगी। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म ‘बड़े मियां छोटे मियां’ को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। ‘बड़े मियां छोटे मियां में’ अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल हैं। ‘बड़े मियां छोटे मियां’ पहले 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। अब इस फिल्म के रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। चूंकि भारत में 11 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी, इसलिए दर्शकों के लिए इसे खास बनाने के लिए निर्माताओं ने त्योहार के दिन ही फिल्म रिलीज करने का फैसला किया है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा, अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 11 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। इस फिल्म में स्टार अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर प्रमुख हैं।



## अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करेंगे बॉबी देओल

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है।बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने भी उसके लिए अपनी स्वीकृति दे दी। फिल्म की कहानी दुष्कर्म के झूठे आरोप में फंसे एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है। निर्माताओं की योजना अगले महीने से इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# प्राचीन इतिहास की आलोचना नहीं कर सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

● एनएसए अतीत डोभाल बोले-भारत की सभ्यताओं में से एक है प्राचीनता



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने भारतीय इतिहास को लेकर कहा कि देश के इतिहास को लेकर कोई सवाल नहीं उठा सकता है, यहां तक की भारत के आलोचक भी नहीं।

एनएसए अजीत डोभाल ने यह बयान मंगलवार को दिल्ली में 'प्राचीन भारत का इतिहास' पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम के दौरान दिया। डोभाल ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय इतिहास के बारे में कुछ ऐसे सवाल थे जिन पर आपके आलोचकों सहित किसी ने भी सवाल नहीं उठाया। पहली इसकी प्राचीनता है कि यह सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है और शायद मानव जीवन विकसित हो चुका था और समाज ने खुद को बहुत ऊपर तक परिपूर्ण कर लिया था। अब, यह किसने किया? क्या वे मूल लोग थे या वे बाहर से आए थे, वे इसके बारे में पक्षपाती हो सकते हैं, लेकिन वे सभी मानते हैं कि यह प्राचीन सभ्यता है। भारतीय सभ्यता की दूसरी विशेषता का उल्लेख करते हुए डोभाल ने 'निरंतरता' पर बल दिया। उन्होंने कहा कि दूसरा निरंतरता है।

यानी अगर इसकी शुरुआत 4000 या 5000 साल पहले हुई तो यह आज तक लगातार जारी है। उसमें कोई व्यवधान नहीं है। तीसरी विशेषता इसका विशाल विस्तार था। यह कोई छोटा-मोटा गांव नहीं था जो आपको किसी विकसित द्वीप या उस जैसी किसी जगह पर मिलता हो। यह ऑक्सस नदी से लेकर संभवतः दक्षिण पूर्व एशिया और अन्य स्थानों तक है, जहां सभ्यता के पदचिह्न स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। डोभाल ने आगे कहा कि 'राष्ट्रीयता के सदस्य वे लोग हैं जो इतिहास की सामान्य समझ, अतीत में हमारे पूर्वजों की उपलब्धियों की सामान्य समझ और अपने भविष्य के लिए एक समान दृष्टि साझा करते हैं। इस विचार में विश्वास करने वाले सभी लोग हमारे राष्ट्र की एकता में योगदान देते हैं। डोभाल ने इसके अलावा इस बात पर जोर दिया कि अलेक्जेंडर की भारत यात्रा भारतीय इतिहास में एक घटना नहीं थी, बल्कि पश्चिमी इतिहास के लिए एक महत्वपूर्ण घटना थी।

# भारत के साथ पनडुब्बियां बनाएगा जर्मनी, बढ़ेंगे संबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारत में जर्मनी के राजदूत ने भारत जर्मनी के रिश्तों को प्रगाढ़ करने पर दिया जोर



भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा कि जर्मन सरकार छह नई पारंपरिक पनडुब्बियों के निर्माण के लिए भारतीय नौसेना के साथ बातचीत कर रही है, जिसमें जर्मन फर्म थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम एक के रूप में भारतीय मझगांव डॉकयाड्र्स लिमिटेड के साथ साझेदारी कर रही है।

फिलिप एकरमैन ने कहा कि मैं कह सकता हूं जर्मनी भारत में उच्च तकनीक वाली पनडुब्बियां बनाने के लिए एक भारतीय डॉकयार्ड के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है और जर्मन सरकार चल रही बातचीत का पूरे दिल से समर्थन कर रही है। प्रक्रिया अभी भी जारी है और निर्णय भारत को लेना है। यह कहा जा सकता है कि यह परियोजना पहले से ही हमारी रक्षा साझेदारी को गति दे रही है। जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा कि छह अरब यूरो से अधिक की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना के लिए जर्मन फर्म थिसेनक्रुप और स्पेनिश फर्म क्रमशः एमडीएल और लार्सन एंड टुब्रो के साथ साझेदारी कर रही हैं। एकरमैन ने कहा कि जर्मनी का भारत और इंडो-पैसिफिक के प्रति बदलाव बहुत ठोस कार्यों में दिखाई दे रहा है।

# ऐ दिल है मुश्किल का गाया गीत, चुनौती स्वीकार कर खुशी नागर ने पा ली जीत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● मुंबई में सोनी टीवी के कार्यक्रम में सोरों की खुशी ने लहराया परचम



**अमृत विचार :** फिल्म ऐ दिल मुश्किल का गीत, ऐ दिल है यार बुलिया गाने की चुनौती मिली तो सोरों की खुशी ने सहजता से स्वीकार कर ली। हालांकि यह उसके लिए लीक से हटकर गीत था, लेकिन उसने इतने अच्छे तरीके से गाया कि जजों से लेकर सभी लोग मुग्ध हो गए। मुंबई में सोनी टीवी के संगीतमय कार्यक्रम में खुशी नागर की जीत ने निर्णायक दानिश को स्त्री कपड़ों में नृत्य करने की सजा भी दिलवा दी। अब खुशी के पक्ष में सोनी टीवी की वेबसाइट पर शनिवार से वोटिंग शुरू होगी। मूलरूप से कस्बा सोरों के रहने वाले मुकेश नागर 20 वर्ष से दिल्ली में रहकर रेडीमेड कपड़े का कार्य करते हैं। उनकी बेटी 14 वर्षीय खुशी नागर को बचपन से ही संगीत में रुचि रही। अपने स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गायन से वाहवाही लूटी।

फिर धीमे-धीमे कदम बढ़ाते हुए पिछले महीने सोनी टीवी के सुपर स्टार सिंगर कार्यक्रम में जगह बनाई। अब इंडियन आइडल में हिस्सा लेने जा रही है। सोमवार को मुख्य जज नेहा कक्कड़ की निगरानी में चुनौती कार्यक्रम हुआ। इसमें सहयोगी निर्णायक गायक मोहम्मद दानिश ने खुशी को ऐ दिल है यार बुलिया गाने की चुनौती दी। खुशी ने ऐसी प्रस्तुति दी कि अन्य निर्णायकों ने उसे विजेता घोषित कर दिया।

## एक नजर

### नेपाल में राजशाही बहाली की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़े

**काठमांडू।** नेपाल में राजशाही बहाल करने की मांग कर रहे सैकड़ों प्रदर्शनकारियों की राजधानी काठमांडू में पुलिस के साथ झड़प हो गई। वर्ष 2008 में सत्ता से हटाए गए पूर्व राजा ज्ञानेंद्र के समर्थकों ने प्रधानमंत्री और अन्य प्रमुख सरकारी विभागों के कार्यालयों तक पहुंचने के लिए अवरोधकों को तोड़ने का प्रयास किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठियां चलाई और पानी की बौछार की। बता दें, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विरोध प्रदर्शन का आह्वान ज्ञानेंद्र का समर्थन करने वाली राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने किया था।

### रूस का दावा, 24 घंटे में यूक्रेन के 480 से अधिक सैनिकों की मौत

**मॉस्को।** रूस ने दावा किया है कि यूक्रेन के पिछले 24 घंटों में 480 से अधिक सैनिक मारे गए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा है कि, रूसी सशस्त्र बलों ने यूक्रेन के क्षेत्र अवदीवका की तरफ 11 जवाबी हमले किए हैं और डोनेट्स्क की दिशा में चार जवाबी हमले किए हैं। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि यूक्रेन के सशस्त्र बलों के 480 से अधिक सैन्य कर्मी मारे गए हैं और सात सैन्य वाहनों को नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि यूक्रेन ने अवदीवका की तरफ में 240 सैनिक और दक्षिण डोनेट्स्क में 110 सैनिकों की मौत हुई है।

### जबरन धर्मांतरण को लेकर मौलवी को पद से हटाया, जांच समिति गठित

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड ने कथित जबरन धर्म परिवर्तन को लेकर एफआईआर दर्ज होने के कुछ दिनों बाद हजरतबल दरगाह के मौलवी को पद से हटा दिया है और उनकी भूमिका की जांच के लिए एक जांच समिति का गठन किया है। जुमात-उल-विदा को एक वीडियो में एक गैर-स्थानीय को इस्लाम में परिवर्तित होते और श्रीनगर के हजरतबल मंदिर में कलमा पढ़ते हुए दिखाया गया। पुलिस ने उसी दिन विभिन्न धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की, जिसमें आरोप लगाया गया कि श्रीनगर के एक निवासी ने अपने घरेलू नौकर जो गैर-स्थानीय व्यक्ति है, को इस्लाम में परिवर्तित होने के लिए मजबूर किया।


### जेल में बंद इमरान खान पर हर माह खर्च हो रहे 12 लाख रुपये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सुरक्षा को लेकर जेल अधिकारियों ने बड़ा खुलासा किया है। रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद इमरान खान की सुरक्षा पर लगभग 1.2 मिलियन यानी 12 लाख रुपये से अधिक का भारी मासिक बिल खर्च हो रहा है। जेल अधीक्षक द्वारा लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) को एक रिपोर्ट सौंपी गई है। इमरान को कई विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इसमें 50 हजार रुपये का एक अलग सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल किया गया है, जो 7 हजार अन्य कैदियों की निगरानी करता है। इमरान खान का खाना सहायक अधीक्षक की निगरानी में एक अलग से स्वच्छ रसोईघर में तैयार किया जाता है।

# अगर कोई हमारे स्वाभिमान को ठेस पहुंचाएगा तो मुंहतोड़ जवाब देंगे

## चीन सीमा के पास रैली में राजनाथ की दो टूक-स्थानों के नाम बदलने से कुछ नहीं होता

नामसाई, एजेंसी



तमिलनाडु के मदुरै में मीनाक्षी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद महंतों से भेंट करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अरुणाचल प्रदेश के नामसाई में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश पूर्वी निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार तापिर गाओ के समर्थन में रोड शो किया।

उन्होंने कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश के तीन स्थानों के नाम बदल दिए हैं और अपनी वेबसाइट पर पोस्ट कर दिए हैं। मैं अपने पड़ोसी को बताना चाहता हूं कि नाम बदलने से कुछ नहीं होने वाला है। अगर कल हम चीन के कुछ प्रांतों और कुछ राज्यों के नाम बदल दें, तो क्या ऐसा करने से वे क्षेत्र भारत का हिस्सा बन जायेंगे? रक्षा मंत्री ने कहा कि हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं लेकिन अगर कोई भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो आज भारत उसका जवाब देने की ताकत रखता है। रक्षा मंत्री ने अरुणाचल प्रदेश के लोगों की भी सराहना की और उन्हें रणनीतिक संपत्ति बताया। बोले- इसलिए हमारे हृदय में आप सभी के प्रति विशेष प्रेम और सम्मान की भावना है। जब भी चीन से युद्ध हुआ तो आपकी जो भूमिका रही, उसे पूरा भारत कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा, मेरी बहनो और भाइयो, भारत हमेशा आपका ऋणी रहेगा। यह हम सभी का घर है। सरकारी ग्लोबल टाइम्स अखबार ने 31 मार्च को अपनी खबर में कहा था कि चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने जंगनान में मानकीकृत भौगोलिक नामों की चौथी सूची जारी की है। चीन अरुणाचल प्रदेश को जंगनान कहता है और उस पर दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में दावा करता है। पिछले साल अप्रैल में भी जब चीन ने अरुणाचल के 11 स्थानों के लिए अपने मानकीकृत नामों की तीसरी सूची जारी की थी तो भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।

### आज के भारत के पास जवाब देने की ताकत

चुनावी रैली में चीन की करतूत पर दो टूक जवाब देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर भारत चीन के कुछ जगहों और कुछ प्रांतों के नाम बदल दें तो क्या वो भारत का हिस्सा बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। बावजूद इसके, अगर कोई हमारे सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो आज के भारत में जवाब देने की ताकत है।

## कनाडाः गोलीबारी में भारतीय मूल के कारोबारी की मौत

**ओटावा।** सोमवार को कनाडा के दक्षिण एडमोंटन शहर में गोलीबारी हुई। इस घटना में एक भारतीय मूल के युवक सहित दो लोगों की मौत हो गई। भारतीय मूल के व्यक्ति की पहचान एडमोंटन स्थित गिल बिल्ट होम्स के मालिक बूटा सिंह गिल के रूप में की गई है। घटना की जानकारी देते हुए एडमोंटन शहर की पुलिस ने कहा, सोमवार को दक्षिण-पश्चिम शाखा के गश्ती अधिकारियों ने कैवनघ बुलेवार्ड एसडब्ल्यू और चेर्नियक वे एसडब्ल्यू के क्षेत्र से गोलीबारी की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी थी।

पुलिस ने आगे कहा कि अधिकारियों के पहुंचने पर तीन घायल पुरुषों का पता चला। जिसमें से दो पुरुष, एक 49 वर्षीय और एक 57 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु पाया गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने दो मृत घोषित कर दिया, वहीं एक घायल का उपचाराधीन है। पुलिस ने कहा कि शवोंपरीक्षण के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा, जिसमें एक भारतीय मूल का करोबारी युवक भी शामिल है। मामले की जांच की जा रही है।

# भारत के दुश्मनों की हत्याओं पर अमेरिका का टिप्पणी से इनकार

वाशिंगटन, एजेंसी

● पाकिस्तान ने भारत पर लगाए थे आतंकियों की हत्याओं के आरोप



बीती साल पाकिस्तान में हुईं भारत के दुश्मनों की हत्याओं पर पड़ोसी देश ने इसका आरोप भारत पर लगाया है, लेकिन भारत ने इन आरोपों से साफ इनकार कर दिया। अब इसे लेकर अमेरिका ने दोनों देशों को बातचीत के जरिए समाधान ढूंढने की अपील की।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पाकिस्तान के आरोपों को लेकर सवाल किया गया। इस पर मैथ्यू मिलर ने कहा कि 'इस मुद्दे पर हम नजर बनाए हुए हैं। हम आरोपों पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। हम इस मामले में नहीं पड़ना चाहते, लेकिन हम दोनों पक्षों को बातचीत के जरिए समाधान खोजने के लिए प्रेरित करते हैं।' ब्रिटिश मीडिया की कुछ रिपोर्ट्स में पाकिस्तान के आरोपों की खबर प्रकाशित की गई है। हालांकि भारत ने इन रिपोर्ट्स को भ्रामक और झूठा प्रोपेगैंडा फैलाने वाली खबर बताया है। इन रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ ने विदेशी धरती पर देश के दुश्मनों को निशाना बनाया। 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद से अब तक 20 ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें अज्ञात हमलावरों ने भारत के दुश्मनों को विदेशी धरती पर निशाना बनाया।

मीडिया रिपोर्ट्स में कथित तौर पर भारत और पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि भारत सरकार विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकवादियों की हत्या करा रही है। ब्रिटिश मीडिया को पाकिस्तान ने भी कुछ कथित सबूत मुहैया कराए हैं, जिनमें गवाहों के बयान, गिरफ्तारी के रिकॉर्ड, वित्तीय लेन-देन के सबूत आदि शामिल हैं।

रिपोर्ट में विदेशों में खालिस्तानी आतंकियों की हत्या के पीछे भी भारत का हाथ बताया गया है। ब्रिटिश मीडिया के अनुसार, भारत को विदेश में अपने दुश्मनों की हत्याएं करने के लिए इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद और रूसी खुफिया एजेंसी केजीबी से प्रेरणा मिली है।

## भक्तों का जनसैलाब



श्रीनगर : चैत्र नवरात्र शुरू होने पर माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए मंगलवार को भक्तों का तांता लगा रहा। दरबार में हाजिरी लगाने हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पहले दिन पवित्र गुफा में शत चंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया। त्रिकुटा पहाड़ी के ऊपर सभी के लिए सद्भाव और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए नौ दिन पवित्र अनुष्ठान किया जाएगा। वहीं प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से एक बजे तक एमएच1 श्रद्धा चैनल पर हवन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। 2023 के पहले तीन महीनों के मुकाबले इस साल 77838 ज्यादा भक्तों ने दर्शन किया है। ● एजेंसी

## छत्तीसगढ़ में बस खाई में गिरी, 11 की मौत, 20 घायल

**दुर्ग (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में मंगलवार को एक बस खाई में गिर गई, जिसमें सवार 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य 20 लोग घायल हुए हैं।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुम्हारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत खपरी गांव के पास अनियंत्रित बस 40 फुट गहरी खाई में गिर गई। घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। केडिया डिस्टिलरीज की बस में लगभग 30 कर्मचारी सवार थे। पुलिस के मुताबिक, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया।

# अमेरिका में बीते माह से लापता भारतीय छात्र का शव बरामद

न्यूयॉर्क, एजेंसी

● एक हफ्ते में यह दूसरी घटना आईटी में मास्टर्स की पढ़ाई करने गया था हैदराबाद का छात्र

अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई है। दरअसल बीते महीने लापता हुए भारतीय छात्र मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव मिला है। मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव अमेरिका के क्लीवलैंड से बरामद हुआ है। एक हफ्ते में यह दूसरी घटना है, जब किसी भारतीय छात्र की अमेरिका में मौत हुई है।

मोहम्मद अब्दुल अरफात भारत के हैदराबाद के नचारम का निवासी था और वह बीते साल मई में क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी में मास्टर्स की पढ़ाई करने अमेरिका आया था। परिवार से आखिरी बार 7 मार्च को हुई थी बात अरफात के पिता मोहम्मद सलीम ने बताया कि अरफात से उनकी आखिरी बार 7 मार्च को बात हुई थी, उसके बाद से परिवार के साथ उसका कोई संपर्क नहीं था। उसका मोबाइल फोन भी बंद था।' अरफात के साथ रह रहे युवक ने अरफात के पिता को बताया था कि उन्होंने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। 19 मार्च को अरफात के परिवार को एक अज्ञात कॉल आया, जिसमें कहा गया कि अरफात का ड्रग्स बेचने वाले गैंग ने अपहरण कर लिया है और उन्होंने उसे छोड़ने के एवज में 1200 अमेरिकी डॉलर की मांग की। कॉल भरी धमकी में फिरौती की रकम नहीं देने पर वे अरफात की किडनी बेच देंगे।

## डब्ल्यूएफआई के निलंबन पर खेल मंत्रालय से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने निलंबन के खिलाफ भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की याचिका पर जवाब देने का केंद्र सरकार को निर्देश दिया है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने केंद्रीय खेल और युवा कार्य मंत्रालय को नोटिस जारी करके चार सप्ताह के भीतर याचिका पर जवाब देने के लिए कहा है।

मामले की अगली सुनवाई 28 मई को होगी। बता दें, केंद्र ने 24 दिसंबर 2023 को चुनाव के बाद डब्ल्यूएफआई को फैसले लेते समय अपने ही संविधान के प्रावधानों का पालन नहीं करने की वजह से निलंबित कर दिया था। सीनियर एडवोकेट डी कृष्णन ने कहा कि अनिश्चित काल के लिए निलंबित पर कोई कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया गया।

**विज्ञान** अब सुलझेगी सूर्य के कोरोना की अबूझ पहेली, पूर्ण सूर्यग्रहण देखने भारत से कई वैज्ञानिक भी पहुंचे टैक्सास और मैक्सिको

# 54 वर्ष बाद सूर्य के तेज पर पड़ी अंधकार की छाया

नैनीताल कार्यालय



एरीज के वैज्ञानिकों ने पूर्ण सूर्यग्रहण की तस्वीर को कैमरे में किया कैद।

**अमृत विचार :** सूर्य के कोरोना के रहस्य को समझने के लिए पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान दुनियाभर के सौर वैज्ञानिक उत्तरी अमेरिका में एकत्र हुए। 54 वर्ष बाद वैज्ञानिकों की उम्मीद जगी है कि यह सूर्यग्रहण सूर्य कोरोना के भीतरी रहस्य को समझने में मददगार साबित हो सकता है।

ध्यान रहे पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान ही सूर्य के कोरोना को देखा जा सकता है। सूर्यग्रहण अध्ययन के लिए भारत से कई वैज्ञानिक टैक्सास व मैक्सिको पहुचे थे। जिनमें आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान के वैज्ञानिकों की टीम भी पहुची हुई थी। एरीज के वैज्ञानिकों ने बीती रात पूर्ण सूर्यग्रहण के तस्वीरों को कमरे में कैद किया। इन तस्वीरों से आगे का अध्ययन किया जाएगा। वैज्ञानिकों ने पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका के टेक्सास में सूर्य ग्रहण की पल पल की तस्वीरों को कैमरे मे कैद किया। इन तस्वीरों से सूर्य की उच्च आवृत्तियों पर आंतरिक कोरोना की गतिशीलता को समझने मे मदद मिलेगी। साथ ही कोरोना की गतिविधियों को समझा जा सकेगा। इस अध्ययन में एरीज के साथ अमेरिका में कार्यरत भारतीय मूल के सौर विज्ञानी भी शामिल रहे। यह दुर्लभ सूर्यग्रहण था और वैज्ञानिक दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण घटना थी। पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान हरी उत्सर्जन कही जाने वाली लाइन में सौर कोरोना के एक उच्च-ताल नैरोबैंड की प्रत्येक तस्वीरों को कैमरे मे कैद किया है। इससे सूर्य के कोरोना के उच्च-आवृत्ति दोलन और परिवर्तनीय घटनाओं की जांच की जा सकेगी।

वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि यह अध्ययन सूर्य के बारे में कूछ नए रहस्य उजागर कर सकेगा। जिसका आगे की जांच में पता चलेगा। प्रो दीपांकर बनर्जी के साथ डा एस. कृष्णा प्रसाद व डा टी.एस. कुमार के अलावा अमेरिका में कार्यरत भारत के पूर्व छात्र रितेश पटेल, सुभमोय चटर्जी और विभूति कुमार झा अध्ययन में शामिल हुए थे। उधर भारतीय तारा भौतिकी संस्थान बंगलुरू के पूर्व खगोलविद प्रो आरसी कपूर भी इस अभियान मे शामिल थे।

### टेक्सास के बाउल स्टेडियम में 10 हजार लोगों का उमड़ा हुजूम

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक प्रो. दीपांकर बनर्जी ने सूर्य ग्रहण अध्ययन की जानकारी देते हुए बताया कि टेक्सास कॉटन डलास के बाउल स्टेडियम में दस हजार से अधिक लोग सूर्यग्रहण अवलोकन के लिए कई देशों से पहुचे हुए थे। जिनमें वैज्ञानिकों समेत पेशवर लोग शामिल हुए थे, जो अपनी दूरबीनों के साथ मौजूद थे। यह स्थल अंतराष्ट्रीय स्तर का सार्वजनिक आउटरीच कार्यक्रम भी था। यह ग्रहण दुर्लभ था। जिसे देखने के लिए दुनियाभर के लोग उत्तरी अमेरिका पहुचे हुए थे। वैज्ञानिक दृष्टि से इसका बड़ा महत्व था। जिस कारण दुनिया के लगभग सभी देशों के सौर विज्ञानी पहुचे हुए थे।

# गाजा में मानवीय संकट अस्वीकार, रोकें युद्ध

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने गाजा में चल रहे इजराइल-हमास संघर्ष के कारण उत्पन्न मानवीय संकट को बिल्कुल अस्वीकार्य बताया है। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव को सकारात्मक कदम बताया जिसमें रमजान के महीने में तत्काल युद्धविराम की मांग की गई है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में सोमवार को विचार व्यक्त करते हुए भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि हम गाजा में चल रहे संघर्ष से बेहद परेशान हैं। रुचिरा कंबोज ने कहा कि इससे मानवीय संकट गहरा गया है और क्षेत्र व उसके बाहर अस्थिरता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 25 मार्च को एक प्रस्ताव को अपनाने को सकारात्मक कदम के रूप में देखता है। इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष में बड़े पैमाने पर नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान गई है।

उन्होंने कहा कि इससे उपजा मानवीय संकट पूरी तरह से अस्वीकार्य है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पिछले महीने अपनाए गए प्रस्ताव में रमजान के महीने के लिए तत्काल युद्धविराम की मांग की गई थी। इसका सभी पक्षों से सम्मान करने की बात कही गई थी, जिससे एक स्थायी युद्धविराम हो सके। कंबोज ने कहा कि आतंकवाद के सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों के विरुद्ध भारत का दीर्घकालिक और समझौता न करने वाला रुख रहा है, हम सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग करते हैं।

### लोगों को तत्काल मानवीय सहायता उपलब्ध कराई जाए




रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत ने फलस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता उपलब्ध कराई और आगे भी करता रहेगा। हम इसके साथ पिछले वर्ष सात अक्टूबर को इजराइल के निरीह नागरिकों की हत्या की कड़ी निंदा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि गाजा पर लंबे समय से प्रतीक्षित प्रस्ताव को लागू किया जाना चाहिए, विफलता अक्षम्य होगी।